गोस्वामी तुलसीदासजीरचित

दोहावली

गीताप्रेस, गोरखपुर

॥ श्रीहरिः ॥

दोहावली

त्वमेव माता च पिता त्वमेव
त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव।
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव
त्वमेव सर्वं मम देवदेव॥

अनुवादक—हनुमानप्रसाद पोद्दार

॥ श्रीहरि: ॥

नम्र निवेदन

दोहावली प्रात:स्मरणीय भक्तकुल-चूड़ामणि गोस्वामी तुलसीदासकी प्रमुख कृतियोंमें है और भक्त-समाजमें इसका बहुत आदर है। गोस्वामीजीने अपनी अनुभूतियोंको बड़े ही भावपूर्ण दोहोंमें व्यक्त किया है। भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, सदाचार, प्रेम, नीति आदि विविध विषयोंपर इतने सरस दोहे गोस्वामीजीकी कृतियोंके अतिरिक्त शायद ही कहीं मिलें। भक्तकी प्रासादिक वाणीका आनन्द और मिल कहाँ सकता है?

भगवान्‌की असीम अनुकम्पासे ही उनके भक्तोंकी अमृतवाणीके रसास्वादनका सौभाग्य प्राप्त होता है। दोहावलीकी टीका लिखते समय मेरा कुछ समय श्रीरामचर्चामें बीता, इसका मुझे अपार आनन्द एवं परम सन्तोष है। वस्तुत: जितना समय भगवान् और उनके भक्तोंकी चर्चामें बीते उतना ही समय सफल और सार्थक समझा जाना चाहिये। टीका लिखते समय स्थान-स्थानपर स्वर्गीय लाला भगवानदीनकी टीकासे सहायता ली गयी है, जिसका आभार हम सविनय स्वीकार करते हैं। मेरे सम्मान्य पं० श्रीचिम्मनलालजी गोस्वामी, एम० ए०, शास्त्रीने टीकाको आदिसे अन्ततक देखा है तथा यथास्थान सुधारा और सँवारा है। उनके साथ मेरा प्रेमका सम्बन्ध है, अतएव उनके प्रति कृतज्ञता-ज्ञापन स्वयं मेरी ही दृष्टिमें अक्षम्य है।

इस टीकामें जो कुछ त्रुटि या दोष दीख पड़े, विज्ञ पाठक-पाठिकाएँ कृपापूर्वक मुझे सूचित कर दें तो अगले संस्करणमें सुधारा जा सकता है। संत, विद्वान् और महात्मागण मेरी इस धृष्टताके लिये क्षमा प्रदान करें।

विनीत—

अनुवादक

❑❑

विषय	पृष्ठ-संख्या
६१-प्रेममें प्रपंच बाधक है	६७
६२-अभिमान ही बन्धनका मूल है	६७
६३-जीव और दर्पणके प्रतिबिम्बकी समानता	६८
६४-भगवन्मायाकी दुर्ज्ञेयता	६८
६५-जीवकी तीन दशाएँ	६८
६६-सृष्टि स्वप्नवत् है	६९
६७-हमारी मृत्यु प्रतिक्षण हो रही है	६९
६८-कालकी करतूत	६९
६९-इन्द्रियोंकी सार्थकता	६९
७०-सगुणके बिना निर्गुणका निरूपण असम्भव है	७०
७१-निर्गुणकी अपेक्षा सगुण अधिक प्रामाणिक है	७०
७२-विषयासक्तिका नाश हुए बिना ज्ञान अधूरा है	७१
७३-विषयासक्त साधुकी अपेक्षा वैराग्यवान् गृहस्थ अच्छा है	७१
७४-साधुके लिये पूर्ण त्यागकी आवश्यकता	७१
७५-भगवत्प्रेममें आसक्ति बाधक है; गृहस्थाश्रम नहीं	७२
७६-संतोषपूर्वक घरमें रहना ही उत्तम है	७२
७७-विषयोंकी आशा ही दुःखका मूल है	७२
७८-मोह-महिमा	७३
७९-विषय-सुखकी हेयता	७३
८०-लोभकी प्रबलता	७३
८१-धन और ऐश्वर्यके मद तथा कामकी व्यापकता	७३
८२-मायाकी फौज	७४
८३-काम, क्रोध, लोभकी प्रबलता	७४
८४-काम, क्रोध, लोभके सहायक	७४
८५-मोहकी सेना	७४
८६-अग्नि, समुद्र, प्रबल स्त्री और कालकी समानता	७५
८७-स्त्री झगड़े और मृत्युकी जड़ है	७५
८८-उद्बोधन	७५
८९-गृहासक्ति श्रीरघुनाथजीके स्वरूपके ज्ञानमें बाधक है	७५
९०-काम-क्रोधादि एक-एक अनर्थकारक हैं फिर सबकी तो बात ही क्या है ?	७६
९१-किसके मनको शान्ति नहीं मिलती ?	७६
९२-ज्ञानमार्गकी कठिनता	७६
९३-भगवद्भजनके अतिरिक्त और सब प्रयत्न व्यर्थ हैं	७७
९४-संतोषकी महिमा	७७
९५-मायाकी प्रबलता और उसके तरनेका उपाय	७७
९६-गोस्वामीजीकी अनन्यता	७७
९७-प्रेमकी अनन्यताके लिये चातकका उदाहरण	७८
९८-एकांगी अनुरागके अन्य उदाहरण	८६
९९-मृगका उदाहरण	८६
१००-सर्पका उदाहरण	८७
१०१-कमलका उदाहरण	८७
१०२-मछलीका उदाहरण	८७
१०३-मयूरशिखा बूटीका उदाहरण	८८
१०४-अनन्यताकी महिमा	८९
१०५-गाढ़े दिनका मित्र ही मित्र है	८९
१०६-बराबरीका स्नेह दुःखदायक होता है	८९
१०७-मित्रतामें छल बाधक है	८९
१०८-वैर और प्रेम अंधे होते हैं	९०
१०९-दानी और याचकका स्वभाव	९१
११०-प्रेम और वैर ही अनुकूलता और प्रतिकूलतामें हेतु हैं	९१
१११-स्मरण और प्रिय भाषण ही प्रेमकी निशानी है	९१

विषय	पृष्ठ-संख्या
११२-स्वार्थ ही अच्छाई-बुराईका मानदण्ड है	९२
११३-संसारमें प्रेममार्गके अधिकारी बिरले ही हैं	९२
११४-कलियुगमें कपटकी प्रधानता	९२
११५-कपट अन्ततक नहीं निभता	९३
११६-कुटिल मनुष्य अपनी कुटिलताको नहीं छोड़ सकता	९३
११७-स्वभावकी प्रधानता	९४
११८-सत्संग और असत्संगका परिणामगत भेद	९५
११९-सज्जन और दुर्जनका भेद	९५
१२०-अवसरकी प्रधानता	९६
१२१-भलाई करना बिरले ही जानते हैं	९६
१२२-संसारमें हित करनेवाले कम हैं	९६
१२३-वस्तु ही प्रधान है, आधार नहीं	९७
१२४-प्रीति और वैरकी तीन श्रेणियाँ	९८
१२५-जिसे सज्जन ग्रहण करते हैं, उसे दुर्जन त्याग देते हैं	९८
१२६-प्रकृतिके अनुसार व्यवहारका भेद भी आवश्यक है	९८
१२७-अपना आचरण सभीको अच्छा लगता है	९९
१२८-भाग्यवान् कौन है?	९९
१२९-साधुजन किसकी सराहना करते हैं?	९९
१३०-संगकी महिमा	९९
१३१-मार्ग-भेदसे फल-भेद	१०२
१३२-भलेके भला ही हो, यह नियम नहीं है	१०२
१३३-विवेककी आवश्यकता	१०२
१३४-कभी-कभी भलेको बुराई भी मिल जाती है	१०३
१३५-सज्जन और दुर्जनकी परीक्षाके भिन्न-भिन्न प्रकार	१०३
१३६-नीच पुरुषकी नीचता	१०४
१३७-सज्जनकी सज्जनता	१०४
१३८-नीच-निन्दा	१०५
१३९-सज्जनमहिमा	१०५
१४०-दुर्जनोंका स्वभाव	१०५
१४१-नीचकी निन्दासे उत्तम पुरुषोंका कुछ नहीं घटता	१०६
१४२-गुणोंका ही मूल्य है, दूसरोंके आदर-अनादरका नहीं	१०६
१४३-श्रेष्ठ पुरुषोंकी महिमाको कोई नहीं पा सकता	१०६
१४४-दुष्ट पुरुषोंद्वारा की हुई निन्दा-स्तुतिका कोई मूल्य नहीं है	१०७
१४५-डाह करनेवालोंका कभी कल्याण नहीं होता	१०७
१४६-दूसरोंकी निन्दा करनेवालोंका मुँह काला होता है	१०७
१४७-मिथ्या अभिमानका दुष्परिणाम	१०८
१४८-नीचा बनकर रहना ही श्रेष्ठ है	१०८
१४९-सज्जन स्वाभाविक ही पूजनीय होते हैं	१०८
१५०-भूप-दरबारकी निन्दा	१०९
१५१-छल-कपट सर्वत्र वर्जित है	१०९
१५२-जगत्में सब सीधोंको तंग करते हैं	११०
१५३-दुष्ट-निन्दा	११०
१५४-कपटीको पहचानना बड़ा कठिन है	११३
१५५-कपटीसे सदा डरना चाहिये	११४
१५६-कपट ही दुष्टताका स्वरूप है	११४
१५७-कपटी कभी सुख नहीं पाता	११४
१५८-पाप ही दुःखका मूल है	११५
१५९-अविवेक ही दुःखका मूल है	११५
१६०-विपरीत बुद्धि विनाशका लक्षण है	११६

विषय	पृष्ठ-संख्या

१६१-जोशमें आकर अनधिकार कार्य करनेवाला पछताता है ११७
१६२-समयपर कष्ट सह लेना हितकर होता है ११७
१६३-भगवान् सबके रक्षक हैं ११८
१६४-लड़ना सर्वथा त्याज्य है ११८
१६५-क्षमाका महत्त्व ११८
१६६- क्रोधकी अपेक्षा प्रेमके द्वारा वशमें करना ही जीत है ११९
१६७-वीतराग पुरुषोंकी शरण ही जगत्के जंजालसे बचनेका उपाय है.... १२१
१६८-शूरवीर करनी करते हैं, कहते नहीं १२१
१६९-अभिमानके वचन कहना अच्छा नहीं १२२
१७०-दीनोंकी रक्षा करनेवाला सदा विजयी होता है.................. १२२
१७१-नीतिका पालन करनेवालेके सभी सहायक बन जाते हैं.... १२२
१७२-सराहने योग्य कौन है?........ १२२
१७३-अवसरपर चूक जानेसे बड़ी हानि होती है....................... १२३
१७४-समयका महत्त्व १२३
१७५-विपत्तिकालके मित्र कौन हैं? १२४
१७६-होनहारकी प्रबलता १२५
१७७-परमार्थप्राप्तिके चार उपाय १२५
१७८-विवेककी आवश्यकता.......... १२५
१७९-विश्वासकी महिमा............... १२५
१८०-बारह नक्षत्र व्यापारके लिये अच्छे हैं १२६
१८१-चौदह नक्षत्रोंमें हाथसे गया हुआ धन वापस नहीं मिलता १२६
१८२-कौन-सी तिथियाँ कब हानिकारक होती हैं?........... १२७
१८३-कौन-सा चन्द्रमा घातक समझना चाहिये?.............. १२७
१८४-किन-किन वस्तुओंका दर्शन शुभ है? १२७
१८५-सात वस्तुएँ सदा मंगलकारी हैं १२८
१८६-श्रीरघुनाथजीका स्मरण सारे मंगलोंकी जड़ है १२८
१८७-यात्राके समयका शुभ स्मरण. १२८
१८८-वेदकी अपार महिमा १२८
१८९-धर्मका परित्याग किसी भी हालतमें नहीं करना चाहिये १२९
१९०-दूसरेका हित ही करना चाहिये, अहित नहीं............................ १२९
१९१-प्रत्येक कार्यकी सिद्धिमें तीन सहायक होते हैं १२९
१९२-नीतिका अवलम्बन और श्रीरामजीके चरणोंमें प्रेम ही श्रेष्ठ है....... १३०
१९३-विवेकपूर्वक व्यवहार ही उत्तम है १३०
१९४-नेमसे प्रेम बड़ा है.............. १३१
१९५-किस-किसका परित्याग कर देना चाहिये १३१
१९६-सात वस्तुओंको रस बिगड़नेसे पहले ही छोड़ देना चाहिये... १३२
१९७-मनके चार कण्टक हैं १३२
१९८-कौन निरादर पाते हैं? १३२
१९९-पाँच दुःखदायी होते हैं......... १३२
२००-समर्थ पापीसे वैर करना उचित नहीं १३३
२०१-शोचनीय कौन हैं?.............. १३३
२०२-परमार्थसे विमुख ही अंधा है १३३
२०३-मनुष्य आँख होते हुए भी मृत्युको नहीं देखते.............. १३४
२०४-मूढ़ उपदेश नहीं सुनते १३४
२०५-बार-बार सोचनेकी आवश्यकता १३५
२०६-मूर्खशिरोमणि कौन हैं?........ १३५

॥ श्रीहरि: ॥

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ-संख्या
१-ध्यान	९
२-रामनाम-जपकी महिमा	९
३-रामप्रेमके बिना सब व्यर्थ है	१९
४-प्रार्थना	२०
५-रामकी और रामप्रेमकी महिमा	२०
६-उद्‌बोधन	२१
७-तुलसीदासजीकी अभिलाषा	२३
८-रामप्रेमकी महत्ता	२३
९-रामविमुखताका कुफल	२५
१०-कल्याणका सुगम उपाय	२८
११-श्रीरामजीकी प्राप्तिका सुगम उपाय	२८
१२-रामप्रेमके लिये वैराग्यकी आवश्यकता	२९
१३-शरणागतिकी महिमा	२९
१४-भक्तिका स्वरूप	३०
१५-कलियुगसे कौन नहीं छला जाता?	३०
१६-गोस्वामीजीकी प्रेम-कामना	३१
१७-रामभक्तके लक्षण	३२
१८-उद्‌बोधन	३२
१९-शिव और रामकी एकता	३३
२०-रामप्रेमकी सर्वोत्कृष्टता	३४
२१-श्रीरामकी कृपा	३५
२२-भगवान्‌की बाललीला	३७
२३-प्रार्थना	३९
२४-भजनकी महिमा	३९
२५-रामसेवककी महिमा	४२
२६-राममहिमा	४४
२७-रामभजनकी महिमा	४४
२८-रामप्रेमकी प्राप्तिका सुगम उपाय	४५
२९-रामप्राप्तिमें बाधक	४५
३०-रामकी अनुकूलतामें ही कल्याण है	४६
३१-श्रीरामकी शरणागत वत्सलता	४६
३२-प्रार्थना	५१
३३-रामराज्यकी महिमा	५२
३४-श्रीरामकी दयालुता	५३
३५-श्रीरामकी धर्मधुरन्धरता	५४
३६-श्रीसीताजीका अलौकिक प्रेम	५४
३७-श्रीरामकी कीर्ति	५४
३८-रामकथाकी महिमा	५५
३९-राममहिमाकी अज्ञेयता	५६
४०-श्रीरामजीके स्वरूपकी अलौकिकता	५६
४१-ईश्वरमहिमा	५७
४२-श्रीरामजीकी भक्तवत्सलता	५७
४३-सीता, लक्ष्मण और भरतके रामप्रेमकी अलौकिकता	५७
४४-भरतमहिमा	५८
४५-लक्ष्मणमहिमा	५९
४६-शत्रुघ्नमहिमा	६०
४७-कौसल्यामहिमा	६०
४८-सुमित्रामहिमा	६०
४९-सीतामहिमा	६०
५०-रामचरित्रकी पवित्रता	६१
५१-कैकेयीकी कुटिलता	६१
५२-दशरथमहिमा	६१
५३-जटायुका भाग्य	६२
५४-रामकृपाकी महत्ता	६४
५५-हनुमत्स्मरणकी महत्ता	६४
५६-बाहुपीड़ाकी शान्तिके लिये प्रार्थना	६५
५७-काशीमहिमा	६६
५८-शंकरमहिमा	६६
५९-शंकरजीसे प्रार्थना	६६
६०-भगवल्लीलाकी दुर्ज्ञेयता	६७

॥ श्रीसीतारामाभ्यां नमः ॥

दोहावली

ध्यान

राम बाम दिसि जानकी लखन दाहिनी ओर।
ध्यान सकल कल्यानमय सुरतरु तुलसी तोर॥

भावार्थ—भगवान् श्रीरामजीकी बायीं ओर श्रीजानकीजी हैं और दाहिनी ओर श्रीलक्ष्मणजी हैं—यह ध्यान सम्पूर्णरूपसे कल्याणमय है। हे तुलसी! तेरे लिये तो यह मनमाना फल देनेवाला कल्पवृक्ष ही है॥ १॥

सीता लखन समेत प्रभु सोहत तुलसीदास।
हरषत सुर बरषत सुमन सगुन सुमंगल बास॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीसीताजी और श्रीलक्ष्मणजीके सहित प्रभु श्रीरामचन्द्रजी सुशोभित हो रहे हैं, देवतागण हर्षित होकर फूल बरसा रहे हैं। भगवान्‌का यह सगुण ध्यान सुमंगल—परम कल्याणका निवासस्थान है॥ २॥

पंचबटी बट बिटप तर सीता लखन समेत।
सोहत तुलसीदास प्रभु सकल सुमंगल देत॥

भावार्थ—पंचवटीमें वटवृक्षके नीचे श्रीसीताजी और श्रीलक्ष्मणजी-समेत प्रभु श्रीरामजी सुशोभित हैं। तुलसीदासजी कहते हैं कि यह ध्यान सब सुमंगलोंको देता है॥ ३॥

रामनाम-जपकी महिमा

चित्रकूट सब दिन बसत प्रभु सिय लखन समेत।
राम नाम जप जापकहि तुलसी अभिमत देत॥

भावार्थ—श्रीसीताजी और श्रीलक्ष्मणजीसहित प्रभु श्रीरामजी

चित्रकूटमें सदा-सर्वदा निवास करते हैं। तुलसीदासजी कहते हैं कि वे राम-नामका जप जपनेवालेको इच्छित फल देते हैं॥ ४॥

पय अहार* फल खाइ जपु राम नाम षट मास।
सकल सुमंगल सिद्धि सब करतल तुलसीदास॥

भावार्थ—छः महीनेतक केवल दूधका आहार करके अथवा फल खाकर राम-नामका जप करो। तुलसीदासजी कहते हैं कि ऐसा करनेसे सब प्रकारके सुमंगल और सब सिद्धियाँ करतलगत हो जायँगी (अर्थात् अपने-आप ही मिल जायँगी)॥ ५॥

राम नाम मनिदीप धरु जीह देहरीं द्वार।
तुलसी भीतर बाहेरहुँ जौं चाहसि उजिआर॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि यदि तू भीतर और बाहर दोनों ओर प्रकाश (लौकिक एवं पारमार्थिक ज्ञान) चाहता है तो मुखरूपी दरवाजेकी देहलीपर राम-नामरूपी [हवाके झोंके अथवा तेलकी कमीसे कभी न बुझनेवाला नित्य प्रकाशमय] मणिदीप रख दो (अर्थात् जीभके द्वारा अखण्डरूपसे श्रीराम-नामका जप करता रह)॥ ६॥

हियँ निर्गुन नयनन्हि सगुन रसना राम सुनाम।
मनहुँ पुरट संपुट लसत तुलसी ललित ललाम॥

भावार्थ—हृदयमें निर्गुण ब्रह्मका ध्यान, नेत्रोंके सामने प्रथम तीन दोहोंमें कथित सगुण स्वरूपकी सुन्दर झाँकी और जीभसे सुन्दर राम-नामका जप करना। तुलसीदासजी कहते हैं कि यह ऐसा है मानो सोनेकी सुन्दर डिबियामें मनोहर रत्न सुशोभित हो। श्रीगुसाईंजीके मतसे 'राम'

---

* किसी-किसी प्रतिमें 'पय अन्हाइ' पाठ मिलता है; जिसका अर्थ होगा '[चित्रकूटमें स्थित] पयस्विनी नदीमें स्नान करके'। 'पय अहार' और 'फल खाइ' पाठ लेनेसे 'अहार' और 'खाइ' में जो द्विरुक्ति प्रतीत होती है, उसीके निवारणके लिये सम्भवतः 'अहार' के स्थानमें 'अन्हाइ' संशोधन पीछेसे किया गया है। किंतु इस प्रकारके प्रयोग गोस्वामीजीने अन्यत्र भी किये हैं—देखिये रामचरितमानस, अयोध्याकाण्डका दोहा १८८—

पय अहार फल असन एक निसि भोजन एक लोग।
करत राम हित नेम ब्रत परिहरि भूषन भोग॥

नाम निर्गुण ब्रह्म और सगुण भगवान् दोनोंसे बड़ा है—'मोरें मत बड़ नाम दुहू तें' नामकी इसी महिमाको लक्ष्यमें रखकर यहाँ नामको रत्न कहा गया है तथा निर्गुण ब्रह्म और सगुण भगवान्को उस अमूल्य रत्नको सुरक्षित रखनेके लिये सोनेका सम्पुट (डिबियाके नीचे-ऊपरके भाग) बताया गया है॥ ७॥

सगुन ध्यान रुचि सरस नहिं निर्गुन मन ते दूरि।
तुलसी सुमिरहु रामको नाम सजीवन मूरि॥

भावार्थ—सगुणरूपके ध्यानमें तो प्रीतियुक्त रुचि नहीं है और निर्गुणस्वरूप मनसे दूर है (यानी समझमें नहीं आता)। तुलसीदासजी कहते हैं कि ऐसी दशामें रामनाम-स्मरणरूपी संजीवनी बूटीका सदा सेवन करो॥ ८॥

एकु छत्रु एकु मुकुटमनि सब बरननि पर जोउ।
तुलसी रघुबर नाम के बरन बिराजत दोउ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं—देखो, श्रीरघुनाथजीके नाम (राम)-के दोनों अक्षरोंमें एक 'र' तो (रेफके रूपमें) सब वर्णोंके मस्तकपर छत्रकी भाँति विराजता है और दूसरा 'म' (अनुस्वारके रूपमें) सबके ऊपर मुकुट-मणिके समान सुशोभित होता है॥ ९॥

नाम राम को अंक है सब साधन हैं सून।
अंक गएँ कछु हाथ नहिं अंक रहें दस गून॥

भावार्थ—श्रीरामजीका नाम अंक है और सब साधन शून्य (०) हैं। अंक न रहनेपर तो कुछ भी हाथ नहीं लगता, परंतु शून्यके पहले अंक आनेपर वे दसगुने हो जाते हैं (अर्थात् रामनामके जपके साथ जो साधन होते हैं, वे दसगुने लाभदायक हो जाते हैं), परंतु रामनामसे हीन जो साधन होता है वह कुछ भी फल नहीं देता॥ १०॥

नामु राम को कलपतरु कलि कल्यान निवासु।
जो सुमिरत भयो भाँग तें तुलसी तुलसीदासु॥

भावार्थ—कलियुगमें श्रीरामजीका नाम कल्पवृक्ष (मनचाहा

पदार्थ देनेवाला) है और कल्याणका निवास (मुक्तिका घर) है, जिसको स्मरण करनेसे तुलसीदास भाँगसे (विषयमदसे भरी और दूसरोंको भी विषयमद उपजानेवाली साधुओंद्वारा त्याज्य स्थितिसे) बदलकर तुलसीके समान (निर्दोष, भगवान्‌का प्यारा, सबका आदरणीय और जगत्‌को पावन करनेवाला) हो गया॥ ११॥

राम नाम जपि जीहँ जन भए सुकृत सुखसालि।
तुलसी इहाँ जो आलसी गयो आजु की कालि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जीभसे रामनामका जप करके लोग पुण्यात्मा और परम सुखी हो गये; परंतु इस नाम-जपमें जो आलस्य करते हैं, उन्हें तो आज या कल नष्ट ही हुआ समझो॥ १२॥

नाम गरीबनिवाज को राज देत जन जानि।
तुलसी मन परिहरत नहिं घुर बिनिआ की बानि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि गरीबनिवाज (दीनबन्धु) श्रीरामजीका नाम ऐसा है, जो जपनेवालेको भगवान्‌का निज जन जानकर राज्य (प्रजापतिका पद या मोक्ष-साम्राज्यतक) दे डालता है। परंतु यह मन ऐसा अविश्वासी और नीच है कि घूरे (कूड़ेके ढेर)-में पड़े दाने चुगनेकी ओछी आदत नहीं छोड़ता (अर्थात् गंदे विषयोंमें ही सुख खोजता है)॥ १३॥

कासीं बिधि बसि तनु तजें हठि तनु तजें प्रयाग।
तुलसी जो फल सो सुलभ राम नाम अनुराग॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि काशीजीमें (पापोंसे बचते हुए) विधिवत् निवास करके शरीर त्यागनेपर और तीर्थराज प्रयागमें हठसे शरीर छोड़नेपर जो मोक्षरूपी फल मिलता है, वह रामनाममें अनुराग होनेसे सुगमतासे मिल जाता है। [यही नहीं; अनुरागपूर्वक रामनामके जापसे तो मोक्षके आधार साक्षात् भगवान्‌की प्राप्ति हो जाती है]॥ १४॥

मीठो अरु कठवति भरो रौंताई अरु छेम।
स्वारथ परमारथ सुलभ राम नाम के प्रेम॥

भावार्थ—(१) मीठा पदार्थ (अमृत) भी हो और कठौता भरकर मिले, (२) राज्यादि अधिकार भी प्राप्त हों और क्षेमकुशल भी रहे (अर्थात् अभिमान और भोगोंसे बचकर रहा जाय) और (३) स्वार्थ भी सधे तथा परमार्थ भी सम्पन्न हो—ऐसा होना बहुत ही कठिन है; परंतु श्रीरामनामके प्रेमसे ये परस्परविरोधी दुर्लभ बातें भी सुलभ हो जाती हैं। (अर्थात् रामनाममें प्रेम होनेसे मधुर सुख भी मिलते हैं और वे दुःखरहित भरपूर होते हैं; राज्य भी मिल सकता है और उसमें अभिमान तथा विषयासक्तिका अभाव होनेके कारण गिरनेकी भी गुंजाइश नहीं रहती, पारमार्थिक स्थितिपर अचल रहते हुए भी राज्य-शासन किया जा सकता है और परमार्थ ही स्वार्थ बन जाता है)॥ १५॥

राम नाम सुमिरत सुजस भाजन भए कुजाति।
कुतरुक सुरपुर राजमग लहत भुवन बिख्याति॥

भावार्थ—रामनामका स्मरण करनेसे (गणिका एवं अजामिल आदि) नीच जाति या नीच स्वभाववाले भी सुन्दर कीर्तिके पात्र हो गये। स्वर्गके राजमार्ग (गंगाजीके तट)-पर स्थित बुरे वृक्ष भी त्रिभुवनमें ख्याति पा जाते हैं॥ १६॥

स्वारथ सुख सपनेहुँ अगम परमारथ न प्रबेस।
राम नाम सुमिरत मिटहिं तुलसी कठिन कलेस॥

भावार्थ—जिन लोगोंको सांसारिक सुख सपनेमें भी नहीं मिलते और परमार्थमें—मोक्षप्राप्तिके मार्गमें जिनका प्रवेश नहीं है, तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीरामनामका स्मरण करनेसे उनके भी कठिन क्लेश मिट जाते हैं (अर्थात् उनके स्वार्थ-परमार्थ दोनोंकी सिद्धि सहजहीमें हो जाती है)॥ १७॥

मोर मोर सब कहँ कहसि तू को कहु निज नाम।
कै चुप साधहि सुनि समुझि कै तुलसी जपु राम॥

भावार्थ—तू सबको मेरा-मेरा कहता है, परंतु यह तो बता कि

तू कौन है? और तेरा अपना नाम क्या है? तुलसीदासजी कहते हैं कि अब या तो तू इसको (नाम और रूपके रहस्यको) सुन और समझकर मौन हो जा (मेरा-मेरा कहना छोड़कर अपने स्वरूपमें स्थित हो जा) या श्रीरामजीका नाम जप॥ १८॥

हम लखि लखहि हमार लखि हम हमार के बीच।
तुलसी अलखहि का लखहि राम नाम जप नीच॥

भावार्थ—[एक साधनहीन 'अलखिया' साधु केवल 'अलख-अलख' चिल्लाया करता था, उसे फटकारते हुए तुलसीदासजी कहते हैं कि] तू पहले अपने स्वरूपको जान, फिर अपने यथार्थ 'अपने' ब्रह्मके स्वरूपका अनुभव कर। तदनन्तर अपने और ब्रह्मके बीचमें रहनेवाली मायाको पहचान। अरे नीच! [इन तीनोंको समझे बिना] तू उस अलख परमात्माको क्या समझ सकता है? अतः ['अलख-अलख' चिल्लाना छोड़कर] रामनामका जप कर॥ १९॥

राम नाम अवलंब बिनु परमारथ की आस।
बरषत बारिद बूँद गहि चाहत चढ़न अकास॥

भावार्थ—जो रामनामका सहारा लिये बिना ही परमार्थकी—मोक्षकी आशा करता है, वह तो मानो बरसते हुए बादलकी बूँदको पकड़कर आकाशमें चढ़ना चाहता है (अर्थात् जैसे वर्षाकी बूँदको पकड़कर आकाशपर चढ़ना असम्भव है, वैसे ही रामनामका जप किये बिना परमार्थकी प्राप्ति असम्भव है)॥ २०॥

तुलसी हठि हठि कहत नित चित सुनि हित करि मानि।
लाभ राम सुमिरन बड़ो बड़ी बिसारें हानि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी नित्य-निरन्तर बड़े आग्रहके साथ कहते हैं कि हे चित! तू मेरी बात सुनकर उसे हितकारी समझ। रामका स्मरण ही बड़ा भारी लाभ है और उसे भुलानेमें ही सबसे बड़ी हानि है॥ २१॥

बिगरी जनम अनेक की सुधरै अबहीं आजु।
होहि राम को नाम जपु तुलसी तजि कुसमाजु॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि तू कुसंगतिको और चित्तके सारे बुरे विचारोंको त्यागकर रामका बन जा और उनके नामका जप कर। ऐसा करनेसे तेरी अनेकों जन्मोंकी बिगड़ी हुई स्थिति आज अभी सुधर जा सकती है॥ २२॥

प्रीति प्रतीति सुरीति सों राम राम जपु राम।
तुलसी तेरो है भलो आदि मध्य परिनाम॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि तुम प्रेम, विश्वास और विधिके साथ (नामापराधोंसे बचते हुए) राम-राम-राम जपो; इससे तुम्हारा आदि, मध्य और अन्त तीनों ही कालोंमें कल्याण है॥ २३॥

दंपति रस रसना दसन परिजन बदन सुगेह।
तुलसी हर हित बरन सिसु संपति सहज सनेह॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि रस (रामनामका उच्चारण करते समय जिस मिठासका अनुभव होता है) और रसना (जीभ) पति-पत्नी हैं, दाँत कुटुम्बी हैं, मुख सुन्दर घर है, श्रीमहादेवजीके प्यारे 'रा' और 'म'—ये दोनों अक्षर दो मनोहर बालक हैं और सहज स्नेह ही सम्पत्ति है (परमार्थ-साधकको ऐसी ही गृहस्थी होनी चाहिये)॥ २४॥

बरषा रितु रघुपति भगति तुलसी सालि सुदास।
रामनाम बर बरन जुग सावन भादव मास॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीरघुनाथजीकी भक्ति वर्षा-ऋतु है, उत्तम सेवकगण (प्रेमी भक्त) धान हैं और रामनामके दो सुन्दर अक्षर ('रा' और 'म') सावन-भादोंके महीने हैं (अर्थात् जैसे वर्षा-ऋतुके श्रावण, भाद्रपद—इन दो महीनोंमें धान लहलहा उठता है, वैसे ही भक्तिपूर्वक श्रीरामनामका जप करनेसे भक्तोंको आत्यन्तिक सुख मिलता है)॥ २५॥

राम नाम नर केसरी कनककसिपु कलिकाल।
जापक जन प्रहलाद जिमि पालिहि दलि सुरसाल॥

भावार्थ—श्रीरामनाम नृसिंहभगवान् हैं, कलियुग हिरण्यकशिपु है और श्रीरामनामका जप करनेवाले भक्तजन प्रह्लादजीके समान हैं, जिनकी वह (रामनामरूपी नृसिंहभगवान्) देवताओंको दुःख देनेवाले हिरण्यकशिपुको (भक्तिके बाधक कलियुगको) मारकर रक्षा करेगा॥ २६॥

राम नाम कलि कामतरु राम भगति सुरधेनु।
सकल सुमंगल मूल जग गुरुपद पंकज रेनु॥

भावार्थ—कलियुगमें रामनाम मनचाहा फल देनेवाले कल्प-वृक्षके समान है, रामभक्ति मुँहमाँगी वस्तु देनेवाली कामधेनु है और श्रीसद्गुरुके चरणकमलकी रज संसारमें सब प्रकारके मंगलोंकी जड़ है॥ २७॥

राम नाम कलि कामतरु सकल सुमंगल कंद।
सुमिरत करतल सिद्धि सब पग पग परमानंद॥

भावार्थ—श्रीरामका नाम कलियुगमें कल्पवृक्षके समान है और सब प्रकारके श्रेष्ठ-से-श्रेष्ठ मंगलोंका परम सार है। रामनामके स्मरणसे ही सब सिद्धियाँ वैसे ही प्राप्त हो जाती हैं, जैसे कोई चीज हथेलीमें ही रखी हो और पद-पदपर परम आनन्दकी प्राप्ति होती है॥ २८॥

जथा भूमि सब बीजमय नखत निवास अकास।
राम नाम सब धरममय जानत तुलसीदास॥

भावार्थ—जैसे सारी धरती बीजमय है, सारा आकाश नक्षत्रोंका निवास (नक्षत्रमय) है, वैसे ही रामनाम सर्वधर्ममय है—तुलसीदास इस रहस्यको जानते हैं॥ २९॥

सकल कामना हीन जे राम भगति रस लीन।
नाम सुप्रेम पियूष ह्रद तिन्हहुँ किए मन मीन॥

भावार्थ—जो समस्त (भोग और मोक्षकी भी) कामनाओंसे रहित

हैं और श्रीरामजीके भक्तिरसमें डूबे हुए हैं, उन (नारद, वसिष्ठ, वाल्मीकि, व्यास आदि) महात्माओंने भी रामनामके सुन्दर प्रेमरूपी अमृत-सरोवरमें अपने मनको मछली बना रखा है (अर्थात् नामामृतके आनन्दको वे क्षणभरके लिये भी त्यागनेमें मछलीकी भाँति व्याकुल हो जाते हैं)॥ ३०॥

ब्रह्म राम तें नामु बड़ बर दायक बर दानि।
राम चरित सत कोटि महँ लिय महेस जियँ जानि॥

भावार्थ—[निर्गुण] ब्रह्म और [सगुण] रामसे भी रामनाम बड़ा है, वह वर देनेवाले देवताओंको भी वर देनेवाला है। महान् ईश्वर श्रीशंकरजीने इस रहस्यको मनमें समझकर ही रामचरित्रके सौ करोड़ श्लोकोंमेंसे [चुनकर दो अक्षरके इस] रामनामको ही ग्रहण किया॥ ३१॥

सबरी गीध सुसेवकनि सुगति दीन्हि रघुनाथ।
नाम उधारे अमित खल बेद बिदित गुन गाथ॥

भावार्थ—श्रीरघुनाथजीने तो शबरी, [गीधराज] जटायु आदि अपने श्रेष्ठ सेवकोंको ही सुगति दी; परंतु रामनामने तो असंख्य दुष्टोंका उद्धार कर दिया। रामनामकी यह गुणगाथा वेदोंमें प्रसिद्ध है॥ ३२॥

राम नाम पर नाम तें प्रीति प्रतीति भरोस।
सो तुलसी सुमिरत सकल सगुन सुमंगल कोस॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जो रामनामके परायण है और रामनाममें ही जिसका प्रेम, विश्वास और भरोसा है, वह रामनामका स्मरण करते ही समस्त सद्गुणों और श्रेष्ठ मंगलोंका खजाना बन जाता है॥ ३३॥

लंक बिभीषन राज कपि पति मारुति खग मीच।
लही राम सों नाम रति चाहत तुलसी नीच॥

भावार्थ—श्रीरामजीसे विभीषणने लंका पायी, सुग्रीवने राज्य प्राप्त किया, हनुमान्‌जीने सेवककी पदवी या प्रतिष्ठा पायी और पक्षी जटायुने

देवदुर्लभ उत्तम मृत्यु प्राप्त की। परंतु नीच तुलसीदास तो उन प्रभु श्रीरामसे केवल रामनाममें प्रेम ही चाहता है॥ ३४॥

हरन अमंगल अघ अखिल करन सकल कल्यान।
रामनाम नित कहत हर गावत बेद पुरान॥

भावार्थ—रामनाम सब अमंगलों और पापोंको हरनेवाला तथा सब कल्याणोंका करनेवाला है। इसीसे श्रीमहादेवजी सर्वदा श्रीरामनामको रटते रहते हैं और वेद-पुराण भी इस नामका ही गुण गाते हैं॥ ३५॥

तुलसी प्रीति प्रतीति सों राम नाम जप जाग।
किएँ होइ बिधि दाहिनो देइ अभागेहि भाग॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि प्रेम और विश्वासके साथ राम-नामजपरूपी यज्ञ करनेसे विधाता अनुकूल हो जाता है और अभागे मनुष्यको भी परम भाग्यवान् बना देता है॥ ३६॥

जल थल नभ गति अमित अति अग जग जीव अनेक।
तुलसी तो से दीन कहँ राम नाम गति एक॥

भावार्थ—जगत्‌में चर-अचर अनेक प्रकारके असंख्य जीव हैं और चरोंमें कुछ ऐसे हैं, जिनकी जलमें गति है; कुछकी पृथ्वीपर गति है और कुछकी आकाशमें गति है; परंतु हे तुलसीदास! तुझ-सरीखे दीनके लिये तो रामनाम ही एकमात्र गति है॥ ३७॥

राम भरोसो राम बल राम नाम बिस्वास।
सुमिरत सुभ मंगल कुसल माँगत तुलसीदास॥

भावार्थ—तुलसीदासजी यही माँगते हैं कि मेरा एकमात्र रामपर ही भरोसा रहे, रामहीका बल रहे और जिसके स्मरणमात्रसे ही शुभ मंगल और कुशलकी प्राप्ति होती है, उस रामनाममें ही विश्वास रहे॥ ३८॥

राम नाम रति राम गति राम नाम बिस्वास।
सुमिरत सुभ मंगल कुसल दुहुँ दिसि तुलसीदास॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं—जिसका रामनाममें प्रेम है,

राम ही जिसकी एकमात्र गति हैं और रामनाममें ही जिसका विश्वास है, उसके लिये रामनामका स्मरण करनेसे ही दोनों ओर (इस लोकमें और परलोकमें) शुभ, मंगल और कुशल है॥ ३९॥

रामप्रेमके बिना सब व्यर्थ है

रसना साँपिनि बदन बिल जे न जपहिं हरिनाम।
तुलसी प्रेम न राम सों ताहि बिधाता बाम॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जो श्रीहरिका नाम नहीं जपते, उनकी जीभ सर्पिणीके समान केवल विषय-चर्चारूपी विष उगलनेवाली और मुख उसके बिलके समान है। जिसका राममें प्रेम नहीं है, उसके लिये तो विधाता बाम ही है (अर्थात् उसका भाग्य फूटा ही है)॥ ४०॥

हिय फाटहुँ फूटहुँ नयन जरउ सो तन केहि काम।
द्रवहिं स्त्रवहिं पुलकइ नहीं तुलसी सुमिरत राम॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीरामका स्मरण करके जो हृदय पिघल नहीं जाते वे हृदय फट जायँ, जिन आँखोंसे प्रेमके आँसू नहीं बहते वे आँखें फूट जायँ और जिस शरीरमें रोमांच नहीं होता वह जल जाय, (अर्थात् ऐसे निकम्मे अंग किस कामके?)॥ ४१॥

रामहि सुमिरत रन भिरत देत परत गुरु पायँ।
तुलसी जिन्हहि न पुलक तनु ते जग जीवत जायँ॥

भावार्थ—भगवान् श्रीरामका स्मरण होनेके समय, धर्मयुद्धमें शत्रुसे भिड़नेके समय, दान देते समय और गुरुके चरणोंमें प्रणाम करते समय, जिनके शरीरमें विशेष हर्षके कारण रोमांच नहीं होता, वे जगत्में व्यर्थ ही जीते हैं॥ ४२॥

सोरठा

हृदय सो कुलिस समान जो न द्रवइ हरिगुन सुनत।
कर न राम गुन गान जीह सो दादुर जीह सम॥

भावार्थ—श्रीहरिके गुणोंको सुनकर जो हृदय द्रवित नहीं होता,

वह हृदय वज्रके समान कठोर और जो जीभ श्रीरामका गुणगान नहीं करती, वह जीभ मेढककी जीभके समान व्यर्थ ही टर-टर करनेवाली है॥ ४३॥

स्रवै न सलिल सनेहु तुलसी सुनि रघुबीर जस।
ते नयना जनि देहु राम करहु बरु आँधरो॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि हे श्रीरामजी! मुझको भले ही अंधा बना दीजिये; परंतु ऐसी आँखें मत दीजिये, जिनसे श्रीरघुनाथजीका यश सुनते ही प्रेमके आँसू न बहने लगें॥ ४४॥

रहैं न जल भरि पूरि राम सुजस सुनि रावरो।
तिन आँखिन में धूरि भरि भरि मूठी मेलिये॥

भावार्थ—हे श्रीरामजी! आपका सुयश सुनते ही जो आँखें प्रेमजलसे पूरी तरह भर न जायँ उन आँखोंमें तो मुट्ठियाँ भर-भरकर धूल झोंकनी चाहिये॥ ४५॥

प्रार्थना

बारक सुमिरत तोहि होहि तिन्हहि सम्मुख सुखद।
क्यों न सँभारहि मोहि दया सिंधु दसरत्थ के॥

भावार्थ—हे दयासागर दशरथनन्दन! जो एक बार भी तुम्हारा स्मरण करते हैं, तुम उनके सम्मुख होकर उन्हें सुख देनेवाले बन जाते हो; फिर मेरी सुधि तुम क्यों नहीं लेते?॥ ४६॥

रामकी और रामप्रेमकी महिमा

साहिब होत सरोष सेवक को अपराध सुनि।
अपने देखे दोष सपनेहु राम न उर धरे॥

भावार्थ—दूसरे मालिक तो सेवकका अपराध सुनकर ही क्रोधित हो जाते हैं (यह भी जाँच नहीं करते कि वास्तवमें उसने कोई अपराध किया है या नहीं), परंतु श्रीरामचन्द्रजीने सेवकके अपराधोंको स्वयं अपनी आँखोंसे देख लेनेपर भी स्वप्नमें भी कभी उनपर ध्यान नहीं

दिया [अथवा श्रीरामचन्द्रजीने अपने ही दोषोंको देखा, अपने सेवकके अपराधोंको सपनेमें भी हृदयमें स्थान नहीं दिया] ॥ ४७ ॥

दोहा

तुलसी रामहि आपु तें सेवक की रुचि मीठि।
सीतापति से साहिबहि कैसे दीजै पीठि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीरामचन्द्रजीको अपनी रुचिकी अपेक्षा सेवककी रुचि अधिक मधुर लगती है (वे अपनी रुचि छोड़ देते हैं, परंतु सेवककी रुचि रखते हैं), ऐसे श्रीसीतापतिके समान स्वामीसे क्योंकर विमुख हुआ जाय॥ ४८ ॥

तुलसी जाके होयगी अंतर बाहिर दीठि।
सो कि कृपालुहि देइगो केवटपालहि पीठि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जिसके भीतरी और बाहरी दृष्टि होगी अर्थात् जो लोक-लीला और परमतत्त्व दोनोंको समझता होगा, वह क्या केवटकी रुचिकी रक्षा करनेवाले (चरण पखरवाकर उसे कुलसहित तारनेवाले) कृपालु श्रीरामजीके कभी विमुख होगा ?॥ ४९ ॥

प्रभु तरु तर कपि डार पर ते किए आपु समान।
तुलसी कहूँ न राम से साहिब सील निधान॥

भावार्थ—वानरोंके स्वामी श्रीरामजी तो पेड़के नीचे विराजते थे और सेवक होनेपर भी वानर पेड़की डालियोंपर बैठते थे, तो भी (इस अशिष्टतापर कोई ध्यान न देकर) प्रभुने उनको अपने ही समान बना लिया। तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीरामजीके समान शीलके भण्डार स्वामी और कहीं भी नहीं हैं॥ ५० ॥

उद्बोधन

रे मन सब सों निरस ह्वै सरस राम सों होहि।
भलो सिखावन देत है निसि दिन तुलसी तोहि॥

भावार्थ—रे मन! तू संसारके सब पदार्थोंसे प्रीति तोड़कर

विषय	पृष्ठ-संख्या

२०७-ईश्वरविमुखकी दुर्गति ही होती है १३५
२०८-जान-बूझकर अनीति करनेवालेको उपदेश देना व्यर्थ है............ १३५
२०९-जगत्के लोगोंको रिझानेवाला मूर्ख है १३६
२१०-प्रतिष्ठा दुःखका मूल है १३७
२११-भेड़ियाधँसानका उदाहरण...... १३७
२१२-ऐश्वर्य पाकर मनुष्य अपनेको निडर मान बैठते हैं............. १३८
२१३-नौकर स्वामीकी अपेक्षा अधिक अत्याचारी होते हैं १३९
२१४-राजाको कैसा होना चाहिये ?. १४०
२१५-राजनीति १४१
२१६-किसका राज्य अचल हो जाता है ? १४३
२१७-आज्ञाकारी सेवक स्वामीसे बड़ा होता है..................... १४६
२१८-मूलके अनुसार बढ़नेवाला और बिना अभिमान किये सबको सुख देनेवाला पुरुष ही श्रेष्ठ है.... १४७
२१९-त्रिभुवनके दीप कौन हैं ?...... १४७
२२०-कीर्ति करतूतिसे ही होती है... १४७
२२१-बड़ोंका आश्रय भी मनुष्यको बड़ा बना देता है................ १४७
२२२-कपटी दानीकी दुर्गति १४८
२२३-अपने लोगोंके छोड़ देनेपर सभी वैरी हो जाते हैं १४८
२२४-साधनसे मनुष्य ऊपर उठता है और साधन बिना गिर जाता है १४८
२२५-सज्जनको दुष्टोंका संग भी मंगलदायक होता है १४९
२२६-कलियुगमें कुटिलताकी वृद्धि . १४९
२२७-आपसमें मेल रखना उत्तम है १४९
२२८-सब समय समतामें स्थित रहनेवाले पुरुष ही श्रेष्ठ हैं १५०
२२९-जीवन किनका सफल है ?.... १५०
२३०-पिताकी आज्ञाका पालन सुखका मूल है.............................. १५०
२३१-स्त्रीके लिये पति-सेवा ही कल्याणदायिनी है................ १५०
२३२-शरणागतका त्याग पापका मूल है १५१
२३३-कलियुगका वर्णन १५१
२३४-और चाहे जो भी घट जाय, भगवान्‌में प्रेम नहीं घटना चाहिये . १५५
२३५-कुसमयका प्रभाव १५६
२३६-श्रीरामजीके गुणोंकी महिमा.... १५६
२३७-कलियुगमें दो ही आधार हैं .. १५६
२३८-भगवत्प्रेम ही सब मंगलोंकी खान है.............................. १५६
२३९-दोहावलीके दोहोंकी महिमा ... १५७
२४०-रामकी दीनबन्धुता १५८

❑❑

श्रीरामसे प्रेम कर। तुलसीदास तुझको रात-दिन यही सत्-शिक्षा देता है॥ ५१॥

हरे चरहिं तापहिं बरे फरें पसारहिं हाथ।
तुलसी स्वारथ मीत सब परमारथ रघुनाथ॥

भावार्थ—वृक्ष जब हरे होते हैं, तब पशु-पक्षी उन्हें चरने लगते हैं, सूख जानेपर लोग उन्हें जलाकर तापते हैं और फलनेपर फल पानेके लिये लोग हाथ पसारने लगते हैं (अर्थात् जहाँ हरा-भरा घर देखते हैं, वहाँ लोग खानेके लिये दौड़े जाते हैं, जहाँ बिगड़ी हालत होती है, वहाँ उसे और भी जलाकर सुखी होते हैं और जहाँ सम्पत्तिसे फला-फूला देखते हैं, वहाँ हाथ पसारकर माँगने लगते हैं)। तुलसीदासजी कहते हैं कि इस प्रकार जगत्‌में तो सब स्वार्थके ही मित्र हैं। परमार्थके मित्र तो एकमात्र श्रीरघुनाथजी ही हैं (जो सब समय ही प्रेम करते हैं और दीन-स्थितिमें तो विशेष प्रेम करते हैं)॥ ५२॥

स्वारथ सीता राम सों परमारथ सिय राम।
तुलसी तेरो दूसरे द्वार कहा कहु काम॥

भावार्थ—श्रीसीतारामसे ही तेरे सब स्वार्थ सिद्ध हो जायँगे और श्रीसीताराम ही तेरे परमार्थ (परम ध्येय) हैं, तुलसीदासजी कहते हैं कि फिर बतला तेरा दूसरेके दरवाजेपर क्या काम है?॥ ५३॥

स्वारथ परमारथ सकल सुलभ एक ही ओर।
द्वार दूसरे दीनता उचित न तुलसी तोर॥

भावार्थ—जब एक श्रीरामचन्द्रजीकी ओरसे ही सब स्वार्थ और परमार्थ सुलभ हैं, तब हे तुलसी! तुझे दूसरेके दरवाजेपर दीनता दिखलाना उचित नहीं है॥ ५४॥

तुलसी स्वारथ राम हित परमारथ रघुबीर।
सेवक जाके लखन से पवनपूत रनधीर॥

भावार्थ—तुलसीदासजीका तो स्वार्थ भी रामके लिये है और

जिसे श्रीसीतारामजी अधिक प्रिय हैं, तुलसीदासके शरीरका चमड़ा ऐसे प्रेमी भक्तके चरणोंकी जूतियोंमें लगे तो उसका सौभाग्य है॥ ५९॥

स्वारथ परमारथ रहित सीता राम सनेहँ।
तुलसी सो फल चारि को फल हमार मत एहँ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि स्वार्थ (भोग) और परमार्थ (मोक्ष)-की इच्छासे रहित जो श्रीसीतारामके प्रति निष्काम और अनन्य प्रेम है, वह अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष—चारों फलोंका भी महान् फल है—यह मेरा मत है॥ ६०॥

जे जन रूखे बिषय रस चिकने राम सनेहँ।
तुलसी ते प्रिय राम को कानन बसहिं कि गेहँ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जो विषय-रससे विरक्त हैं और रामप्रेमके रसिक हैं, वे ही श्रीरामजीके प्यारे हैं—फिर चाहे वे वनमें रहें या घरमें (विरक्त हों या गृहस्थ)॥ ६१॥

जथा लाभ संतोष सुख रघुबर चरन सनेह।
तुलसी जो मन खूँद सम कानन बसहुँ कि गेह॥

भावार्थ—जो कुछ मिल जाय उसीमें जिनका मन संतुष्ट और सुखी रहता है और जिसमें श्रीरघुनाथजीके चरणोंका प्रेम भरा है—जिनका मन ऐसा खूँद-सा* बन गया है, तुलसीदासजी कहते हैं कि वे वनमें रहें या घरमें—उनके लिये दोनों एक-से हैं॥ ६२॥

तुलसी जौं पै राम सों नाहिन सहज सनेह।
मूँड़ मुड़ायो बादिहीं भाँड़ भयो तजि गेह॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि यदि श्रीरामचन्द्रजीसे स्वाभाविक प्रेम नहीं है तो फिर वृथा ही मूँड़ मुँड़ाया—साधु हुए और घर छोड़कर भाँड़ बने (वैराग्यका स्वाँग भरा)॥ ६३॥

---

* घोड़ा पिछले पैर बँधे रहनेके कारण एक ही स्थानपर खड़ा हुआ टाप चलाता रहता है, परंतु स्थान नहीं छोड़ता, उस स्थितिको खूँद कहते हैं। इसी प्रकार सब कुछ करते हुए भी जिनका मन श्रीरामप्रेममें अचल रहता है, उन्हींके सम्बन्धमें यह बात कही गयी है।

रामविमुखताका कुफल

तुलसी श्रीरघुबीर तजि करै भरोसो और।
सुख संपति की का चली नरकहुँ नाहीं ठौर॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जो मनुष्य श्रीरघुनाथजीको छोड़कर दूसरा कोई भरोसा करता है—सुख-सम्पत्तिकी तो बात ही दूर है, उसे नरकमें भी जगह नहीं मिलेगी॥ ६४॥

तुलसी परिहरि हरि हरहि पाँवर पूजहिं भूत।
अंत फजीहत होहिंगे गनिका के से पूत॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीहरि (भगवान् विष्णु) और श्रीशंकरजीको छोड़कर जो पामर भूतोंकी पूजा करते हैं, वेश्याके पुत्रोंकी तरह उनकी अन्तमें बड़ी दुर्दशा होगी॥ ६५॥

सेये सीता राम नहिं भजे न संकर गौरि।
जनम गँवायो बादिहीं परत पराई पौरि॥

भावार्थ—यदि श्रीसीतारामजीकी सेवा नहीं की और श्रीगौरीशंकरका भजन नहीं किया तो पराये दरवाजेपर पड़े रहकर वृथा ही जन्म गँवाया॥ ६६॥

तुलसी हरि अपमान तें होइ अकाज समाज।
राज करत रज मिलि गए सदल सकुल कुरुराज॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीहरिका अपमान करनेसे हानियोंका समाज जुट जाता है अर्थात् हानि-ही-हानि होती है [सन्धि करानेके लिये कौरवोंकी राजसभामें दूत बनकर गये हुए] भगवान् श्रीकृष्णका अपमान करनेसे राज्य करते हुए कुरुराज दुर्योधन अपनी सेना और कुटुम्बके सहित धूलमें मिल गये (नष्ट हो गये)॥ ६७॥

तुलसी रामहि परिहरें निपट हानि सुन ओझ।
सुरसरि गत सोई सलिल सुरा सरिस गंगोझ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि अरे पण्डित! सुनो, श्रीरामजीको

छोड़ देनेसे अत्यन्त हानि होती है। श्रीगंगाजीका वही जल श्रीगंगाजीसे अलग हो जानेपर मदिराके समान हो जाता है।* [इसी प्रकार श्रीरामसे विमुख होकर विषयोंका संग करनेसे परमात्माका अंश जीव अपवित्र होकर नरकगामी हो जाता है]॥ ६८॥

राम दूरि माया बढ़ति घटति जानि मन माँह।
भूरि होति रबि दूरि लखि सिर पर पगतर छाँह॥

भावार्थ—जैसे सूर्यको दूर देखकर छाया लम्बी हो जाती है और सूर्य जब सिरपर आ जाता है तब वह ठीक पैरोंके नीचे आ जाती है, उसी प्रकार श्रीरामजीसे दूर रहनेपर माया बढ़ती है और जब वह श्रीरामजीको मनमें विराजित जानती है, तब घट जाती है॥ ६९॥

साहिब सीतानाथ सों जब घटिहै अनुराग।
तुलसी तबहीं भालतें भभरि भागिहैं भाग॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं—जब स्वामी श्रीजानकीनाथजीसे प्रेम घट जायगा, तब उस आदमीके मस्तकसे सौभाग्य तुरंत ही विकल होकर भाग जायगा। (अर्थात् जो मनुष्य भगवान् श्रीरामसे विमुख हो जाता है, उसका सारा सुख-सौभाग्य नष्ट हो जाता है)॥ ७०॥

करिहौ कोसलनाथ तजि जबहिं दूसरी आस।
जहाँ तहाँ दुख पाइहौ तबहीं तुलसीदास॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि कोसलपति श्रीरामजीको छोड़कर जभी दूसरी आशा करोगे, तभी जहाँ-तहाँ दुःख ही पाओगे॥ ७१॥

बिंधि न ईंधन पाइऐ सागर जुरै न नीर।
परै उपास कुबेर घर जो बिपच्छ रघुबीर॥

भावार्थ—यदि श्रीरघुनाथजी प्रतिकूल हो जायँ तो फिर (घनी

---

* शास्त्रका भी वचन है—

गङ्गाया निःसृतं तोयं पुनर्गङ्गां न गच्छति।
तत्तोयं मदिरातुल्यं पीत्वा चान्द्रायणं चरेत्॥

लकड़ियोंवाले) विन्ध्याचलमें ईंधन नहीं मिलेगा, समुद्रमें जल नहीं जुड़ सकेगा और धनपति कुबेरके घर भी फाका पड़ जायगा॥ ७२॥

बरसा को गोबर भयो को चहै को करै प्रीति।
तुलसी तू अनुभवहि अब राम बिमुख की रीति॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि तू अब श्रीरामजीसे विमुख मनुष्यकी गतिका तो अनुभव कर; वह बरसातका गोबर हो जाता है [जो न तो लीपनेके काममें आता है, न पाथनेके] अर्थात् निकम्मा हो जाता है। उसे कौन चाहेगा? और कौन उससे प्रेम करेगा?॥ ७३॥

सबहि समरथहि सुखद प्रिय अच्छम प्रिय हितकारि।
कबहुँ न काहुहि राम प्रिय तुलसी कहा बिचारि॥

भावार्थ—[संसारकी यह दशा है कि] जो समर्थ पुरुष हैं उन सबको तो [सांसारिक] सुख देनेवाला प्रिय लगता है और असमर्थको अपना [सांसारिक] भला करनेवाला प्रिय होता है। तुलसीदासजी विचारकर ऐसा कहते हैं कि भगवान् श्रीराम [विषयी पुरुषोंमें] कभी किसीको भी प्रिय नहीं लगते॥ ७४॥

तुलसी उद्यम करम जुग जब जेहि राम सुडीठि।
होइ सुफल सोइ ताहि सब सनमुख प्रभु तन पीठि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं—जब जिसपर श्रीरामजीकी सुदृष्टि होती है, तब उसके सब उद्यम (क्रियमाण) और कर्म (प्रारब्ध) दोनों सफल हो जाते हैं और वह शरीरकी ममता छोड़कर प्रभुके सम्मुख हो जाता है॥ ७५॥

राम कामतरु परिहरत सेवत कलि तरु ठूँठ।
स्वारथ परमारथ चहत सकल मनोरथ झूँठ॥

भावार्थ—जो मनुष्य श्रीरामरूपी कल्पवृक्षको छोड़कर सूखे ठूँठ-जैसे [निःसार] कलियुग अर्थात् पापरूपी वृक्षका सेवन करते हैं और उससे स्वार्थ और परमार्थरूपी फल चाहते हैं, उनके सभी मनोरथ व्यर्थ होते हैं (अर्थात् स्वार्थ, परमार्थ कुछ भी सिद्ध नहीं होता)॥ ७६॥

कल्याणका सुगम उपाय

निज दूषन गुन राम के समुझें तुलसीदास।
होइ भलो कलिकाल हूँ उभय लोक अनयास॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं—अपने दोषों (अपराधों) तथा श्रीरामके [क्षमा, दया आदि] गुणोंको समझ लेनेपर अथवा दोषोंको अपना किया और गुण भगवान् श्रीरामके दिये हुए मान लेनेसे इस कलिकालमें भी मनुष्यका इस लोक और परलोक—दोनोंमें सहज ही कल्याण हो जाता है॥ ७७॥

कै तोहि लागहिं राम प्रिय कै तू प्रभु प्रिय होहि।
दुइ में रुचै जो सुगम सो कीबे तुलसी तोहि॥

भावार्थ—या तो तुम्हें राम प्रिय लगने लगें या प्रभु श्रीरामका तू प्रिय बन जा। दोनोंमेंसे जो तुझे सुगम जान पड़े तथा प्रिय लगे, तुलसीदासजी कहते हैं कि तुझे वही करना चाहिये। (अर्थात् या तो सबसे प्रेम छोड़कर श्रीरामको ही अपना एकमात्र प्रियतम मान ले या प्रभुकी शरण होकर सब कुछ उन्हें समर्पण कर दे, जिससे वे तुझे अपना अत्यन्त प्रिय मान लें)॥ ७८॥

तुलसी दुइ महँ एक ही खेल छाँड़ि छल खेलु।
कै करु ममता राम सों कै ममता परहेलु॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि सब छोड़कर तू दोनोंमेंसे एक ही खेल—या तो केवल रामसे ही ममता कर या ममताका सर्वथा त्याग कर दे॥ ७९॥

श्रीरामजीकी प्राप्तिका सुगम उपाय

निगम अगम साहेब सुगम राम साँचिली चाह।
अंबु असन अवलोकिअत सुलभ सबै जग माँह॥

भावार्थ—जो हमारे स्वामी वेदोंके लिये भी अगम हैं, (वेद भी जिनको नेति-नेति कहते हैं) वे ही श्रीराम सच्ची चाहसे ऐसे सुगम हो जाते हैं जैसे जल और अन्न जगत्‌में सबके लिये सुलभ देखे जाते हैं॥ ८०॥

सनमुख आवत पथिक ज्यों दिएँ दाहिनो बाम।
तैसोइ होत सु आप को त्यों ही तुलसी राम॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि सामने आते हुए पथिकको आप दायें-बायें जिस ओर देकर चलेंगे, उसी प्रकार वह भी आपके दायें-बायें हो जायगा। ऐसे ही श्रीरामको भी जो जिस प्रकार भजता है श्रीराम भी उसे उसी प्रकार भजते हैं*॥ ८१॥

रामप्रेमके लिये वैराग्यकी आवश्यकता

राम प्रेम पथ पेखिऐ दिएँ बिषय तन पीठि।
तुलसी केंचुरि परिहरें होत साँपहू दीठि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि विषयोंकी ओर पीठ देनेसे ही (विषयोंमें वैराग्य होनेसे ही) श्रीरामजीके प्रेमका पथ दिखलायी पड़ता है। साँपको भी केंचुल छोड़ देनेपर ही दिखलायी देने लगता है॥ ८२॥

तुलसी जौ लौं बिषय की मुधा माधुरी मीठि।
तौ लौं सुधा सहस्त्र सम राम भगति सुठि सीठि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जबतक विषयोंकी मिथ्या माधुरी मीठी लगती है, तबतक हजार अमृतके समान मधुर होनेपर भी रामभक्ति बिलकुल फीकी प्रतीत होती है॥ ८३॥

शरणागतिकी महिमा

जैसो तैसो रावरो केवल कोसलपाल।
तौ तुलसी को है भलो तिहूँ लोक तिहुँ काल॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि हे कोसलपति श्रीरामजी! जैसा-तैसा (भला-बुरा) यह तुलसीदास केवल आपका ही है। यदि यह बात सच है तो तीनों लोकोंमें (यह जहाँ-कहीं रहे) और तीनों कालों (भूत, भविष्य और वर्तमान)-में इसका कल्याण-ही-कल्याण है॥ ८४॥

---

* ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्। (गीता ४। ११)

है तुलसी कें एक गुन अवगुन निधि कहैं लोग।
भलो भरोसो रावरो राम रीझिबे जोग॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि लोग मुझको अवगुणोंका भण्डार कहते हैं, परंतु मुझमें एक गुण यह है कि मुझको आपका पूरा भरोसा है; इसीसे हे रामजी! आपको मुझपर रीझ जाना योग्य है॥ ८५॥

भक्तिका स्वरूप

प्रीति राम सों नीति पथ चलिय राग रिस जीति।
तुलसी संतन के मते इहै भगति की रीति॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीरामजीसे प्रेम करना और राग (आसक्ति या काम) एवं क्रोधको जीतकर नीतिके मार्गपर चलना, संतोंके मतसे भक्तिकी यही रीति है॥ ८६॥

कलियुगसे कौन नहीं छला जाता?

सत्य बचन मानस बिमल कपट रहित करतूति।
तुलसी रघुबर सेवकहि सकै न कलिजुग धूति॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जिनके वचन सत्य होते हैं, मन निर्मल होता है और क्रिया कपटरहित होती है, ऐसे श्रीरामजीके भक्तोंको कलियुग कभी धोखा नहीं दे सकता (वे मायामें नहीं फँस सकते)॥ ८७॥

तुलसी सुखी जो राम सों दुखी सो निज करतूति।
करम बचन मन ठीक जेहि तेहि न सकै कलि धूति॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जो मनुष्य श्रीरामजीसे (भगवान् श्रीरामकी कृपासे ही) अपनेको सब प्रकारसे सुखी होना और (श्रीरामजीको छोड़कर) अपनी अहंकारभरी करतूतोंसे दुःखी होना मानता है, जिसके कर्म, वचन और मन ठीक हैं, (भगवान्में लगे हैं) उसको कलियुग धोखा नहीं दे सकता॥ ८८॥

गोस्वामीजीकी प्रेम-कामना

नातो नाते राम कें राम सनेहँ सनेहु।
तुलसी माँगत जोरि कर जनम जनम सिव देहु॥

भावार्थ—तुलसीदासजी हाथ जोड़कर वरदान माँगता है कि हे शिवजी! मुझे जन्म-जन्मान्तरोंमें यही दीजिये कि मेरा श्रीरामके नाते ही किसीसे नाता हो और श्रीरामसे प्रेमके कारण ही प्रेम हो॥ ८९॥

सब साधनको एक फल जेहिं जान्यो सो जान।
ज्यों त्यों मन मंदिर बसहिं राम धरें धनु बान॥

भावार्थ—सब साधनोंका यही एकमात्र फल है कि जिस-किसी प्रकारसे भी हो, धनुष-बाण धारण करनेवाले श्रीरामजी मन-मन्दिरमें निवास करने लगें। जिसने इस रहस्यको जान लिया, वही यथार्थ जाननेवाला है॥ ९०॥

जौं जगदीस तौ अति भलो जौं महीस तौ भाग।
तुलसी चाहत जनम भरि राम चरन अनुराग॥

भावार्थ—यदि श्रीरामजी समस्त जगत्के स्वामी हैं तो बहुत ही अच्छी बात है और यदि वे केवल पृथ्वीके स्वामी—राजा हैं तो भी मेरा बड़ा भाग्य है। [राम कोई भी हों] तुलसीदास तो जन्मभर श्रीरामके चरणकमलोंमें प्रेम ही चाहता है॥ ९१॥

परौं नरक फल चारि सिसु मीच डाकिनी खाउ।
तुलसी राम सनेह को जो फल सो जरि जाउ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं, मैं चाहे नरकमें पड़ूँ, चारों फल (अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष) रूपी बालकोंको चाहे मृत्युरूपी डाकिनी खा जाय, श्रीरामजीसे प्रेम करनेका और कुछ भी जो फल हो वह जल जाय, [किंतु फिर भी मैं तो श्रीरामके चरणोंमें प्रेम ही करता रहूँगा]॥ ९२॥

रामभक्तके लक्षण

हित सों हित, रति राम सों, रिपु सों बैर बिहाउ।
उदासीन सब सों सरल तुलसी सहज सुभाउ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि रामभक्तका ऐसा सहज भाव होना चाहिये कि श्रीराममें उसका प्रेम हो, मित्रोंसे मैत्री हो, वैरियोंसे वैरका त्याग कर दे, किसीमें पक्षपात न हो और सबसे सरलताका व्यवहार हो॥ ९३ ॥

तुलसी ममता राम सों समता सब संसार।
राग न रोष न दोष दुख दास भए भव पार॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जिनकी श्रीराममें ममता और सब संसारमें समता है, जिनका किसीके प्रति राग, द्वेष, दोष और दुःखका भाव नहीं है, श्रीरामके ऐसे भक्त भवसागरसे पार हो चुके हैं॥ ९४ ॥

उद्‌बोधन

रामहि डरु करु राम सों ममता प्रीति प्रतीति।
तुलसी निरुपधि राम को भएँ हारेहूँ जीति॥

भावार्थ—श्रीरामजीसे डरो, श्रीराममें ही ममता, प्रेम और विश्वास करो। तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीरामका कपटरहित सेवक हो रहनेपर हारनेमें भी जीत ही है॥ ९५ ॥

तुलसी राम कृपालु सों कहि सुनाउ गुन दोष।
होय दूबरी दीनता परम पीन संतोष॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि तुम कृपालु श्रीरामजीसे अपने सब गुण-दोष दिल खोलकर सुना दो। इससे तुम्हारी दीनता दुबली (कम) हो जायगी और संतोष परम पुष्ट (दृढ़) हो जायगा॥ ९६ ॥

सुमिरन सेवा राम सों साहब सों पहिचानि।
ऐसेहु लाभ न ललक जो तुलसी नित हित हानि॥

भावार्थ—श्रीरामजीका स्मरण हो, श्रीरामजीकी सेवाका सौभाग्य

परमार्थ भी वे श्रीरघुनाथजी ही हैं, जिनके श्रीलक्ष्मणजी और रणधीर श्रीहनुमान्‌जी-जैसे सेवक हैं॥ ५५॥

ज्यों जग बैरी मीन को आपु सहित बिनु बारि।
त्यों तुलसी रघुबीर बिनु गति आपनी बिचारि॥

भावार्थ—जैसे जलको छोड़कर सारा जगत् ही मछलीका वैरी है, यहाँतक कि वह आप भी वैरीका काम करती है (जीभके स्वादके लिये काँटेमें अपना मुँह फँसा लेती है), वैसे ही हे तुलसीदास! एक श्रीरघुनाथजीके बिना अपनी भी यही गति समझ ले (अपना ही मन वैरी बनकर तुझे विषयोंमें फँसा देगा)॥ ५६॥

तुलसीदासजीकी अभिलाषा

राम प्रेम बिनु दूबरो राम प्रेमहीं पीन।
रघुबर कबहुँक करहुगे तुलसिहि ज्यों जल मीन॥

भावार्थ—जैसे मछली जलके रहनेसे—जलके संयोगसे पुष्ट होती है और जलके बिना दुबली हो जाती है, जलके वियोगमें मर जाती है, वैसे ही हे श्रीरघुनाथजी! आप इस तुलसीदासको कब ऐसा करेंगे जब वह श्रीराम (आप)-के प्रेमके बिना मछलीकी भाँति दुबला जाय और श्रीराम (आप)-के प्रेमसे ही पुष्ट हो॥ ५७॥

रामप्रेमकी महत्ता

राम सनेही राम गति राम चरन रति जाहि।
तुलसी फल जग जनम को दियो बिधाता ताहि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं—जो श्रीरामका ही प्रेमी है, श्रीराम ही जिसकी गति हैं और श्रीरामके ही चरणोंमें जिसकी प्रीति है; बस, उसीको विधाताने जगत्‌में जन्म लेनेका यथार्थ फल दिया है॥ ५८॥

आपु आपने तें अधिक जेहि प्रिय सीताराम।
तेहि के पग की पानहीं तुलसी तनु को चाम॥

भावार्थ—अपनी और अपने सम्बन्धी समस्त पदार्थोंकी अपेक्षा

प्राप्त हो और श्रीराम-सरीखे स्वामीको तत्त्वसे पहचान लिया जाय। ऐसे परम लाभके लिये भी जो नहीं ललचाता, तुलसीदासजी कहते हैं कि उसके हितकी सर्वथा हानि ही है॥ ९७॥

जानें जानन जोइऐ बिनु जाने को जान।
तुलसी यह सुनि समुझि हियँ आनु धरें धनु बान॥

भावार्थ—जाननेपर ही जानना देखा जाता है, बिना जाने कौन जान सकता है? (जब हम किसीको जानने लगते हैं, तभी क्रमशः उसका यथार्थ ज्ञान—साक्षात्कार होता है; जाननेकी चेष्टा ही न करें तो कैसे जानेंगे!) तुलसीदासजी कहते हैं कि यह बात सुनकर और समझकर धनुष-बाण धारण किये हुए श्रीरामजीको अपने हृदयमें ले आओ। (ध्यान करते-करते ही साक्षात्कार हो जायगा)॥ ९८॥

करमठ कठमलिया कहैं ग्यानी ग्यान बिहीन।
तुलसी त्रिपथ बिहाइ गो राम दुआरें दीन॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि कर्मठ (कर्मकाण्डी) लोग तो मुझे काठकी माला धारण करनेवाला 'कठमलिया' कहते हैं, ज्ञानी मुझको ज्ञानविहीन बतलाते हैं [और उपासना करना मैं जानता ही नहीं] मैं तो तीनों मार्गोंको छोड़ दीन होकर श्रीरामचन्द्रजीके दरवाजेपर जा पड़ा हूँ॥ ९९॥

बाधक सब सब के भए साधक भए न कोइ।
तुलसी राम कृपालु तें भलो होइ सो होइ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि इस जगत्‌में तो सब लोग सबके बाधक ही होते हैं, साधक कोई किसीका नहीं है! कृपालु श्रीरामजीसे ही भला होता है सो होता है॥ १००॥

शिव और रामकी एकता

संकर प्रिय मम द्रोही सिव द्रोही मम दास।
ते नर करहिं कलप भरि घोर नरक महुँ बास॥

भावार्थ—[भगवान् श्रीरामचन्द्रजी कहते हैं कि] जिनको शिवजी

श्रीरामकी कृपा

राम निकाई रावरी है सबही को नीक।
जौं यह साँची है सदा तौ नीको तुलसीक॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि हे रामजी! आपकी भलाई (सुहृद्भाव)-से सभीका भला है। अर्थात् आपका कल्याणमय स्वभाव सभीका कल्याण करनेवाला है। यदि यह बात सत्य है तो तुलसीदासका भी सदा कल्याण ही है॥ १०५॥

तुलसी राम जो आदर्‌यो खोटो खरो खरोइ।
दीपक काजर सिर धर्‌यो धर्‌यो सुधर्‌यो धरोइ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जिसको श्रीरामने आदर दे दिया (अपना लिया) वह बुरा भी भला, सदा भला ही है। दीपकने जब काजलको अपने सिरपर धारण कर लिया तो फिर कर ही लिया॥ १०६॥

तनु बिचित्र कायर बचन अहि अहार मन घोर।
तुलसी हरि भए पच्छधर ताते कह सब मोर॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि मोरका रंग-बिरंगा विचित्र शरीर है, कायरकी-सी उसकी बोली है, साँप उसका भोजन है और कठोर मन है। इतने अवगुण होनेपर भी भगवान् श्रीकृष्णने उसकी पाँखोंको सिरपर धारण कर लिया—भगवान् उसका पक्ष रखनेवाले हो गये; तो सभी उससे प्रेम करते हुए 'मोर, मोर' (मेरा, मेरा) कहने लगे॥ १०७॥

लहइ न फूटी कौड़िहू को चाहै केहि काज।
सो तुलसी महँगो कियो राम गरीब निवाज॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जिसको एक फूटी कौड़ी भी नहीं मिलती थी (जिसकी कोई प्रतिष्ठा नहीं थी), उसको भला कौन चाहता और किसलिये चाहता। उसी तुलसीको गरीबनिवाज श्रीरामजीने आज महँगा कर दिया (उसका गौरव बढ़ा दिया)॥ १०८॥

घर घर माँगे टूक पुनि भूपति पूजे पाय।
जे तुलसी तब राम बिनु ते अब राम सहाय॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जिस समय मैं रामसे (श्रीरामके आश्रयसे) रहित था, उस समय घर-घर टुकड़े माँगता था। अब जो श्रीरामजी मेरे सहायक हो गये हैं तो फिर राजालोग मेरे पैर पूजते हैं॥ १०९॥

तुलसी राम सुदीठि तें निबल होत बलवान।
बैर बालि सुग्रीव कें कहा कियो हनुमान॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीरामजीकी शुभदृष्टिसे निर्बल भी बलवान् हो जाते हैं। सुग्रीव और बालिके वैरमें हनुमान्‌जीने भला क्या किया? [परंतु वही श्रीरामजीकी कृपासे महान् वीर हो गये]॥ ११०॥

तुलसी रामहु तें अधिक राम भगत जियँ जान।
रिनिया राजा राम भे धनिक भए हनुमान॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीरामके भक्तको रामजीसे भी अधिक समझो। राजराजेश्वर श्रीरामचन्द्रजी स्वयं ऋणी हो गये और उनके भक्त श्रीहनुमान्‌जी उनके साहूकार बन गये (श्रीरामजीने यहाँतक कह दिया कि मैं तुम्हारा ऋण कभी चुका ही नहीं सकता)॥ १११॥

कियो सुसेवक धरम कपि प्रभु कृतग्य जियँ जानि।
जोरि हाथ ठाढ़े भए बरदायक बरदानि॥

भावार्थ—श्रीहनुमान्‌जीने [अधिक कुछ नहीं किया, केवल] एक अच्छे सेवकका धर्म ही निभाया। परंतु यह जानकर वर देनेवाले देवताओंके भी वरदाता महेश्वर श्रीभगवान् हृदयसे ऐसे कृतज्ञ हुए कि हाथ जोड़कर हनुमान्‌जीके सामने खड़े हो गये (कहने लगे कि हे हनुमान्! मैं तुम्हारे बदलेमें उपकार तो क्या करूँ, तुम्हारे सामने नजर उठाकर देख भी नहीं सकता।)॥ ११२॥

भगत हेतु भगवान प्रभु राम धरेउ तनु भूप।
किए चरित पावन परम प्राकृत नर अनुरूप॥

भावार्थ—जगदीश्वर भगवान् श्रीरामजीने भक्तोंके लिये ही राजाका शरीर धारण किया और साधारण मनुष्योंकी भाँति परम पवित्र लीलाएँ कीं॥ ११३॥

ग्यान गिरा गोतीत अज माया मन गुन पार।
सोइ सच्चिदानंदघन कर नर चरित उदार॥

भावार्थ—जो ज्ञान (बुद्धि), वाणी और इन्द्रियोंसे परे अजन्मा तथा माया, मन और गुणोंके पार हैं, वही सच्चिदानन्दघन भगवान् श्रेष्ठ नरलीला करते हैं॥ ११४॥

हिरन्याच्छ भ्राता सहित मधु कैटभ बलवान।
जेहिं मारे सोइ अवतरेउ कृपासिंधु भगवान॥

भावार्थ—जिन कृपासिन्धु भगवान्‌ने भाई हिरण्यकशिपुसहित हिरण्याक्षको और बलवान् मधु-कैटभको मारा था, वे ही भगवान् [श्रीरामरूपमें] अवतरित हुए हैं॥ ११५॥

सुद्ध सच्चिदानंदमय कंद भानुकुल केतु।
चरित करत नर अनुहरत संसृति सागर सेतु॥

भावार्थ—शुद्ध (प्रकृतिजन्य त्रिगुणोंसे रहित, मायातीत, दिव्य मंगलविग्रह), सच्चिदानन्दकन्दस्वरूप सूर्यकुलके ध्वजारूप भगवान् श्रीरामजी मनुष्योंके समान ऐसे चरित्र करते हैं, जो संसार-सागरसे तारनेके लिये पुलके समान हैं (अर्थात् उन चरित्रोंको गाकर और सुनकर लोग भव-सागरसे सहज ही तर जाते हैं)॥ ११६॥

भगवान्‌की बाललीला

बाल बिभूषन बसन बर धूरि धूसरित अंग।
बालकेलि रघुबर करत बाल बंधु सब संग॥

भावार्थ—श्रीरामजी बालोचित सुन्दर गहने-कपड़ोंसे सजे हुए हैं; उनके श्रीअंग धूलसे मटमैले हो रहे हैं, सब बालकों तथा भाइयोंके साथ आप बालकोंके-से खेल खेल रहे हैं॥ ११७॥

अनुदिन अवध बधावने नित नव मंगल मोद।
मुदित मातु पितु लोग लखि रघुबर बाल बिनोद॥

भावार्थ—श्रीअयोध्याजीमें रोज बधावे बजते हैं, नित नये-नये मंगलाचार और आनन्द मनाये जाते हैं। श्रीरघुनाथजीकी बाललीला देख-देखकर माता-पिता तथा सब लोग बड़े प्रसन्न होते हैं॥ ११८॥

राज अजिर राजत रुचिर कोसलपालक बाल।
जानु पानि चर चरित बर सगुन सुमंगल माल॥

भावार्थ—कोसलपति महाराज दशरथके लाड़ले लाल राजमहलके सुन्दर आँगनमें हाथों और घुटनोंके बल (बकैयाँ) चलते हुए ऐसी उत्तम-उत्तम लीलाएँ कर रहे हैं जो मानो सब शुभ गुण और सुमंगलोंकी माला ही है॥ ११९॥

नाम ललित लीला ललित ललित रूप रघुनाथ।
ललित बसन भूषन ललित ललित अनुज सिसु साथ॥

भावार्थ—श्रीरघुनाथजीका नाम, उनकी लीला, उनका सुन्दर रूप, उनके वस्त्र, उनके आभूषण सभी अत्यन्त सुन्दर हैं और सुन्दर छोटे भाई तथा अयोध्यावासी बालक उनके साथ [खेल रहे] हैं॥ १२०॥

राम भरत लछिमन ललित सत्रु समन सुभ नाम।
सुमिरत दसरथ सुवन सब पूजहिं सब मन काम॥

भावार्थ—श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न ऐसे जिनके सुन्दर और शुभ नाम हैं, दशरथजीके इन सब सुपुत्रोंका स्मरण करते ही सारी मनोकामनाएँ पूर्ण हो जाती हैं॥ १२१॥

बालक कोसलपाल के सेवकपाल कृपाल।
तुलसी मन मानस बसत मंगल मंजु मराल॥

भावार्थ—कोसलपति श्रीदशरथजीके बालक श्रीरामजी सेवकोंकी रक्षा करनेवाले तथा बड़े ही कृपालु हैं। वे तुलसीदासके मनरूपी मानसरोवरमें कल्याणरूप सुन्दर हंसके समान निवास करते हैं॥ १२२॥

भगत भूमि भूसुर सुरभि सुर हित लागि कृपाल।
करत चरित धरि मनुज तनु सुनत मिटहिं जगजाल॥

भावार्थ—भक्त, भूमि, ब्राह्मण, गौ, देवताओंके हितके लिये कृपालु श्रीरामचन्द्रजी मनुष्य-शरीर धारणकर [नाना प्रकारकी] लीलाएँ करते हैं, जिनके सुननेमात्रसे जगत्‌के [सारे] जंजाल कट जाते हैं॥ १२३॥

निज इच्छा प्रभु अवतरइ सुर महि गो द्विज लागि।
सगुन उपासक संग तहँ रहहिं मोच्छ सब त्यागि॥

भावार्थ—देवता, पृथ्वी, गौ और ब्राह्मणों [की रक्षा]-के लिये भगवान् अपनी इच्छासे ही [किसी कर्मबन्धनसे नहीं] अवतार धारण करते हैं। वहाँ सगुण स्वरूपके उपासक भक्तगण [सालोक्य, सामीप्य, सारूप्य, सार्ष्टि और सायुज्य] सब प्रकारके मोक्षोंका परित्याग कर [परिकररूपसे] उनके साथ रहते हैं॥ १२४॥

प्रार्थना

परमानंद कृपायतन मन परिपूरन काम।
प्रेम भगति अनपायनी देहु हमहि श्रीराम॥

भावार्थ—हे परमानन्दस्वरूप, कृपाके धाम, मनकी [सारी] कामनाओंके पूर्ण करनेवाले श्रीरामचन्द्रजी! आप हमें अपनी अविचल प्रेमा भक्ति दीजिये॥ १२५॥

भजनकी महिमा

बारि मथें घृत होइ बरु सिकता ते बरु तेल।
बिनु हरि भजन न भव तरिअ यह सिद्धांत अपेल॥

भावार्थ—जलके मथनेसे भले ही घी उत्पन्न हो जाय तथा बालूके पेरनेसे चाहे तेल निकल आवे; परंतु श्रीहरिके भजन बिना भवसागरसे पार नहीं हुआ जा सकता, यह सिद्धान्त अटल है॥ १२६॥

हरि माया कृत दोष गुन बिनु हरि भजन न जाहिं।
भजिअ राम सब काम तजि अस बिचारि मन माहिं॥

भावार्थ—श्रीहरिकी मायाके द्वारा रचे हुए दोष और गुण

श्रीहरिके भजन बिना नष्ट नहीं होते। ऐसा मनमें विचारकर सब कामनाओंको त्यागकर श्रीरामजीका भजन ही करना चाहिये॥ १२७॥

जो चेतन कहँ जड़ करइ जड़हि करइ चैतन्य।
अस समर्थ रघुनायकहि भजहिं जीव ते धन्य॥

भावार्थ—जो चेतनको जड़ कर देते हैं और जड़को चेतन, ऐसे समर्थ श्रीरघुनाथजीको जो जीव भजते हैं वे धन्य हैं॥ १२८॥

श्रीरघुबीर प्रताप ते सिंधु तरे पाषान।
ते मतिमंद जे राम तजि भजहिं जाइ प्रभु आन॥

भावार्थ—श्रीरघुनाथजीके प्रतापसे समुद्रमें पत्थर तर गये। अतएव वे लोग [निश्चय ही] मन्दबुद्धि हैं जो ऐसे श्रीरामजीको छोड़कर किसी दूसरे स्वामीको जाकर भजते हैं॥ १२९॥

लव निमेष परमानु जुग बरस कलप सर चंड।
भजसि न मन तेहि राम कहँ कालु जासु कोदंड॥

भावार्थ—हे मन! तू उन श्रीरामको क्यों नहीं भजता; जिनका काल तो धनुष है और लव, निमेष, परमाणु, युग, वर्ष और कल्प जिनके प्रचण्ड बाण हैं॥ १३०॥

तब लगि कुसल न जीव कहुँ सपनेहुँ मन बिश्राम।
जब लगि भजत न राम कहुँ सोकधाम तजि काम॥

भावार्थ—जबतक यह जीव शोकके घर काम (विषयोंकी कामना)-को त्यागकर श्रीरामजीको नहीं भजता, तबतक उसके लिये न तो कुशल है और न स्वप्नमें भी [कभी] उसके मनको शान्ति मिलती है॥ १३१॥

बिनु सतसंग न हरिकथा तेहि बिनु मोह न भाग।
मोह गएँ बिनु रामपद होइ न दृढ़ अनुराग॥

भावार्थ—सत्संगके बिना भगवान्‌की लीला-कथाएँ सुननेको नहीं मिलतीं, भगवान्‌की रहस्यमयी कथाओंके सुने बिना मोह नहीं भागता और मोहका नाश हुए बिना भगवान् श्रीरामजीके चरणोंमें सुदृढ़ (अचल) प्रेम नहीं होता॥ १३२॥

बिनु बिस्वास भगति नहिं तेहि बिनु द्रवहिं न रामु।
राम कृपा बिनु सपनेहुँ जीव न लह बिश्रामु॥

भावार्थ—भगवान्‌पर श्रद्धा-विश्वास हुए बिना उनकी भक्ति नहीं होती, भक्तिके बिना श्रीरामजी पिघलते नहीं और श्रीरामजीकी कृपा बिना जीव स्वप्नमें भी विश्राम (शान्ति) नहीं पाता॥ १३३॥

सोरठा

अस बिचारि मतिधीर तजि कुतर्क संसय सकल।
भजहु राम रघुबीर करुनाकर सुंदर सुखद॥

भावार्थ—हे धीरबुद्धि! ऐसा विचारकर सारे कुतर्कों और संशयोंको त्यागकर करुणाकी खान परम मनोहर दिव्यविग्रह, परम सुखदायक रघुवीर श्रीरामजीका भजन करिये॥ १३४॥

भाव बस्य भगवान सुख निधान करुना भवन।
तजि ममता मद मान भजिअ सदा सीता रवन॥

भावार्थ—सुखके खजाने और करुणाके धाम भगवान् भाव (प्रेम)-के वश हैं। अतएव ममता, मद और मानको त्यागकर निरन्तर सीतापति श्रीरामजीका भजन ही करना चाहिये॥ १३५॥

कहहिं बिमलमति संत बेद पुरान बिचारि अस।
द्रवहिं जानकी कंत तब छूटै संसार दुख॥

भावार्थ—निर्मल बुद्धिवाले संत वेद और पुराणोंका विचार करके यही कहते हैं कि जानकीनाथ भगवान् श्रीरामचन्द्रजी जब कृपा करते हैं, तभी संसारके दुःखोंसे छुटकारा मिलता है॥ १३६॥

बिनु गुर होइ कि ग्यान ग्यान कि होइ बिराग बिनु।
गावहिं बेद पुरान सुख कि लहिअ हरि भगति बिनु॥

भावार्थ—वेद-पुराण कहते हैं कि क्या बिना गुरुके ज्ञान हो सकता है, अथवा वैराग्यके बिना क्या ज्ञान प्राप्त हो सकता है? और श्रीहरिकी भक्ति बिना क्या कभी [सच्चे] सुखकी प्राप्ति हो सकती है?॥ १३७॥

दोहा

रामचंद्र के भजन बिनु जो चह पद निर्बान।
ग्यानवंत अपि सो नर पसु बिनु पूँछ बिषान॥

भावार्थ—जो मनुष्य श्रीरामचन्द्रजीके भजन विना ही निर्वाणपद (मोक्ष) चाहता है, वह ज्ञानवान् (समझदार) होनेपर भी विना सींग-पूँछका (डूँडा) पशु है॥ १३८॥

जरउ सो संपति सदन सुखु सुहृद मातु पितु भाइ।
सनमुख होत जो रामपद करइ न सहस सहाइ॥

भावार्थ—वह सम्पत्ति, घर, सुख, मित्र, माता-पिता और भाई आदि सब जल जायँ (नष्ट हो जायँ), जो श्रीरामजीके चरणोंके सम्मुख होनेमें हँसते हुए (प्रसन्नतापूर्वक) सहायता नहीं करते॥ १३९॥

सेइ साधु गुरु समुझि सिखि राम भगति थिरताइ।
लरिकाई को पैरिबो तुलसी बिसरि न जाइ॥

भावार्थ—सच्चे साधु और सद्गुरुकी सेवा करके उनसे श्रीरामजीके तत्त्वको समझो और सीखो, तब श्रीरामकी भक्ति स्थिर हो जायगी; क्योंकि वचपनमें सीखा हुआ तैरना फिर नहीं भूलता॥ १४०॥

रामसेवककी महिमा

सबइ कहावत राम के सबहि राम की आस।
राम कहहिं जेहि आपनो तेहि भजु तुलसीदास॥

भावार्थ—सभी श्रीरामजीके भक्त कहलाते हैं और सभीको श्रीरामचन्द्रजीकी ही आशा है। परंतु हे तुलसीदास! तू तो उसीका भजन (सेवा) कर, जिसको स्वयं श्रीरामचन्द्रजी अपना भक्त कहते हैं॥ १४१॥

जेहि सरीर रति राम सों सोइ आदरहिं सुजान।
रुद्रदेह तजि नेहबस बानर भे हनुमान॥

भावार्थ—चतुरलोग उसी शरीरका आदर करते हैं, जिस शरीरसे श्रीरामजीमें प्रेम होता है। इस प्रेमके कारण ही हनुमान्‌जीने अपने रुद्रदेहको त्यागकर वानरका शरीर धारण किया है॥ १४२॥

शिशुको विषयरूपी विषधर सर्प अथवा विषयरूपी ज्वालाकी ओर जाते देखकर माता-पितारूप श्रीसीतारामजी बचा लेते हैं॥ १४७॥

तुलसी दिन भल साहु कहँ भली चोर कहँ राति।
निसि बासर ता कहँ भलो मानै राम इताति॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि साहूकारके लिये दिन अच्छा है और चोरके लिये रात अच्छी है; परंतु जो श्रीरामजीकी आज्ञा मानता है, उसके लिये रात-दिन दोनों कल्याणकारी हैं॥ १४८॥

राममहिमा

तुलसी जाने सुनि समुझि कृपासिंधु रघुराज।
महँगे मनि कंचन किए सौंधे जग जल नाज॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि हमने संत-महात्माओंसे सुनकर और स्वयं समझकर यह भलीभाँति जान लिया है कि श्रीरघुनाथजी कृपाके समुद्र हैं, जिन्होंने मणियोंको और सोनेको तो महँगा कर दिया; परंतु प्राण धारण करनेके लिये सबसे अधिक आवश्यक वस्तु जल और अन्नको जगत्में सस्ता (सुलभ) बना दिया॥ १४९॥

रामभजनकी महिमा

सेवा सील सनेह बस करि परिहरि प्रिय लोग।
तुलसी ते सब राम सों सुखद सँजोग बियोग॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जगत्के सम्बन्धी प्रियजनोंको (उनके मोहको) त्यागकर सेवा, शील और प्रेमसे श्रीरामजीको वशमें करो। श्रीरामजीके प्रति सेवा, प्रेम आदि करनेपर प्रत्येक संयोग-वियोग सुखप्रद हो जायगा (क्योंकि मोहवश ही मनुष्यको जन्म-मरणशील प्रियजनों या प्रिय पदार्थोंके संयोग-वियोगमें सुख-दुःख होता है और रामजीसे तो कभी वियोग हो ही नहीं सकता)॥ १५०॥

चारि चहत मानस अगम चनक चारि को लाहु।
चारि परिहरें चारि को दानि चारि चख चाहु॥

भावार्थ—धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष—इन चारोंको मनुष्य चाहता है;

परंतु ये मनसे अगम हैं मिलते नहीं। मिलते हैं चार चने ही (केवल कुछ विषय ही), अतएव इन चारोंकी चाह छोड़कर चारोंके देनेवाले भगवान् श्रीरामजीको बाहरके दो और भीतरके दो (मन-बुद्धि)—इन चारों नेत्रोंसे देखो॥ १५१॥

रामप्रेमकी प्राप्तिका सुगम उपाय

सूधे मन सूधे बचन सूधी सब करतूति।
तुलसी सूधी सकल बिधि रघुबर प्रेम प्रसूति॥

भावार्थ—जिसका मन सरल है, वाणी सरल है और समस्त क्रियाएँ सरल हैं, उसके लिये भगवान् श्रीरघुनाथजीके प्रेमको उत्पन्न करनेवाली सभी विधियाँ सरल हैं अर्थात् निष्कपट (दम्भरहित) मन, वाणी और कर्मसे भगवान्‌का प्रेम अत्यन्त सरलतासे प्राप्त हो सकता है॥ १५२॥

रामप्राप्तिमें बाधक

बेष बिसद बोलनि मधुर मन कटु करम मलीन।
तुलसी राम न पाइऐ भएँ बिषय जल मीन॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि ऊपरका वेष साधुओंका-सा हो और बोली भी मीठी हो, परंतु मन कठोर और कर्म भी मलिन हो—इस प्रकार विषयरूपी जलकी मछली बने रहनेसे श्रीरामजीकी प्राप्ति नहीं होती (श्रीरामजी तो सरल मनवालेको ही मिलते हैं)॥ १५३॥

बचन बेष तें जो बनइ सो बिगरइ परिनाम।
तुलसी मन तें जो बनइ बनी बनाई राम॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि दम्भसे भरे हुए बाहरी वेष और वचनोंसे जो काम बनता है, वह दम्भ खुलनेपर अन्तमें बिगड़ जाता है; परंतु जो काम सरल मनसे बनता है, वह तो श्रीरामकी कृपासे बना-बनाया ही है॥ १५४॥

रामकी अनुकूलतामें ही कल्याण है

नीच मीचु लै जाइ जो राम रजायसु पाइ।
तौ तुलसी तेरो भलो न तु अनभलो अघाइ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि रे नीच! यदि श्रीरामजीकी आज्ञा पाकर तुझे मृत्यु ले जाय तो उसमें भी तेरा कल्याण ही है। परंतु मनमाने जीवनमें तो महान् अकल्याण ही है॥ १५५॥

श्रीरामकी शरणागतवत्सलता

जाति हीन अघ जन्म महि मुक्त कीन्हि असि नारि।
महामंद मन सुख चहसि ऐसे प्रभुहि बिसारि॥

भावार्थ—जो नीच जातिकी और पापोंकी जन्मभूमि थी, ऐसी स्त्री (शबरी)-को भी जिन्होंने मुक्त कर दिया, अरे महामूर्ख मन! तू ऐसे प्रभु श्रीरामको भूलकर सुख चाहता है?॥ १५६॥

बंधु बधू रत कहि कियो बचन निरुत्तर बालि।
तुलसी प्रभु सुग्रीव की चितइ न कछू कुचालि॥

भावार्थ—श्रीरामजीने बालिको तो यह कहकर निरुत्तर कर दिया कि तू भाईकी स्त्रीपर आसक्त है; परंतु तुलसीदासजी कहते हैं कि प्रभुने सुग्रीवकी वैसी ही कुचालपर कुछ भी ध्यान नहीं दिया॥ १५७॥

बालि बली बलसालि दलि सखा कीन्ह कपिराज।
तुलसी राम कृपालु को बिरद गरीब निवाज॥

भावार्थ—श्रीरामजीने शरीरसे बली और सेना-राज्यादि बलोंसे युक्त बालिको मारकर सुग्रीवको अपना सखा और बंदरोंका राजा बना दिया। तुलसीदासजी कहते हैं कि कृपालु श्रीरामचन्द्रजीका विरद ही गरीबोंकी रक्षा करना है॥ १५८॥

कहा बिभीषन लै मिल्यो कहा बिगार्‌यो बालि।
तुलसी प्रभु सरनागतहि सब दिन आए पालि॥

भावार्थ—बालिने तो भगवान्‌का क्या बिगाड़ा था (जिससे उसको मार डाला) और विभीषण ऐसा क्या लेकर आया था (जिससे भगवान्‌ने

उसे लंकाका राज्य देकर अभय कर दिया) ? तुलसीदासजी कहते हैं कि प्रभु सदासे ही अपने शरणागतकी रक्षा करते आये हैं ॥ १५९ ॥

तुलसी कोसलपाल सो को सरनागत पाल।
भज्यो बिभीषन बंधु भय भंज्यो दारिद काल॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि कोसलपति श्रीरामजीके समान शरणागतका पालन करनेवाला और कौन है ? विभीषणने भाई रावणके डरसे श्रीरामजीका भजन किया था, परंतु भगवान्‌ने उसकी दरिद्रताको तथा कालको नष्ट कर दिया (लंकाका राज्य देकर अमर कर दिया) ॥ १६० ॥

कुलिसहु चाहि कठोर अति कोमल कुसुमहु चाहि।
चित्त खगेस राम कर समुझि परइ कहु काहि॥

भावार्थ—[श्रीकाकभुशुण्डिजी गरुड़जीसे कहते हैं कि] हे पक्षिराज! श्रीरामजीका चित्त [अपने लिये तो] वज्रसे अधिक कठोर है और [भक्तोंके लिये] फूलसे भी अधिक कोमल है। कहिये, फिर इस चित्तका रहस्य किसकी समझमें आ सकता है ॥ १६१ ॥

बलकल भूषन फल असन तृन सज्या द्रुम प्रीति।
तिन्ह समयन लंका दई यह रघुबर की रीति॥

भावार्थ—भगवान् श्रीरामजी जिस समय स्वयं वल्कल-वस्त्रोंसे भूषित रहते थे, फल खाते थे, तिनकोंकी शय्यापर सोते थे और वृक्षोंसे प्रेम करते थे, उसी समय उन्होंने विभीषणको लंका प्रदान की। श्रीरघुनाथजीकी यही रीति है। (स्वयं त्याग करते हैं और भक्तोंको परम ऐश्वर्य दे देते हैं) ॥ १६२ ॥

जो संपति सिव रावनहि दीन्हि दिएँ दस माथ।
सोइ संपदा बिभीषनहि सकुचि दीन्हि रघुनाथ॥

भावार्थ—जो सम्पत्ति (लंकाका राज्य) रावणको शिवजीने दस सिरोंकी बलि चढ़ानेपर दी थी, वही सम्पदा श्रीरघुनाथजीने विभीषणको बड़े संकोचके साथ दी (यह सोचते रहे कि मैंने इस शरणागत भक्तको तुच्छ वस्तु ही दी) ॥ १६३ ॥

अबिचल राज बिभीषनहि दीन्ह राम रघुराज।
अजहुँ बिराजत लंक पर तुलसी सहित समाज॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि रघुराज श्रीरामजीने विभीषणको अविचल राज्य दे दिया; इसीसे वह आज भी अपने समाज (परिवार)-सहित लंकाके राज्यपदपर विराजमान है॥ १६४॥

कहा बिभीषन लै मिल्यो कहा दियो रघुनाथ।
तुलसी यह जाने बिना मूढ़ मीजिहैं हाथ॥

भावार्थ—विभीषण क्या लेकर भगवान्‌से मिला था और श्रीरघुनाथजीने उसे क्या दे डाला? तुलसीदासजी कहते हैं, इस बातको बिना जाने मूर्ख लोग हाथ ही मलते रह जायँगे। (खाली हाथ मिलनेवाले विभीषणको श्रीरामने लंकाका अचल राज्य और अपनी अविचल भक्ति दे दी। भगवान् श्रीरामके इस स्वभावको न जाननेवाले लोग श्रीरामकी शरण न होकर इस दुःखमय और अनित्य जगत्‌में ही भटकते रहेंगे)॥ १६५॥

बैरि बंधु निसिचर अधम तज्यो न भरें कलंक।
झूठें अघ सिय परिहरी तुलसी साइँ ससंक॥

भावार्थ—शत्रु रावणके भाई, नीच राक्षस और [भाईको त्याग देनेके] कलंकसे भरे रहनेपर भी विभीषणको तो रामने अपनी शरणमें ले लिया और झूठे ही अपराधोंके कारण पवित्रात्मा सीताका त्याग कर दिया। तुलसीदासके स्वामी श्रीरामचन्द्रजी बड़े ही सावधान हैं (लीला-व्यवहारमें अपने अंदर किसी प्रकारका दोष नहीं आने देते)॥ १६६॥

तेहि समाज कियो कठिन पन जेहिं तौल्यो कैलास।
तुलसी प्रभु महिमा कहौं सेवक को बिस्वास॥

भावार्थ—जिस रावणने कैलासको हाथोंसे तौला था, उसीके दरबारमें अंगदने पाँव रोपकर कठिन प्रण कर लिया [कि कोई यदि मेरा पैर हटा देगा तो मैं सीताको हार जाऊँगा और श्रीरामजी लौट

जायँगे तथा प्रभुने इस प्रणको भंग नहीं होने दिया]। तुलसीदासजी कहते हैं, इसे मैं प्रभुकी महिमा कहूँ या सेवक (अंगद)-का विश्वास बतलाऊँ॥ १६७॥

सभा सभासद निरखि पट पकरि उठायो हाथ।
तुलसी कियो इगारहों बसन बेस जदुनाथ॥

भावार्थ—जिस समय द्रौपदीने सभाकी और सभासदोंकी ओर देखकर (किसीसे भी रक्षाकी आशा न समझकर) एक हाथसे अपनी साड़ीको पकड़ा और दूसरे हाथको ऊँचा करके भगवान्‌को पुकारा, तुलसीदासजी कहते हैं कि उसी समय यादवपति भगवान् श्रीकृष्णने ग्यारहवाँ वस्त्रावतार धारण कर लिया (दस अवतार भगवान्‌के प्रसिद्ध हैं, यह ग्यारहवाँ हुआ)॥ १६८॥

त्राहि तीनि कह्यो द्रौपदी तुलसी राज समाज।
प्रथम बढ़े पट बिय बिकल चहत चकित निज काज॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि राजसभामें [जब दुःशासन द्रौपदीका चीर खींचने लगा तब] द्रौपदीने घबड़ाकर तीन बार 'त्राहि-त्राहि' पुकारा। पहली त्राहि कहते ही वस्त्र बढ़ गया, [दूसरीमें] भगवान् व्याकुल हो उठे कि द्रौपदीको सतानेवालोंके लिये अब क्या किया जाय? [तीसरीमें] चकित होकर अपने (दुष्टसंहाररूपी) कार्यकी इच्छा करने लगे (अर्थात् दुःशासनादि कौरवोंके संहारका निश्चय कर लिया अर्थात् भक्तकी सच्चे मनसे की हुई एक भी पुकार व्यर्थ नहीं जाती)॥ १६९॥

सुख जीवन सब कोउ चहत सुख जीवन हरि हाथ।
तुलसी दाता मागनेउ देखिअत अबुध अनाथ॥

भावार्थ—सब कोई सुखमय जीवन चाहते हैं, परंतु सुखमय जीवन श्रीहरिके हाथमें है। तुलसीदासको तो जगत्‌में दाता और भिखारी दोनों ही मूर्ख और अनाथ दिखायी देते हैं। (दाता इसलिये मूर्ख हैं कि वे दानके अभिमानसे बँध जाते हैं और भिखारी इसलिये अनाथ

हैं कि वे सर्वलोकमहेश्वर, सबके सुहृद्, अकारण कृपालु भगवान्‌को छोड़कर नाशवान् लोगोंसे नाशवान् भोग माँगते हैं)॥ १७०॥

कृपिन देइ पाइअ परो बिनु साधें सिधि होइ।
सीतापति सनमुख समुझि जो कीजै सुभ सोइ॥

भावार्थ—कृपण दे देता है, पड़ा मिल जाता है, बिना ही साधनके सिद्धि हो जाती है। श्रीजानकीनाथको सम्मुख समझकर (उनकी कृपापर भरोसा करके) जो कुछ कीजिये, वही शुभ हो जाता है॥ १७१॥

दंडक बन पावन करन चरन सरोज प्रभाउ।
ऊसर जामहिं खल तरहिं होइ रंक ते राउ॥

भावार्थ—दण्डकवनको पवित्र (शापमुक्त) करनेवाले भगवान्‌के चरणकमलोंके प्रभावसे ऊसर भूमिमें भी अन्न उत्पन्न हो जाता है, दुष्ट तर जाते हैं और रंक (दरिद्री) भी राजा बन जाता है॥ १७२॥

बिनहीं रितु तरुबर फरत सिला द्रवति जल जोर।
राम लखन सिय करि कृपा जब चितवत जेहि ओर॥

भावार्थ—श्रीराम, लक्ष्मण और सीताजी जब कृपा करके जिसकी तरफ ताक लेते हैं तब बिना ही ऋतुके वृक्ष फलने लगते हैं और पत्थरकी शिलाओंसे बड़े जोरसे जल बहने लगता है॥ १७३॥

सिला सुतिय भइ गिरि तरे मृतक जिए जग जान।
राम अनुग्रह सगुन सुभ सुलभ सकल कल्यान॥

भावार्थ—श्रीरामजीकी कृपासे सब शुभ सद्‌गुण आ जाते हैं, सब प्रकारके कल्याण सुलभ हो जाते हैं (सहज ही मिल जाते हैं)। इस बातको तमाम जगत् जानता है कि श्रीरामकृपासे शिला सुन्दरी स्त्री (अहल्या) बन गयी, समुद्रमें पहाड़ तर गये और युद्धमें मरे हुए वानर-भालु पुनः जीवित हो गये॥ १७४॥

सिला साप मोचन चरन सुमिरहु तुलसीदास।
तजहु सोच संकट मिटिहिं पूजहि मनकी आस॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि शिलाको (अहल्याको)

जानि राम सेवा सरस समुझि करब अनुमान।
पुरुषा ते सेवक भए हर ते भे हनुमान॥

भावार्थ—श्रीरामजीकी सेवामें परम आनन्द जानकर पितामह ब्रह्माजी सेवक (जाम्बवान्) बन गये और श्रीशिवजी हनुमान् हो गये। इस रहस्यको समझो और प्रेमकी महिमाका अनुमान लगाओ॥ १४३॥

तुलसी रघुबर सेवकहि खल डाटत मन माखि।
बाजराज के बालकहि लवा दिखावत आँखि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि दुष्ट लोग मनमें क्रोध करके श्रीरघुनाथजीके सेवकको वैसे ही डाँटा करते हैं जैसे बाजराजके बच्चेको बटेर आँख दिखाता है॥ १४४॥

रावन रिपुके दास तें कायर करहिं कुचालि।
खर दूषन मारीच ज्यों नीच जाहिंगे कालि॥

भावार्थ—कायर (नीचलोग) ही रावणारि श्रीरामजीके दासोंसे कुचाल किया करते हैं। वे नीच खर-दूषण या मारीचकी भाँति कल ही (शीघ्र ही) संसारसे कूच कर जायँगे॥ १४५॥

पुन्य पाप जस अजस के भावी भाजन भूरि।
संकट तुलसीदास को राम करहिंगे दूरि॥

भावार्थ—तुलसीदासका संकट तो श्रीरामजी दूर कर ही देंगे। हाँ, सहायक और बाधक लोग भविष्यमें पुण्य-पाप तथा यश-अपयशके पात्र खूब होंगे॥ १४६॥

खेलत बालक ब्याल सँग मेलत पावक हाथ।
तुलसी सिसु पितु मातु ज्यों राखत सिय रघुनाथ*॥

भावार्थ—जैसे साँपके साथ खेलते और अग्निमें हाथ डालते हुए बालकको उसके माता-पिता रोक लेते हैं, वैसे ही तुलसीदासरूपी

---

* रामचरितमानसमें इसी भावकी निम्नलिखित अर्धाली मिलती है—

गह सिसु बच्छ अनल अहि धाई। तहँ राखइ जननी अरगाई॥

(अरण्य० ४२। ३)

प्रिय हैं, किंतु जो मुझसे विरोध रखते हैं अथवा जो शिवजीसे विरोध रखते हैं और मेरे दास [बनना चाहते] हैं, वे मनुष्य एक कल्पतक घोर नरकमें पड़े रहते हैं [अतएव श्रीशंकरजीमें और श्रीरामजीमें कोई ऊँच-नीचका भेद नहीं मानना चाहिये] ॥ १०१ ॥

बिलग बिलग सुख संग दुख जनम मरन सोइ रीति।
रहिअत राखे राम कें गए ते उचित अनीति॥

भावार्थ—संसारसे दूर-दूर (आसक्तिरहित होकर) रहनेमें ही सुख है, आसक्तिमें ही दुःख है। यही बात जन्म और मृत्युमें भी है। श्रीरामके रखे अर्थात् वे रखना चाहते हैं, इसीलिये (आसक्तिरहित होकर यहाँ) रहना चाहिये। अन्यथा इस अनीतिसे (रागयुक्त संसारसे) जो चले गये, उन्होंने ही उचित किया (तात्पर्य यह कि जगत्‌में या तो भगवत्प्रेमी होकर रहे या ऐसी चेष्टा करे जिसमें इससे मुक्ति ही मिल जाय) ॥ १०२ ॥

रामप्रेमकी सर्वोत्कृष्टता

जायँ कहब करतूति बिनु जायँ जोग बिन छेम।
तुलसी जायँ उपाय सब बिना राम पद प्रेम॥

भावार्थ—बिना करनी किये केवल कथनमात्र व्यर्थ है, बिना क्षेम (प्राप्त वस्तुकी रक्षा)-के योग (अप्राप्त वस्तुकी प्राप्ति) व्यर्थ है। तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीरामके चरणोंमें प्रेम हुए बिना सब साधन व्यर्थ हैं॥ १०३ ॥

लोग मगन सब जोगहीं जोग जायँ बिनु छेम।
त्यों तुलसीके भावगत राम प्रेम बिनु नेम॥

भावार्थ—लोग सब योगमें ही (अप्राप्त वस्तुके प्राप्त करनेके काममें ही) लगे हैं, परंतु क्षेम (प्राप्त वस्तुकी रक्षा)-का उपाय किये बिना योग व्यर्थ है। इसी प्रकार तुलसीदासजीके विचारसे श्रीरामजीके प्रेम बिना सभी नियम व्यर्थ हैं॥ १०४ ॥

शत्रुसे मुक्त करनेवाले श्रीरामजीके चरणोंका स्मरण करो और सब चिन्ताओंका त्याग कर दो। इस प्रकार अनन्य श्रीरामचिन्तनसे तुम्हारे सब संकट दूर हो जायँगे और मनोकामना पूर्ण हो जायगी॥ १७५॥

मुए जिआए भालु कपि अवध बिप्रको पूत।
सुमिरहु तुलसी ताहि तू जाको मारुति दूत॥

भावार्थ—जिन्होंने लंकामें मरे हुए बंदर-भालुओंको जिला दिया और अयोध्यामें मरे हुए एक ब्राह्मणके बालकको जीवित कर दिया, हे तुलसीदास! तुम उनका स्मरण करो, जिनके दूत पवनपुत्र हनुमान्‌जी हैं (जो संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मणजीको जीवित करनेवाले हैं)॥ १७६॥

प्रार्थना

काल करम गुन दोष जग जीव तिहारे हाथ।
तुलसी रघुबर रावरो जानु जानकीनाथ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि हे रघुनाथजी! काल, कर्म, गुण, दोष, जगत्-जीव—सब आपके ही अधीन हैं। हे जानकीनाथ! इस तुलसीको भी अपना ही जानकर अपनाइये॥ १७७॥

रोग निकर तनु जरठपनु तुलसी संग कुलोग।
राम कृपा लै पालिए दीन पालिबे जोग॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं—मेरा शरीर रोगोंकी खान है, वृद्धावस्था है और बुरे लोगोंका संग है। हे राम! आप कृपा करके मुझे अपनाकर मेरा पालन कीजिये, यह दीन पालने योग्य है॥ १७८॥

मो सम दीन न दीन हित तुम्ह समान रघुबीर।
अस बिचारि रघुबंस मनि हरहु बिषम भव भीर॥

भावार्थ—हे रघुवीर! मेरे समान तो कोई दीन नहीं है और आपके समान कोई दीनबन्धु नहीं है। ऐसा विचारकर हे रघुवंशमणि! जन्म-मरणके महान् भयका नाश कीजिये॥ १७९॥

भव भुअंग तुलसी नकुल डसत ग्यान हरि लेत।
चित्रकूट एक औषधी चितवत होत सचेत॥

भावार्थ—संसाररूपी सर्प तुलसीदासरूपी नेवलेको डसते ही उसका सारा ज्ञान हरण कर लेता है; परंतु चित्रकूट एक ऐसी औषध है कि उसकी ओर देखते ही वह पुनः सचेत हो जाता है (चित्रकूटकी बड़ी महिमा है)॥ १८०॥

हौंहु कहावत सबु कहत राम सहत उपहास।
साहिब सीतानाथ सो सेवक तुलसीदास॥

भावार्थ—[तुलसीदासजी कहते हैं कि] सब लोग मुझे श्रीरामजीका दास कहते हैं और मैं भी बिना लज्जा-संकोचके कहलाता हूँ (कहने-वालोंका विरोध नहीं करता)। कृपालु श्रीरामजी इस उपहासको सहते हैं कि श्रीजानकीनाथजी-सरीखे स्वामीका तुलसीदास-सा सेवक है!॥ १८१॥

रामराज्यकी महिमा

राम राज राजत सकल धरम निरत नर नारि।
राग न रोष न दोष दुख सुलभ पदारथ चारि॥

भावार्थ—रामराज्यमें सभी नर-नारी अपने-अपने धर्ममें रत होकर शोभित हो रहे हैं। कहीं भी राग (आसक्त), क्रोध, दोष और दुःख नहीं हैं; धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष—चारों पदार्थ सुलभ हो रहे हैं॥ १८२॥

राम राज संतोष सुख घर बन सकल सुपास।
तरु सुरतरु सुरधेनु महि अभिमत भोग बिलास॥

भावार्थ—रामराज्यमें सब प्रकारसे संतोष और सुख है, घरमें तथा वनमें दोनों ही जगह सब प्रकारकी सुविधाएँ हैं। वृक्ष कल्पपृक्षके समान और पृथ्वी कामधेनुके समान इच्छामात्रको पूर्ण करती है और मनोवांछित भोग-विलास सबको प्राप्त हैं॥ १८३॥

खेती बनि बिद्या बनिज सेवा सिलिप सुकाज।
तुलसी सुरतरु सरिस सब सुफल राम कें राज॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीरामजीके राज्यमें खेती,

मजदूरी, विद्या, व्यापार, सेवा और कारीगरी तथा अन्य सुन्दर कार्य कल्पवृक्षके समान सब सुन्दर शुभ फलोंके देनेवाले हैं॥ १८४॥

दंड जतिन्ह कर भेद जहँ नर्तक नृत्य समाज।
जीतहु मनहि सुनिअ अस रामचंद्र कें राज॥

भावार्थ—श्रीरामचन्द्रजीके राज्यमें दण्ड केवल संन्यासियोंके हाथोंमें रह गया था और भेद [सुर-तालके भेदके अर्थमें] केवल नाचनेवालोंके नृत्य-समाजमें था; और 'जीतो' शब्द केवल मनको जीतनेके प्रसंगमें ही सुन पड़ता था (राजनीतिमें साम, दान, दण्ड, भेद—ये चार शत्रुको जीतनेके उपाय कहे गये हैं। श्रीरामराज्यमें कोई शत्रु था ही नहीं, जिसके लिये इनसे काम लेना पड़ता; अतएव दण्ड और भेदके नामसे तो क्रमशः उपर्युक्त वस्तु तथा भाव रह गये थे और साम, दान, स्वाभाविक सात्त्विक गुण हैं ही)॥ १८५॥

कोपें सोच न पोच कर करिअ निहोर न काज।
तुलसी परमिति प्रीति की रीति राम कें राज॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीरामचन्द्रजीके राज्यमें प्रेमकी रीति सीमातक पहुँच गयी थी। इनसे न तो किसीके क्रोध करनेपर कोई उसकी चिन्ता ही करता और न उसका कोई अपकार ही करता। सब लोग सबका काम प्रेमसे करते। काम करनेमें कोई किसीपर अहसान नहीं जताता॥ १८६॥

श्रीरामकी दयालुता

मुकुर निरखि मुख राम भ्रू गनत गुनहि दै दोष।
तुलसी से सठ सेवकन्हि लखि जनि परहिं सरोष॥

भावार्थ—श्रीरामजी दर्पणमें अपना श्रीमुख निरखकर अपनी टेढ़ी भौंहोंको जो एक गुण है, दोष देते हैं और सोचते हैं कि तुलसी-सरीखे दुष्ट सेवकोंको कहीं इन टेढ़ी भ्रुकुटियोंमें क्रोध न दिखायी देने लगे॥ १८७॥

श्रीरामकी धर्मधुरन्धरता

सहसनाम मुनि भनित सुनि तुलसी बल्लभ नाम।
सकुचित हियँ हँसि निरखि सिय धरम धुरंधर राम॥

भावार्थ—मुनिके कहे हुए रामसहस्रनाममें 'तुलसीवल्लभ' अपना नाम सुनकर धर्मधुरंधर भगवान् श्रीरामजी हँसकर सीताजीकी ओर देखते हैं और मन-ही-मन सकुचाते हैं॥ १८८॥

श्रीसीताजीका अलौकिक प्रेम

गौतम तिय गति सुरति करि नहिं परसति पग पानि।
मन बिहँसे रघुबंसमनि प्रीति अलौकिक जानि॥

भावार्थ—[जनकपुरीमें सखियोंके कहनेपर भी] मुनि गौतमकी पत्नी अहल्याकी गतिको याद करके (जो चरणस्पर्श करते ही देवी बनकर आकाशमें उड़ गयी थी) श्रीसीताजी अपने हाथोंसे भगवान् श्रीरामजीके पैर नहीं छूतीं। रघुवंशविभूषण श्रीरामजी सीताजीके इस अलौकिक प्रेमको जानकर मन-ही-मन हँसने लगे॥ १८९॥

श्रीरामकी कीर्ति

तुलसी बिलसत नखत निसि सरद सुधाकर साथ।
मुकुता झालरि झलक जनु राम सुजसु सिसु हाथ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि शरत्पूर्णिमाके चन्द्रमाके साथ रात्रिमें नक्षत्रावली ऐसी शोभा देती है, मानो श्रीरामजीके सुयशरूपी शिशुके हाथमें मोतियोंकी झालर झलमला रही हो॥ १९०॥

रघुपति कीरति कामिनी क्यों कहै तुलसीदासु।
सरद अकास प्रकास ससि चारु चिबुक तिल जासु॥

भावार्थ—श्रीरघुनाथजीकी कीर्तिरूपी कामिनीका तुलसीदास कैसे बखान कर सकता है? शरत्पूर्णिमाके आकाशमें प्रकाशित होनेवाला चन्द्रमा मानो उस कीर्ति-कामिनीकी ठुड्डीका तिल है॥ १९१॥

प्रभु गुन गन भूषन बसन बिसद बिसेष सुबेस।
राम सुकीरति कामिनी तुलसी करतब केस॥

भावार्थ—प्रभु श्रीरामजीके गुणोंके समूह श्रीरामजीकी सुन्दर कीर्तिरूपी कामिनीके वस्त्र और आभूषण हैं, जिनसे उसका वेष बहुत ही स्वच्छ और सुन्दर जान पड़ता है। और तुलसीदासकी [उस कीर्तिका वर्णन करनारूपी] जो करतूत है, वह [अनधिकार प्रयास होनेके कारण अत्यन्त काली है, इसलिये] उसके केश हैं॥ १९२॥

राम चरित राकेस कर सरिस सुखद सब काहु।
सज्जन कुमुद चकोर चित हित बिसेषि बड़ लाहु॥

भावार्थ—श्रीरामचन्द्रजीके चरित्र पूर्णिमाके चन्द्रमाकी किरणोंके समान सभीको सुख देनेवाले हैं, परंतु सज्जनरूपी कुमुद और चकोरोंके चित्तके लिये तो वे विशेषरूपसे हितकारी और महान् लाभरूप हैं॥ १९३॥

रघुबर कीरति सज्जननि सीतल खलनि सुताति।
ज्यों चकोर चय चक्कवनि तुलसी चाँदनि राति॥

भावार्थ—जिस प्रकार चाँदनी रात चकोरोंके समूहके लिये शान्तिदायिनी और चकवोंके लिये विशेष ताप देनेवाली होती है, तुलसीदासजी कहते हैं कि उसी प्रकार श्रीरघुनाथजीकी कीर्ति सज्जनोंके लिये शीतल [सुख देनेवाली] और दुर्जनोंको विशेष जलानेवाली होती है॥ १९४॥

रामकथाकी महिमा

राम कथा मंदाकिनी चित्रकूट चित चारु।
तुलसी सुभग सनेह बन सिय रघुबीर बिहारु॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीरामजीकी कथा मन्दाकिनी नदी है, सुन्दर [भक्तिसे पूर्ण निर्दोष] चित्त चित्रकूट है और स्नेह ही सुन्दर वन है, जिसमें श्रीसीतारामजी विहार करते हैं॥ १९५॥

स्याम सुरभि पय बिसद अति गुनद करहिं सब पान।
गिरा ग्राम्य सिय राम जस गावहिं सुनहिं सुजान॥

भावार्थ—श्यामा (कजली) गौ काली होनेपर भी उसका दूध

बहुत उज्ज्वल और गुणदायक होता है, इसीसे लोग उसे [बड़े चावसे] पीते हैं। इसी प्रकार बुद्धिमान् संतजन श्रीसीतारामजीके यशको गँवारू भाषामें होनेपर भी [बड़े चावसे] गाते और सुनते हैं॥ १९६॥

हरि हर जस सुर नर गिरहुँ बरनहिं सुकबि समाज।
हाँड़ी हाटक घटित चरु राँधे स्वाद सुनाज॥

भावार्थ—सुकविगण भगवान् श्रीहरि और भगवान् श्रीशंकरके यशको संस्कृत और भाषा दोनोंमें ही वर्णन करते हैं। उत्तम अनाजको चाहे मिट्टीकी हाँड़ीमें पकाया जाय, चाहे सोनेके पात्रमें, वह स्वादिष्ट ही होता है॥ १९७॥

राममहिमाकी अज्ञेयता

तिल पर राखेउ सकल जग बिदित बिलोकत लोग।
तुलसी महिमा राम की कौन जानिबे जोग॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीरामजीकी महिमाको [पूर्णरूपसे] जाननेका अधिकारी कौन है? (अर्थात् कोई नहीं है।) उन्होंने आँखके काले तिल (पुतली) पर सारे जगत्को रख दिया है, इस बातको सब लोग जानते हैं और प्रत्यक्ष देखते हैं (आँखोंका छोटा-सा तिल यदि बिगड़ जाय तो इतना भारी विस्तृत जगत् जरा-सा भी नहीं दीख पड़ता)॥ १९८॥

श्रीरामजीके स्वरूपकी अलौकिकता

सोरठा

राम सरूप तुम्हार बचन अगोचर बुद्धिपर।
अबिगत अकथ अपार नेति नेति नित निगम कह॥

भावार्थ—हे रामजी! आपका स्वरूप वाणीके अगोचर और बुद्धिसे परे है। इस स्वरूपको न कोई जान पाया है, न बखान कर सकता है, न उसका पार ही पा सकता है; इसलिये वेद सदा 'नेति-नेति' कहकर उसका वर्णन करते हैं॥ १९९॥

सब बिधि समरथ सकल कह सहि साँसति दिन राति।
भलो निबाहेउ सुनि समुझि स्वामिधर्म सब भाँति॥

भावार्थ—प्रेमके तत्त्वको जानने और निबाहनेमें श्रीरामजी ही सब प्रकारसे समर्थ हैं, सब लोग यही कहते हैं। इसीके अनुसार उन्होंने सब कुछ सुन-समझकर दिन-रात कष्ट सहते हुए अपने स्वामिधर्मको सब प्रकारसे भलीभाँति निबाहा। (सीताको वन-वन ढूँढ़ते फिरे, लक्ष्मणके लिये कितना विलाप किया और भरतको तो कभी चित्तसे हटाया ही नहीं—भरतकी प्रशंसा स्वयं निम्नलिखित शब्दोंमें की)॥ २०४॥

भरत-महिमा

भरतहि होइ न राजमदु बिधि हरिहर पद पाइ।
कबहुँ कि काँजी सीकरनि छीरसिंधु बिनसाइ॥

भावार्थ—[अयोध्याके राज्यकी तो बात ही क्या है] ब्रह्मा, विष्णु और महेशका पद पाकर भी भरतको राजमद नहीं हो सकता। काँजीकी बूँदोंसे भला क्या कभी क्षीरसागर नष्ट हो सकता है (फट सकता है)?॥ २०५॥

संपति चकई भरत चक मुनि आयस खेलवार।
तेहि निसि आश्रम पिंजराँ राखे भा भिनुसार॥

भावार्थ—[भरद्वाजजीके योगबलसे जुटायी हुई] भोग-विलासकी सामग्री मानो चकवी है और भरतजी चकवा हैं तथा भरद्वाज मुनिकी आज्ञा खिलाड़ी है, जिसने उस रातको आश्रमरूपी पिंजड़ेमें दोनों (चकवी-चकवा)-को बंद कर रखा और वैसे ही सबेरा हो गया; परंतु दोनोंका मिलन नहीं हुआ। (श्रीरामजीसे मिलनेके लिये जब भरतजी सब अयोध्यावासियोंको साथ लेकर चित्रकूट जा रहे थे, तब रास्तेमें भरद्वाजजीने उनका आतिथ्य—सत्कार किया और तपोबलसे नाना प्रकारकी ऐश्वर्यपूर्ण भोग-सामग्रियाँ उत्पन्न कर दीं, परंतु भरतजीने समीप रहनेपर भी उस सम्पत्तिकी ओर—भोग-सामग्रियोंकी ओर मनसे भी नहीं ताका, जैसे चकवा-चकवी रातको एक पिंजरेमें बंद रहनेपर भी एक-दूसरेकी ओर नहीं देखते।)॥ २०६॥

सधन चोर मग मुदित मन धनी गही ज्यों फेंट।
त्यों सुग्रीव बिभीषनहि भई भरतकी भेंट॥

भावार्थ—जैसे धन लेकर प्रसन्न-मनसे रास्तेमें जाते हुए चोरको धनी आकर पकड़ ले, उस समय उस चोरकी जैसी हालत होती है, वैसी ही हालत भरतसे मिलनेपर सुग्रीव और विभीषणकी हुई (सुग्रीव और विभीषणने अपनेको भगवान्‌का प्रेमी सखा समझ रखा था और इस प्रेमरूपी धनको लिये ही वे फूलते हुए भरतजीके सामने पहुँचे; परंतु वहाँ प्रेममूर्ति भरतजीको देखते ही वे दोनों यह समझकर सकुचा गये कि वास्तवमें प्रेमके धनी तो भरतजी ही हैं, जिन्होंने बड़े भाईके लिये यह दशा स्वीकार की है। हम तो नामके ही प्रेमी हैं, जो राज्यके लिये भाइयोंको मरवाकर भगवान्‌के सखा कहलानेका दावा करते हैं।) ॥ २०७ ॥

राम सराहे भरत उठि मिले राम सम जानि।
तदपि बिभीषन कीसपति तुलसी गरत गलानि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि यद्यपि श्रीरामजीने विभीषण और सुग्रीवकी बड़ी प्रशंसा की और भरतजी भी उन्हें श्रीरामजीके समान समझकर ही उठकर उनसे मिले, तथापि वे ग्लानिसे गले ही जाते थे (मन-ही-मन सोचते थे कि कहाँ तो भरत-सरीखे निःस्वार्थ प्रेमी भाई और कहाँ हम अपने बड़े भाइयोंको मरवानेवाले स्वार्थी भाई!) ॥ २०८ ॥

भरत स्याम तन राम सम सब गुन रूप निधान।
सेवक सुखदायक सुलभ सुमिरत सब कल्यान॥

भावार्थ—श्रीभरतजीका श्रीरामजीके समान ही श्याम-शरीर है और उन्हींके समान वे रूप-गुणके खजाने तथा सेवकोंको सुख देनेवाले हैं। इनका स्मरण करते ही सब कल्याण सहज ही मिल जाते हैं ॥ २०९ ॥

लक्ष्मणमहिमा

ललित लखन मूरति मधुर सुमिरहु सहित सनेह।
सुख संपति कीरति बिजय सगुन सुमंगल गेह॥

भावार्थ—जो सुख, सम्पत्ति, कीर्ति, विजय, सद्‌गुण और सुन्दर

कल्याणके घर हैं, उन परम मनोहर श्रीलक्ष्मणजीकी मधुर मूर्तिका प्रेमसहित स्मरण करो॥ २१०॥

शत्रुघ्नमहिमा

नाम सत्रुसूदन सुभग सुषमा सील निकेत।
सेवत सुमिरत सुलभ सुख सकल सुमंगल देत॥

भावार्थ—शोभा और शीलके धाम श्रीशत्रुघ्नजीके सुन्दर नामका भजन और स्मरण करनेसे सब सुख सुलभ हो जाते हैं और वह भजन-स्मरण सब सुन्दर मंगलोंको देनेवाला है॥ २११।

कौसल्यामहिमा

कौसल्या कल्यानमइ मूरति करत प्रनाम।
सगुन सुमंगल काज सुभ कृपा करहिं सियराम॥

भावार्थ—श्रीकौसल्याजी कल्याणमयी मूर्ति हैं, उन्हें प्रणाम करनेपर सब शुभ सगुन और सुन्दर मंगल होते हैं और सब कार्य सफल होते हैं तथा श्रीसीतारामजी कृपा करते हैं॥ २१२॥

सुमित्रामहिमा

सुमिरि सुमित्रा नाम जग जे तिय लेहिं सनेम।
सुअन लखन रिपुदवन से पावहिं पति पद प्रेम॥

भावार्थ—जगत्‌में जो स्त्रियाँ सुमित्राजीके नामको स्मरणकर [पातिव्रत] नियम लेती हैं, वे लक्ष्मण और शत्रुघ्न-जैसे पुत्र तथा पतिके चरणोंमें प्रेम करती हैं॥ २१३॥

सीतामहिमा

सीताचरन प्रनाम करि सुमिरि सुनाम सुनेम।
होहिं तीय पतिदेवता प्राननाथ प्रिय प्रेम॥

भावार्थ—भलीभाँति नियमपूर्वक श्रीसीताजीके चरणोंमें प्रणाम करनेसे और उनके सुन्दर नामका स्मरण करनेसे स्त्रियाँ पतिव्रता हो जाती हैं और अपने प्रिय प्राणनाथका प्रेम प्राप्त करती हैं॥ २१४॥

रामचरित्रकी पवित्रता

तुलसी केवल कामतरु रामचरित आराम।
कलितरु कपि निसिचर कहत हमहिं किए बिधि बाम॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीरामचरितरूपी बगीचेमें केवल कल्पवृक्ष ही हैं (अर्थात् उसमें केवल पुण्यपुरुषोंको ही स्थान है)। सुग्रीवादि बंदर और विभीषणादि राक्षस कहते हैं कि विधाता हमारे लिये विपरीत था, जिसने हमलोगोंको कलितरु (पापदेह) बनाया, परंतु कृपामय श्रीरघुनाथजीने हमें भी अपने उस चरित्ररूप पावन उद्यानमें स्थान दे दिया॥ २१५॥

कैकेयीकी कुटिलता

मातु सकल सानुज भरत गुरु पुर लोग सुभाउ।
देखत देख न कैकइहि लंकापति कपिराउ॥

भावार्थ—लंकेश्वर विभीषण और वानरराज सुग्रीव सब माताओंका, लक्ष्मण और शत्रुघ्नसहित भरतजीका, गुरुओंका तथा अयोध्यावासियोंका [श्रीरामजीके प्रेमसे भरा हुआ] स्वभाव [बड़े ही आदर तथा आह्लादके साथ] देखते हैं, परंतु कैकेयीको (उसका राम-विरोधी स्वभाव) नहीं देख सकते (उसका वैसा स्वभाव देखकर उन्हें दु:ख होता है)॥ २१६॥

सहज सरल रघुबर बचन कुमति कुटिल करि जान।
चलइ जोंक जल बक्रगति जद्यपि सलिलु समान॥

भावार्थ—श्रीरघुनाथजीके स्वभावसे ही सरल वचनोंको दुर्बुद्धि कैकेयीने टेढ़ा ही समझा। यद्यपि जल समान ही होता है तथापि जोंक उसमें टेढ़ी चालसे ही चलती है॥ २१७॥

दशरथमहिमा

दसरथ नाम सुकामतरु फलइ सकल कल्यान।
धरनि धाम धन धरम सुत सदगुन रूप निधान॥

भावार्थ—दशरथजीका नाम सुन्दर कल्पवृक्ष है; [सेवन करनेपर यानी 'दशरथ' नामका जप करनेपर] उसमें पृथ्वी, घर, धन, धर्म,

सद्‌गुणी और रूपनिधान पुत्र—इस प्रकार सभी कल्याणमय फल फलते हैं॥ २१८॥

तुलसी जान्यो दसरथहिं धरमु न सत्य समान।
रामु तजे जेहि लागि बिनु राम परिहरे प्रान॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि दशरथजीने ही इस तत्त्वको समझा था कि सत्यके समान कोई भी धर्म नहीं है। जिस सत्यके लिये उन्होंने श्रीरामको त्याग दिया और श्रीरामके विरहमें प्राण त्याग दिये॥ २१९॥

राम बिरहँ दसरथ मरन मुनि मन अगम सुमीचु।
तुलसी मंगल मरन तरु सुचि सनेह जल सींचु॥

भावार्थ—श्रीरामजीके विरहमें दशरथजी मर गये, ऐसी शुभ मृत्युतक मुनियोंके मन भी नहीं पहुँच सकते। तुलसीदासजी कहते हैं, ऐसे मंगलमय मृत्युरूपी वृक्षको पवित्र (अनन्य और निष्काम) श्रीरामप्रेमरूपी जलसे सींचते रहो। (अर्थात् श्रीराममें तुम्हारा प्रेम होगा तो तुम्हारी भी ऐसी ही दुर्लभ मृत्यु होगी)॥ २२०॥

सोरठा

जीवन मरन सुनाम जैसें दसरथ राय को।
जियत खिलाए राम राम बिरहँ तनु परिहरेउ॥

भावार्थ—जीवन और मृत्यु दोनोंमें ही जिस प्रकार महाराज दशरथजीका नाम हुआ (वैसा किसीके लिये भी सम्भव नहीं है)। जीवनकालमें उन्होंने भगवान् श्रीरामको गोद खिलाया और शरीर छोड़ा तो श्रीरामके विरहमें॥ २२१॥

जटायुका भाग्य

दोहा

प्रभुहि बिलोकत गोद गत सिय हित घायल नीचु।
तुलसी पाई गीधपति मुकुति मनोहर मीचु॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि गृध्रराज जटायुको धन्य है,

जो सीताके [छुड़ानेके] लिये घायल हुए और नीच शरीर होनेपर भी प्रभुकी गोदमें उनके मधुर मुखारविन्दको निरखते हुए ही मनोहर मृत्यु और मुक्ति प्राप्त की॥ २२२॥

बिरत करम रत भगत मुनि सिद्ध ऊँच अरु नीचु।
तुलसी सकल सिहात सुनि गीधराज की मीचु॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि गृध्रराजकी (इस प्रकारकी दुर्लभ) मृत्युका समाचार सुनकर विरक्त, कर्मयोगी, भक्त, ज्ञानी, मुनि, सिद्ध, ऊँच और नीच—सभी उनकी ईर्ष्या करने लगे (सबने चाहा कि हमें भी ऐसी ही मृत्यु मिले)॥ २२३॥

मुए मरत मरिहैं सकल घरी पहरके बीचु।
लही न काहूँ आजु लौं गीधराज की मीचु॥

भावार्थ—आजतक कितने मर गये, वर्तमानमें कितने मर रहे हैं और भविष्यमें घड़ी-पहरके अन्तरसे सभी मरेंगे ही; परंतु आजतक जटायुकी-सी सुन्दर मौत किसीने नहीं पायी॥ २२४॥

मुएँ मुकुत जीवत मुकुत मुकुत मुकुत हूँ बीचु।
तुलसी सबही तें अधिक गीधराज की मीचु॥

भावार्थ—कोई मरनेपर मुक्त होता है, कोई जीता ही मुक्त (जीवन्मुक्त) हो जाता है; मुक्त-मुक्तमें भी भेद होता है। तुलसीदासजी कहते हैं, इन सभी मुक्तियोंसे बढ़कर गृध्रराजकी मृत्यु हुई॥ २२५॥

रघुबर बिकल बिहंग लखि सो बिलोकि दोउ बीर।
सिय सुधि कहि सिय राम कहि देह तजी मति धीर॥

भावार्थ—श्रीरघुनाथजीने [पीड़ासे] व्याकुल [घायल] जटायुको देखा, उस धीरबुद्धि जटायुने भी दोनों भाइयोंको [नेत्र भरकर] देखा, [देखते ही पीड़ामुक्त होकर] उन्हें सीताजीका समाचार सुनाकर, 'सीताराम', 'सीताराम' कहते हुए [और भगवान्‌को देखते हुए ही उनकी गोदमें] शरीर छोड़ दिया॥ २२६॥

दसरथ तें दसगुन भगति सहित तासु करि काजु।
सोचत बंधु समेत प्रभु कृपासिंधु रघुराजु॥

भावार्थ—कृपाके समुद्र श्रीरघुनाथजीने अपने पिता श्रीदशरथजीसे दसगुनी भक्तिसहित उसका मृतकसंस्कार किया और भाई लक्ष्मणजी-सहित उसकी मृत्युके लिये शोक करने लगे॥ २२७॥

रामकृपाकी महत्ता

केवट निसिचर बिहग मृग किए साधु सनमानि।
तुलसी रघुबर की कृपा सकल सुमंगल खानि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि श्रीरघुनाथजीकी कृपा सब सुमंगलोंकी खान है; उस रामकृपाने केवट, राक्षस (विभीषण), पक्षी (जटायु) और पशुओं (बंदर-भालुओं आदि)-को भी सम्मान देकर साधु बना दिया॥ २२८॥

हनुमत्स्मरणकी महत्ता

मंजुल मंगल मोदमय मूरति मारुत पूत।
सकल सिद्धि कर कमल तल सुमिरत रघुबर दूत॥

भावार्थ—श्रीरामजीके दूत वायुपुत्र श्रीहनुमान्‌जी मनोहर मंगल और आनन्दकी मूर्ति हैं। उनका स्मरण करते ही समस्त सिद्धियाँ करतलगत (सुलभ) हो जाती हैं॥ २२९॥

धीर बीर रघुबीर प्रिय सुमिरि समीर कुमारु।
अगम सुगम सब काज करु करतल सिद्धि बिचारु॥

भावार्थ—धीर, वीर श्रीरघुवीरके प्यारे पवनकुमार श्रीहनुमान्‌जीका स्मरण करके चाहे जैसे दुर्लभ या सुलभ सब काम करो; निश्चय रखो कि उनकी सफलता तुम्हारे हाथमें ही रखी है॥ २३०॥

सुख मुद मंगल कुमुद बिधु सुगुन सरोरुह भानु।
करहु काज सब सिद्धि सुभ आनि हिएँ हनुमानु॥

भावार्थ—सुख, आनन्द और मंगलरूपी कुमुदिनीके खिलानेके लिये चन्द्रमाके सदृश और सुन्दर गुणरूपी कमलोंको विकसित करनेके

ईश्वर-महिमा

दोहा

माया जीव सुभाव गुन काल करम महदादि।
ईस अंक तें बढ़त सब ईस अंक बिनु बादि॥

भावार्थ—माया, जीव, स्वभाव, गुण, काल, कर्म और महत्तत्त्वादि सब ईश्वररूपी अंकके संयोगसे बढ़ते हैं और उस अंकके बिना व्यर्थ हो जाते हैं॥ २००॥

श्रीरामजीकी भक्तवत्सलता

हित उदास रघुबर बिरह बिकल सकल नर नारि।
भरत लखन सिय गति समुझि प्रभु चख सदा सुबारि॥

भावार्थ—श्रीरघुनाथजीके विरहमें उनके मित्र उदासीन, सभी स्त्री-पुरुष व्याकुल थे; परंतु श्रीभरतजी, श्रीलक्ष्मणजी और श्रीसीताजीकी दशाको समझकर तो प्रभु श्रीरामजीके नेत्रोंमें भी सदा आँसू भरे रहते थे (अर्थात् समस्त अवधवासी तो श्रीरामजीके कष्टसे दुःखी थे; परंतु स्वयं श्रीरामजी भरतजी, लक्ष्मणजी और सीताजीके दुःखसे दुःखित रहते थे)॥ २०१॥

सीता, लक्ष्मण और भरतके रामप्रेमकी अलौकिकता

सीय सुमित्रा सुवन गति भरत सनेह सुभाउ।
कहिबे को सारद सरस जनिबे को रघुराउ॥

भावार्थ—श्रीसीताजी तथा श्रीलक्ष्मणजीकी अनन्य प्रेमकी चाल और श्रीभरतजीके प्रेम और स्वभावको कहनेके लिये केवल सरस्वतीजी ही समर्थ हैं और जाननेके लिये केवल श्रीरघुनाथजी ही॥ २०२॥

जानी राम न कहि सके भरत लखन सिय प्रीति।
सो सुनि गुनि तुलसी कहत हठ सठता की रीति॥

भावार्थ—श्रीभरतजी, श्रीलक्ष्मणजी और श्रीसीताजीके प्रेमको श्रीरामचन्द्रजी ही जान सके; पर वे भी उसका वर्णन नहीं कर सके। इस बातको सुनकर और विचारकर भी तुलसीदास हठवश उनके प्रेमका वर्णन करने चला है, यह उसकी दुष्टता और मूर्खताकी ही निशानी है॥ २०३॥

लिये सूर्यके समान श्रीहनुमान्‌जीका हृदयमें ध्यान करके कार्य आरम्भ करो; फिर सब शुभ और सिद्ध ही होगा॥ २३१॥

सकल काज सुभ समउ भल सगुन सुमंगल जानु।
कीरति बिजय बिभूति भलि हियँ हनुमानहि आनु॥

भावार्थ—श्रीहनुमान्‌जीका हृदयमें ध्यान करो और यह निश्चय समझ लो कि तुम्हारे सभी कार्य सिद्ध होंगे, दिन अच्छे आवेंगे, सभी सद्‌गुण, सुमंगल, कीर्ति, विजय और विमल विभूतिकी प्राप्ति होगी॥ २३२॥

सूर सिरोमनि साहसी सुमति समीर कुमार।
सुमिरत सब सुख संपदा मुद मंगल दातार॥

भावार्थ—शूरोंके शिरोमणि, साहसी, सुबुद्धिमान् श्रीपवनकुमारका स्मरण करते ही स्मरण करनेवालेको सब सुख, सम्पत्ति, आनन्द और मंगल देनेवाले हैं॥ २३३॥

बाहुपीड़ाकी शान्तिके लिये प्रार्थना

तुलसी तनु सर सुख जलज भुज रुज गज बरजोर।
दलत दयानिधि देखिऐ कपि केसरी किसोर[१]॥

भावार्थ—हे दयानिधान हनुमान्‌जी! देखिये, तुलसीदासके शरीररूपी सरोवरके सुखरूपी कमलको यह भुजाका रोगरूप हाथी बलपूर्वक नष्ट कर रहा है। [इससे मुझको बचाइये; क्योंकि] आप केसरीनन्दन हैं (सिंहका[२] बच्चा ही मतवाले हाथीको परास्त कर सकता है)॥ २३४॥

भुज तरु कोटर रोग अहि बरबस कियो प्रबेस।
बिहगराज बाहन तुरत काढ़िअ मिटै कलेस॥

भावार्थ—मेरी भुजा पेड़के कोटरके समान है, उसमें रोगरूपी सर्प जबर्दस्ती घुस गया है। हे गरुड़वाहन हरि! उसे आप शीघ्र निकाल डालिये, जिससे मेरा कष्ट दूर हो॥ २३५॥

१-तुलसीदासकी बाँहमें रोग हो गया था, श्रीहनुमान्‌जीकी स्तुतिसे वह अच्छा हो गया था। ये दोहे उसी प्रसंगके कहे जाते हैं।

२-केसरी हनुमान्‌जीके पिताका नाम था और केसरी सिंहको भी कहते हैं।

बाहु बिटप सुख बिहँग थलु लगी कुपीर कुआगि।
राम कृपा जल सींचिऐ बेगि दीन हित लागि॥

भावार्थ—मेरा भुजारूपी वृक्ष सुखरूपी पक्षीका निवासस्थान था, उसमें दुष्ट रोगरूपी बुरी आग लग गयी है। हे हनुमान्‌जी! शीघ्र ही इस दीनके भलेके लिये श्रीरामकृपारूपी जल सींचकर उस आगको बुझा दीजिये (क्योंकि रामकृपा आपके ही अधीन है)॥ २३६॥

काशीमहिमा

सोरठा

मुक्ति जन्म महि जानि ग्यान खानि अघ हानि कर।
जहँ बस संभु भवानि सो कासी सेइअ कस न॥

भावार्थ—जहाँ भगवान् श्रीशिवजी और माता पार्वतीजी रहते हैं; उस काशीको पापोंको नष्ट करनेवाली, ज्ञानकी खान और मुक्तिको उत्पन्न करनेवाली जानकर क्यों न उसका सेवन किया जाय?॥ २३७॥

शंकरमहिमा

जरत सकल सुर बृंद बिषम गरल जेहिं पान किय।
तेहि न भजसि मन मंद को कृपालु संकर सरिस॥

भावार्थ—जिस भयंकर विष [की ज्वाला]-से सारे देवतागण जल रहे थे, उसको जिन्होंने स्वयं पान कर लिया, रे मन्द मन! तू उन श्रीशिवजीको क्यों नहीं भजता? उसके समान कृपालु [और] कौन है?॥ २३८॥

शंकरजीसे प्रार्थना

दोहा

बासर ढासनि के ढका रजनीं चहुँ दिसि चोर।
संकर निज पुर राखिऐ चितै सुलोचन कोर॥

भावार्थ—दिनमें तो मुझे ठगोंके धक्के खाने पड़ते हैं और रातको मुझे चारों ओरसे चोर सताते हैं, अतएव हे शंकरजी! कृपादृष्टिकी कोरसे मेरी ओर देखकर अपनी काशीपुरीमें इनसे मेरी रक्षा कीजिये॥ २३९॥

अपनी बीसीं आपुहीं पुरिहिं लगाए हाथ।
केहि बिधि बिनती बिस्व की करौं बिस्व के नाथ॥

भावार्थ—हे विश्वनाथजी! आपने अपनी 'बीसी'* में स्वयं अपनी पुरीमें कार्य आरम्भ कर दिया। (संहारलीला शुरू कर दी). फिर मैं विश्वकी ओरसे किस प्रकार आपसे [उसकी रक्षाके लिये] विनय करूँ?॥ २४०॥

भगवल्लीलाकी दुर्ज्ञेयता

और करै अपराधु कोउ और पाव फल भोगु।
अति बिचित्र भगवंत गति को जग जानै जोगु॥

भावार्थ—अपराध करे कोई और, उसके फलका भोग पावे कोई और ही। भगवान्‌की लीला अति विचित्र है. उसे जाननेयोग्य जगत्‌में कौन है (अर्थात् कोई नहीं)॥ २४१॥

प्रेममें प्रपंच बाधक है

प्रेम सरीर प्रपंच रुज उपजी अधिक उपाधि।
तुलसी भली सुबैदई बेगि बाँधिऐ ब्याधि॥

भावार्थ—प्रेमरूपी शरीरमें यदि विषय-आसक्तिका रोग लग जाता है तो बड़ी भारी पीड़ा उत्पन्न हो जाती है। तुलसीदासजी कहते हैं कि अच्छी वैद्यता इसीमें है कि व्याधिको तुरंत रोक दिया जाय (यानी विषयासक्ति आने ही न दे)॥ २४२॥

अभिमान ही बन्धनका मूल है

हम हमार आचार बड़ भूरि भार धरि सीस।
हठि सठ परबस परत जिमि कीर कोस कृमि कीस॥

भावार्थ—'हम बड़े हैं और हमारा आचार श्रेष्ठ है' ऐसे

---

* विंशति—बीसी एक ग्रहदशा होती है। रुद्रकी बीसीमें संहार ही अधिक हुआ करता है। कहते हैं एक बार तुलसीदासजीके समयमें काशीमें बड़ी भारी महामारी फैल गयी थी। यह दोहा उसी समयका बतलाया जाता है।

विषाद (अनेक प्रकारके शोक)-की सम्पत्ति (सामग्री)-से व्याकुल रहता है॥ २४६॥

सृष्टि स्वप्नवत् है

सपनें होइ भिखारि नृपु रंकु नाकपति होइ।
जागें लाभु न हानि कछु तिमि प्रपंच जियँ जोइ॥

भावार्थ—स्वप्नमें राजा भिखारी हो जाता है और कंगाल इन्द्र हो जाता है। परंतु जागनेपर लाभ या हानि कुछ भी नहीं होती। वैसे ही इस विषयरूप संसारको भी हृदयसे [स्वप्नवत्] देखो॥ २४७॥

हमारी मृत्यु प्रतिक्षण हो रही है

तुलसी देखत अनुभवत सुनत न समुझत नीच।
चपरि चपेटे देत नित केस गहें कर मीच॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि रे नीच! हाथोंसे तेरी चोटी पकड़कर मृत्यु नित्य ही झपटकर तेरे चपत जमा रही है। यह दशा देखकर, सुनकर और अनुभव करके भी तू नहीं समझता। [प्रतिक्षण शरीरका क्षय हो रहा है; यह देखते-सुनते हुए भी जीव अपनी मौतको भुलाकर विषय-सेवनमें ही लगा रहता है। उसीको चेतावनी देते हैं]॥ २४८॥

कालकी करतूत

करम खरी कर मोह थल अंक चराचर जाल।
हनत गुनत गनि गुनि हनत जगत ज्यौतिषी काल॥

भावार्थ—जगत्में कालरूपी ज्योतिषी हाथमें कर्मरूपी खड़िया लेकर मोहरूपी पट्टीपर चराचर जीवरूपी अंकोंको मिटाता है, हिसाब लगाता है, फिर गिन-गिनकर मिटाता है॥ २४९॥

इन्द्रियोंकी सार्थकता

कहिबे कहँ रसना रची सुनिबे कहँ किये कान।
धरिबे कहँ चित हित सहित परमारथहि सुजान॥

भावार्थ—चतुर परमात्माने परमार्थ (भगवत्-चर्चा) कहनेके

लिये जीभ बनायी, भगवद्‌गुणानुवाद सुननेके लिये कान रचे और प्रेमसहित भगवान्‌का ध्यान धरनेके लिये चित्त बनाया॥ २५०॥

सगुणके बिना निर्गुणका निरूपण असम्भव है

ग्यान कहै अग्यान बिनु तम बिनु कहै प्रकास।
निरगुन कहै जो सगुन बिनु सो गुरु तुलसीदास॥

भावार्थ—जो अज्ञानका कथन किये बिना ज्ञानका प्रवचन करे, अन्धकारका ज्ञान कराये बिना ही प्रकाशका स्वरूप बतला दे और सगुणको समझाये बिना ही निर्गुणका निरूपण कर दे, तुलसीदासजी कहते हैं कि वह मेरा गुरु है (तात्पर्य यह है कि अज्ञानके बिना ज्ञान, अन्धकारके बिना प्रकाश और सगुणके बिना निर्गुणकी सिद्धि नहीं हो सकती; निर्गुण कहते ही सगुणकी सिद्धि हो जाती है। अतएव जो सगुणोपासना छोड़कर निर्गुणोपासना करना चाहते हैं, उनको यथार्थ निर्गुणतत्त्वका ज्ञान होना बहुत ही कठिन है)॥ २५१॥

निर्गुणकी अपेक्षा सगुण अधिक प्रामाणिक है

अंक अगुन आखर सगुन समुझिअ उभय प्रकार।
खोएँ राखें आपु भल तुलसी चारु बिचार॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि निर्गुण ब्रह्म (१, २, ३) अंकके समान है और सगुण भगवान् अक्षर (एक, दो, तीन)-के समान हैं; अब दोनों प्रकारोंको समझना चाहिये और फिर किसके न रखनेसे और किसके रखनेसे अपना कल्याण है, इस बातको भी भलीभाँति विचारना चाहिये (व्यापारी लोग हुंडीमें पहले अंकोंमें संख्या-जैसे १००० लिखकर फिर अक्षरोंमें—'अखरे एक हजार' ऐसा लिख देते हैं। दोनों ही ठीक है, परंतु अक्षरोंमें लिख देनेसे न तो किसी तरहका भ्रम रह सकता है और न एक शून्य घटा-बढ़ाकर कोई हजारको सौ या दस हजार ही बना सकता है। इसी प्रकार निर्गुण और सगुण दोनों सत्य हैं, एक ही दो रूपोंमें हैं; परंतु निर्गुणकी अपेक्षा सगुण अधिक प्रामाणिक है। निर्गुणमें तो किसी तरहका भ्रम भी रह सकता है, परंतु

सगुणमें न तो कोई भ्रम रह सकता है और न किसी प्रकारसे कोई छल ही चल सकता है।)॥ २५२॥

विषयासक्तिका नाश हुए बिना ज्ञान अधूरा है

परमारथ पहिचानि मति लसति बिषयँ लपटानि।
निकसि चिता तें अधजरित मानहुँ सती परानि॥

भावार्थ—परमार्थ (सत्य वस्तु)-की पहचान हो जानेपर भी विषयोंमें लिपटी हुई बुद्धि ऐसी लगती है, मानो चितासे निकलकर भागी हुई कोई अधजली सती हो॥ २५३॥

विषयासक्त साधुकी अपेक्षा वैराग्यवान् गृहस्थ अच्छा है

सीस उघारन किन कहेउ बरजि रहे प्रिय लोग।
घरहीं सती कहावती जरती नाह बियोग॥

भावार्थ—अधजली भागनेवाली ऐसी सतीको सिर खोलनेके लिये किसने कहा था? प्यारे सगे-सम्बन्धी तो सब रोक रहे थे। इससे तो यही अच्छा था कि स्वामीके वियोगकी अग्निमें सदा जला करती और घर बैठी ही सती कहलाती। (तात्पर्य यह है कि साधु होकर फिर विषयोंकी ओर ललचानेसे तो घर बैठे भजन करना ही अच्छा है।) ॥ २५४॥

साधुके लिये पूर्ण त्यागकी आवश्यकता

खरिया खरी कपूर सब उचित न पिय तिय त्याग।
कै खरिया मोहि मेलि कै बिमल बिबेक बिराग॥

भावार्थ—[कहते हैं कि साधु होनेके बाद तुलसीदासजीको एक दिन उनकी स्त्री मिल गयी। स्त्रीने उनकी झोलीमें खरी (सफेद गोपीचन्दन) और कपूर आदि देखकर कहा कि] हे प्रियतम! जब आप अपनी झोलीमें खरी और कपूर आदि सब सामान रखते हैं तब स्त्रीका त्याग उचित नहीं है। अतएव या तो मुझको भी इस झोलीमें डाल दीजिये, अथवा विशुद्ध ज्ञान और वैराग्यको धारण कीजिये। [कहते हैं कि उसी क्षणसे तुलसीदासजीने

झोली-झंडा फेंक दिया। यह दोहा वास्तवमें सभी विरक्त—वेषधारी पुरुषोंके लिये चेतावनी-स्वरूप है] ॥ २५५ ॥

भगवत्प्रेममें आसक्ति बाधक है, गृहस्थाश्रम नहीं

घर कीन्हें घर जात है घर छाँड़े घर जाइ।
तुलसी घर बन बीचहीं राम प्रेम पुर छाइ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि घर करनेसे (गृहस्थीमें रहनेसे) अपना असली घर (परलोक) नष्ट हो जाता है और घर छोड़नेसे (संन्यास ग्रहण करनेसे) यहाँका घर (गृहस्थी) नष्ट होता है। अतएव तू घर और वनके बीचमें ही (अर्थात् घरहीमें गृहत्यागीकी भाँति रहकर) श्रीरामजीके प्रेमकी पुरी बसा॥ २५६ ॥

संतोषपूर्वक घरमें रहना ही उत्तम है

दिएँ पीठि पाछें लगै सनमुख होत पराइ।
तुलसी संपति छाँह ज्यों लखि दिन बैठि गँवाइ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि सम्पत्ति शरीरकी छायाके समान है। इसको पीठ देकर चलनेसे यह पीछे-पीछे चलती है और सामने होकर चलनेसे दूर भाग जाती है। (जो धनसे मुँह मोड़ लेता है, धनकी नदी उसके पीछे-पीछे बहती चली आती है और जो धनके लिये सदा ललचाता रहता है, उसे सपनेमें भी पैसा नहीं मिलता।) इस बातको समझकर घर बैठकर ही दिन बिताओ (अर्थात् संतोषसे रहो और भगवान्‌का भजन करो)॥ २५७ ॥

विषयोंकी आशा ही दुःखका मूल है

तुलसी अद्भुत देवता आसा देवी नाम।
सेएँ सोक समर्पई बिमुख भएँ अभिराम॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि आशादेवी नामकी एक अद्भुत देवी है; यह सेवा करनेपर तो शोक (दुःख) देती है और इससे विमुख होनेपर सुख मिलता है॥ २५८ ॥

मोह-महिमा

सोई सेंवर तेइ सुवा सेवत सदा बसंत।
तुलसी महिमा मोह की सुनत सराहत संत॥

भावार्थ—वही सेमलका पेड़ है और वही तोते हैं (बार-बार अनुभव कर चुके हैं कि इसके फलमें गूदा नहीं होता), तो भी मोहवश वसन्त-ॠतु आनेपर सदा उसीपर मँडराये रहते हैं। (चोंच मारते हैं, रुई उड़ जाती है, हाथ कुछ भी नहीं आता।) तुलसीदासजी कहते हैं कि इस बातको सुनकर संतलोग भी मोहकी महिमाकी सराहना करते हैं॥ २५९॥

विषय-सुखकी हेयता

करत न समुझत झूठ गुन सुनत होत मति रंक।
पारद प्रगट प्रपंचमय सिद्धिउ नाउँ कलंक॥

भावार्थ—[बार-बार धोखा खानेपर भी] विषयी मनुष्य विषयोंके लिये चेष्टा करते हुए यह नहीं समझते कि इनमें कहीं भी सुख नहीं है; विषयोंके झूठे गुणोंको सुनते ही उनकी बुद्धिका दिवाला निकल जाता है (उनका मन विषयोंके लिये ललचा उठता है)। यह प्रपंचमय विषय-सुख प्रत्यक्ष पारेके समान है, जिसके सिद्ध होनेपर भी उसका नाम 'कलंक' ही होता है॥ २६०॥

लोभकी प्रबलता

ग्यानी तापस सूर कबि कोबिद गुन आगार।
केहि कै लोभ बिडंबना कीन्हि न एहिं संसार॥

भावार्थ—ज्ञानी, तपस्वी, शूरवीर, कवि, पण्डित और गुणोंका धाम इस संसारमें ऐसा कौन मनुष्य है, जिसकी लोभने मिट्टी पलीद न की हो?॥ २६१॥

धन और ऐश्वर्यके मद तथा कामकी व्यापकता

श्रीमद बक्र न कीन्ह केहि प्रभुता बधिर न काहि।
मृगलोचनि के नैन सर को अस लाग न जाहि॥

भावार्थ—धनके मदने किसको टेढ़ा नहीं कर दिया, प्रभुताने

किसको बहरा नहीं बना दिया और मृगलोचनी (सुन्दर स्त्री)-के नयन-बाण ऐसा कौन है, जिनको नहीं लगे?॥ २६२॥

मायाकी फौज

ब्यापि रहेउ संसार महुँ माया कटक प्रचंड।
सेनापति कामादि भट दंभ कपट पाषंड॥

भावार्थ—मायाकी प्रचण्ड सेना संसारभरमें फैल रही है; कामादि (काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह और मत्सर) वीर इस सेनाके सेनापति हैं और दम्भ, कपट, पाखण्ड उसके योद्धा हैं॥ २६३॥

काम, क्रोध, लोभकी प्रबलता

तात तीनि अति प्रबल खल काम क्रोध अरु लोभ।
मुनि बिग्यान धाम मन करहिं निमिष महुँ छोभ॥

भावार्थ—हे तात! काम, क्रोध, और लोभ—ये तीन दुष्ट बड़े ही बलवान् हैं, ये विज्ञान-सम्पन्न मुनिके मनमें भी पलक मारते-मारते क्षोभ उत्पन्न कर देते हैं॥ २६४॥

काम, क्रोध, लोभके सहायक

लोभ कें इच्छा दंभ बल काम कें केवल नारि।
क्रोध कें परुष बचन बल मुनिबर कहहिं बिचारि॥

भावार्थ—श्रेष्ठ मुनि विचारकर कहते हैं कि लोभके इच्छा और दम्भका बल है, कामके केवल कामिनीका बल है और क्रोधके कठोर वचनका बल है॥ २६५॥

मोहकी सेना

काम क्रोध लोभादि मद प्रबल मोह कै धारि।
तिन्ह महँ अति दारुन दुखद मायारूपी नारि॥

भावार्थ—काम, क्रोध, मद और लोभ आदि मोहकी प्रबल सेना है। इनमें स्त्री जो मायाकी साक्षात् मूर्ति है वह तो बहुत ही भयानक दुःख देनेवाली है॥ २६६॥

अग्नि, समुद्र, प्रबल स्त्री और कालकी समानता

काह न पावक जारि सक का न समुद्र समाइ।
का न करै अबला प्रबल केहि जग कालु न खाइ॥

भावार्थ—अग्नि क्या नहीं जला सकती? समुद्रमें कौन वस्तु नहीं डूब सकती, प्रबल होनेपर अबला कहलानेवाली स्त्री क्या नहीं कर सकती? और जगत्‌में काल किसको नहीं खाता?॥ २६७॥

स्त्री झगड़े और मृत्युकी जड़ है

जनमपत्रिका बरति कै देखहु मनहिं बिचारि।
दारुन बैरी मीचु के बीच बिराजति नारि॥

भावार्थ—जन्मकुण्डलीको व्यवहारमें लाकर मनमें विचारकर देखो कि स्त्री भयंकर वैरीके और मृत्युके बीचके स्थानमें विराज रही है (कुण्डलीके बारह स्थानोंमें छठा शत्रुका और आठवाँ मृत्युका माना जाता है। इनके बीचमें स्त्रीका स्थान सातवाँ है। जगत्‌में स्त्रियोंके कारण न मालूम कितने लोगोंमें शत्रुता और कितनोंकी मृत्यु हुई है।)॥ २६८॥

उद्‌बोधन

दीपसिखा सम जुबति तन मन जनि होसि पतंग।
भजहि राम तजि काम मद करहि सदा सतसंग॥

भावार्थ—युवती स्त्रियोंका [सुन्दर] शरीर दीपककी लौके समान है, मन! तू उसमें पतंग मत बन [नहीं तो भस्म हो जायगा]। काम और मदको त्यागकर श्रीरामका भजन कर और सदा सत्संग कर॥ २६९॥

गृहासक्ति श्रीरघुनाथजीके स्वरूपके ज्ञानमें बाधक है

काम क्रोध मद लोभ रत गृहासक्त दुखरूप।
ते किमि जानहिं रघुपतिहि मूढ़ परे भव कूप॥

भावार्थ—जो काम, क्रोध, मद और लोभके परायण हैं और जो दुःखरूप गृहमें आसक्त हैं, वे संसाररूपी कुएँमें पड़े हुए मूढ़ श्रीरघुनाथजीको कैसे जान सकते हैं?॥ २७०॥

भगवद्भजनके अतिरिक्त और सब प्रयत्न व्यर्थ हैं

खल प्रबोध जग सोध मन को निरोध कुल सोध।
करहिं ते फोकट पचि मरहिं सपनेहुँ सुख न सुबोध॥

भावार्थ—जो लोग दुष्टोंको ज्ञानका उपदेश देना, संसारका सुधार करना, मनका निरोध करना और कुलको शुद्ध करना चाहते हैं, वे व्यर्थ ही परिश्रम करते हुए मर जाते हैं; उन्हें स्वप्नमें भी सुख या सुन्दर ज्ञान नहीं मिलता। [अतएव इन सब कार्योंके पीछे न पड़कर संतोषपूर्वक श्रीभगवान्‌का भजन करना चाहिये]॥ २७४॥

संतोषकी महिमा

सोरठा

कोउ बिश्राम कि पाव तात सहज संतोष बिनु।
चलै कि जल बिनु नाव कोटि जतन पचि पचि मरिअ॥

भावार्थ—स्वाभाविक संतोषके बिना क्या कोई शान्ति पा सकता है? चाहे करोड़ों प्रकारसे जतन करते-करते कोई मर जाय, परंतु जलके बिना सूखी जमीनपर क्या कभी नाव चल सकती है?॥ २७५॥

मायाकी प्रबलता और उसके तरनेका उपाय

सुर नर मुनि कोउ नाहिं जेहि न मोह माया प्रबल।
अस बिचारि मन माहिं भजिअ महामाया पतिहि॥

भावार्थ—जिसे भगवान्‌की प्रबल माया मोहित न कर दे ऐसा देवता, मनुष्य अथवा मुनि कोई भी नहीं है। यों मनमें विचारकर उस महामायाके स्वामी (प्रेरक) श्रीरामका भजन करना चाहिये॥ २७६॥

गोस्वामीजीकी अनन्यता

दोहा

एक भरोसो एक बल एक आस बिस्वास।
एक राम घन स्याम हित चातक तुलसीदास॥

भावार्थ—एक ही भरोसा है, एक ही बल है, एक ही आशा

प्रणमें चतुर चातकको अपने प्रेमका प्रण निबाहनेमें कभी भूल नहीं करनी चाहिये॥ २८२॥

उपल बरसि गरजत तरजि डारत कुलिस कठोर।
चितव कि चातक मेघ तजि कबहुँ दूसरी ओर॥

भावार्थ—मेघ कड़क-कड़ककर गर्जता हुआ ओले बरसाता है और कठोर बिजली भी गिरा देता है; इतनेपर भी प्रेमी पपीहा मेघको छोड़कर क्या कभी किसी दूसरी ओर ताकता है?॥ २८३॥

पबि पाहन दामिनि गरज झरि झकोर खरि खीझि।
रोष न प्रीतम दोष लखि तुलसी रागहि रीझि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि मेघ वज्र गिराकर, ओले बरसाकर, बिजली चमकाकर, कड़क-कड़ककर, वर्षाकी झड़ी लगाकर और आँधीके झकोरे देकर अपना बड़ा भारी रोष प्रकट करता है; परंतु चातकको अपने प्रियतमका दोष देखकर क्रोध नहीं होता (उसे दोष दीखता ही नहीं,) बल्कि इसमें भी वह अपने प्रति मेघका अनुराग देखकर उसपर रीझ जाता है॥ २८४॥

मान राखिबो माँगिबो पिय सों नित नव नेहु।
तुलसी तीनिउ तब फबैं जौ चातक मत लेहु॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि आत्मसम्मानकी रक्षा करना, माँगना और फिर भी प्रियतमसे प्रेमका नित्य नवीन होना (बढ़ना)—ये तीनों बातें तभी शोभा देती हैं जब चातकके मतका अनुसरण किया जाय॥ २८५॥

तुलसी चातक ही फबै मान राखिबो प्रेम।
बक्र बुंद लखि स्वातिहू निदरि निबाहत नेम॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि प्रेमके मानकी रक्षा करना और प्रेमको भी निबाहना चातकको ही शोभा देता है। स्वाती नक्षत्रमें भी यदि बूँद [मेघकी ओर निहारते हुए उसके मुखमें सीधी न पड़कर] टेढ़ी पड़ती है तो वह उसका निरादर करके प्रेमके नियमको निबाहता

है (चोंचको टेढ़ी करनेमें दूसरी ओर ताकना हो जायगा और इससे उसके प्रेममें व्यभिचार होगा, इसलिये वह प्यासा ही रह जाता है, परंतु मुँह टेढ़ा नहीं करता। दूसरी बात यह है कि वह टेढ़ी चोंच करके पीता है तो उसका मान घटता है, वह मँगता नहीं है, प्रेमी है; देना हो तो सीधे दो, नहीं तो न सही)॥ २८६॥

तुलसी चातक माँगनो एक एक घन दानि।
देत जो भू भाजन भरत लेत जो घूँटक पानि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि चातक एक ही (अद्वितीय) माँगनेवाला है और बादल भी एक ही (अद्वितीय) दानी है। बादल इतना देता है कि पृथ्वीके सब बर्तन (झील, तालाब आदि) भर जाते हैं; परंतु चातक केवल एक घूँट ही पानी लेता है॥ २८७॥

तीनि लोक तिहुँ काल जस चातक ही कें माथ।
तुलसी जासु न दीनता सुनी दूसरे नाथ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि तीनों लोकोंमें और तीनों कालोंमें कीर्ति तो केवल अनन्य प्रेमी चातकके ही भाग्यमें है, जिसकी दीनता संसारमें किसी भी दूसरे स्वामीने नहीं सुन पायी॥ २८८॥

प्रीति पपीहा पयद की प्रगट नई पहिचानि।
जाचक जगत कनाउड़ो कियो कनौड़ा दानि॥

भावार्थ—पपीहा और मेघके प्रेमका परिचय प्रत्यक्ष ही नये ही ढंगका है; याचक (मँगता) तो संसारभरका ऋणी होता है, परंतु इस प्रेमी पपीहेने दानी मेघको अपना ऋणी बना डाला॥ २८९॥

नहिं जाचत नहिं संग्रही सीस नाइ नहिं लेइ।
ऐसे मानी मागनेहि को बारिद बिन देइ॥

भावार्थ—पपीहा न तो मुँहसे माँगता है, न जलका संग्रह करता है और न सिर झुकाकर लेता ही है (ऊँचा सिर किये ही 'पिउ', 'पिउ' की टेर लगाया करता है) ऐसे मानी माँगनेवाले चातकको मेघके अतिरिक्त और कौन दे सकता है?॥ २९०॥

को को न ज्यायो जगत में जीवन दायक दानि।
भयो कनौड़ो जाचकहि पयद प्रेम पहिचानि॥

भावार्थ—जगत्‌में इस जीवनदाता दानी मेघने किस-किसको नहीं जिलाया? परंतु अपने प्रेमी—याचक चातकके प्रेमको पहचानकर तो यह मेघ उलटा स्वयं उसीका ऋणी हो गया॥ २९१॥

साधन साँसति सब सहत सबहि सुखद फल लाहु।
तुलसी चातक जलद की रीझि बूझि बुध काहु॥

भावार्थ—साधनमें सभी कष्ट सहते हैं और फलकी प्राप्ति सभीके लिये सुखदायिनी होती है; परंतु तुलसीदासजी कहते हैं कि चातककी-सी रीझ (प्रेम) और मेघकी-सी बुद्धि बिरले ही बुद्धिमान्‌की होती है (चातक मेघपर इतना रीझा रहता है कि कष्ट सहनेपर भी उससे प्रेम बढ़ाता ही है और मेघकी ऐसी बुद्धिगुणज्ञता है कि वह दाता होकर भी ऋणी बन जाता है।)॥ २९२॥

चातक जीवन दायकहि जीवन समयँ सुरीति।
तुलसी अलख न लखि परै चातक प्रीति प्रतीति॥

भावार्थ—चातकके जीवनदाता मेघके प्रेमकी सुन्दर रीति तो उसके जीवनकालमें ही देखनेमें आती है; परंतु [अनन्यप्रेमी] चातकका प्रेम एवं विश्वास तो अलख (अज्ञेय) है, तुलसीदासजी कहते हैं, वह तो किसीके दीखनेमें ही नहीं आता (अर्थात् उसका प्रेम तो मरते समय भी बना रहता है)—(देखिये दो० ३०२, ३०४, ३०५)॥ २९३॥

जीव चराचर जहँ लगें है सब को हित मेह।
तुलसी चातक मन बस्यो घन सों सहज सनेह॥

भावार्थ—संसारमें जितने चर-अचर जीव हैं, मेघ उन सभीका हितकारी है; परंतु तुलसीदासजी कहते हैं कि उस मेघके प्रति स्वाभाविक स्नेह तो एक चातकके ही चित्तमें बसा हुआ है॥ २९४॥

डोलत बिपुल बिहंग बन पिअत पोखरिन बारि।
सुजस धवल चातक नवल तुही भुवन दस चारि॥

भावार्थ—वनमें बहुत-से पक्षी डोलते हैं और वे पोखरियोंका

जल पिया करते हैं; परंतु हे नित्य नवीन प्रेमी चातक! चौदहों लोकोंको अपने निर्मल यशसे उज्ज्वल तो एक तू ही करता है॥ २९५॥

मुख मीठे मानस मलिन कोकिल मोर चकोर।
सुजस धवल चातक नवल रह्यो भुवन भरि तोर॥

भावार्थ—कोयल, मोर और चकोर मुँहके तो मीठे होते हैं; परंतु मनके बड़े मैले होते हैं (बोली तो बड़ी मीठी बोलते हैं, पर कीट-सर्पादि जीवोंको खा जाते हैं), परंतु हे नवल चातक! विश्वभरमें निर्मल यश तो तेरा ही छाया हुआ है॥ २९६॥

बास बेस बोलनि चलनि मानस मंजु मराल।
तुलसी चातक प्रेम की कीरति बिसद बिसाल॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि हंसका निवासस्थान (मानसरोवर), वेष (रंग-रूप), बोली, चाल और [नीर-क्षीरका विवेक रखनेवाला तथा मोती चुगनेकी टेकवाला] मन सभी सुन्दर हैं, परंतु प्रेमकी कीर्ति तो सबसे बढ़कर विस्तृत और निर्मल चातककी ही है॥ २९७॥

प्रेम न परखिअ परुषपन पयद सिखावन एह।
जग कह चातक पातकी ऊसर बरसै मेह॥

भावार्थ—संसारके लोग (विषयीजन) कहते हैं कि चातक पापी है, क्योंकि मेघ ऊसरतकमें बरसता है [परंतु चातकके मुँहमें नहीं बरसता]; पर मेघ इससे यह शिक्षा देता है कि प्रेमकी परीक्षा कठोरतासे नहीं करनी चाहिये (अर्थात् कठोरतामें प्रेम नहीं है, ऐसा नहीं मानना चाहिये; कहीं-कहीं कठोरतामें ही प्रेमका प्रकाश होता है। चातक पापी नहीं है, महान् प्रेमी है; उसके प्रेमका यश मेघकी कठोरतासे बढ़ता है)॥ २९८॥

होइ न चातक पातकी जीवन दानि न मूढ़।
तुलसी गति प्रहलाद की समुझि प्रेम पथ गूढ़॥

भावार्थ—न तो चातक ही पापी है और न जीवनदाता मेघ ही मूर्ख है। तुलसीदासजी कहते हैं कि प्रह्लादकी दशापर विचार करके समझो कि प्रेमका मार्ग कितना गूढ़ (सूक्ष्म) है। (प्रह्लादके पद-पदपर

कष्ट मिलता है और भगवान् उसके कष्टको जानते हुए भी बहुत विलम्बसे प्रकट होते हैं। यह उनकी प्रेमलीला ही है।)॥ २९९॥

गरज आपनी सबन को गरज करत उर आनि।
तुलसी चातक चतुर भो जाचक जानि सुदानि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि अपनी-अपनी गरज सभीको होती है और उसी गरजको (कामनाको) हृदयमें रखकर लोग जहाँ-तहाँ गरज करते (सबसे विनती करते) फिरते हैं। परंतु चतुर (अनन्य प्रेमी) चातक तो एक मेघको ही सर्वोत्तम दानी समझकर केवल उसीका याचक बना॥ ३००॥

चरग चंगु गत चातकहि नेम प्रेम की पीर।
तुलसी परबस हाड़ पर परिहैं पुहुमी नीर॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि बाजके पंजेमें फँसनेपर चातकको अपने प्रेमके नियमकी पीड़ा (चिन्ता) होती है। [उसे यह चिन्ता नहीं होती कि मैं मर जाऊँगा, पर इस बातकी बड़ी पीड़ा होती है कि बाजके द्वारा मारे जानेपर] मेरी हड्डियाँ और पाँख [स्वाती-नक्षत्रमें मेघ-जलमें न पड़कर] पृथ्वीके साधारण जलमें पड़ेगा॥ ३०१॥

बध्यो बधिक पर्‍यो पुन्य जल उलटि उठाई चोंच।
तुलसी चातक प्रेमपट मरतहुँ लगी न खोंच॥

भावार्थ—किसी बहेलियेने चातकको मार दिया, वह पुण्यसलिला गंगाजीमें गिर पड़ा; परंतु गिरते ही उस अनन्य प्रेमी चातकने चोंचको उलटकर ऊपर उठा लिया। तुलसीदासजी कहते हैं कि चातकके प्रेमरूपी वस्त्रपर मरते दमतक कोई खरोंच नहीं लगी (वह कहींसे फटा नहीं)॥ ३०२॥

अंड फोरि कियो चेटुवा तुष पर्‍यो नीर निहारि।
गहि चंगुल चातक चतुर डार्‍यो बाहिर बारि॥

भावार्थ—किसी चातकने अंडेको फोड़कर उसमेंसे बच्चा निकाला, परंतु अंडेके छिलकेको पानीमें पड़ा हुआ देखकर उस [प्रेमराज्यके] चतुर चातकने तुरंत उसे पंजेसे पकड़कर जलसे बाहर फेंक दिया॥ ३०३॥

दोहा

तुलसीं के मत चातकहि केवल प्रेम पिआस।
पिअत स्वाति जल जान जग जाँचत बारह मास॥

भावार्थ—तुलसीदासके मतसे तो चातकको केवल प्रेमकी ही प्यास है [जलकी नहीं]; क्योंकि सारा जगत् इस बातको जानता है कि चातक पीता तो है केवल स्वाति-नक्षत्रका जल, परंतु याचक बना रहता है बारहों महीने॥ ३०८॥

आलबाल मुकुताहलनि हिय सनेह तरु मूल।
होइ हेतु चित चातकहि स्वाति सलिलु अनुकूल॥

भावार्थ—चातकको हृदयरूपी मोतियोंकी (बहुमूल्य) क्यारीमें प्रेमरूपी वृक्षकी जड़ लगी है। ईश्वर करे स्वाति-नक्षत्रका जल चातकके चित्तमें रहनेवाले प्रेमके लिये अनुकूल हो जाय। (अर्थात् स्वाति-नक्षत्रके जलसे हृदयमें लगी हुई प्रेम-वृक्षकी जड़ भलीभाँति सींची जाय, जिससे प्रेम-वृक्ष फूल-फलकर लहलहा उठे)॥ ३०९॥

उष्न काल अरु देह खिन मग पंथी तन ऊख।
चातक बतियाँ न रुचीं अन जल सींचे रूख॥

भावार्थ—गर्मियोंके दिन थे, चातक शरीरसे खिन्न था (थका हुआ था,) रास्ते चल रहा था, उसका शरीर बहुत गरम हो रहा था [इतनेमें उसे कुछ पेड़ दीख पड़े, मनमें आया कि जरा विश्राम कर लूँ] परंतु अनन्य प्रेमी चातकको मनकी यह बात अच्छी नहीं लगी; क्योंकि वे वृक्ष [स्वाति-नक्षत्रके जलसे सींचे हुए न होकर] दूसरे ही जलसे सींचे हुए थे॥ ३१०॥

अन जल सींचे रूख की छाया तें बरु घाम।
तुलसी चातक बहुत हैं यह प्रबीन को काम॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि यों चातक (चातक-प्रेमका दम भरनेवाले) बहुत हैं, परंतु 'स्वातीके जलके अतिरिक्त अन्य जलसे सींचे हुए वृक्षकी छायासे तो धूप ही अच्छी' ऐसा मानना तो किसी [प्रेम-प्रणको निबाहनेमें] चतुर चातक (सच्चे प्रेमी)-का ही काम है॥ ३११॥

एक अंग जो सनेहता निसि दिन चातक नेह।
तुलसी जासों हित लगै वहि अहार वहि देह॥

भावार्थ—चातकका जो रात-दिनका (नित्य—चौबीसों घंटेका) प्रेम है, वही एकांगी प्रेम है।[१] तुलसीदासजी कहते हैं, ऐसा एकांगी प्रेम जिसके साथ लग जाता है, वही उसका आहार है, (वह खाना-पीना सब भूलकर उसीकी स्मृतिसे जीता रहता है) और वही उसका शरीर है (वह अपने शरीरकी सुधि भुलाकर उसीके शरीरमें तन्मय हुआ रहता है)॥ ३१२॥

एकांगी अनुरागके अन्य उदाहरण

बिबि रसना तनु स्याम है बंक चलनि बिष खानि।
तुलसी जस श्रवननि सुन्यो सीस समरप्यो आनि॥

भावार्थ—जिसके दो जीभे हैं, काला शरीर और टेढ़ी चाल है तथा जो विषकी खान है, ऐसा सर्प भी कानोंसे अपनी प्रशंसा सुनते ही [प्रेमवश] आकर अपना सिर सौंप देता है[२]॥ ३१३॥

मृगका उदाहरण

आपु ब्याध को रूप धरि कुहौ कुरंगहि राग।
तुलसी जो मृग मन मुरै परै प्रेम पट दाग॥

भावार्थ—राग (वीणाका मधुर स्वर) स्वयं बहेलियाका रूप धरकर हरिनको मार डाले [परंतु रागके प्रति उसका अनुराग तो वैसा ही रहता है]। तुलसीदासजी कहते हैं कि यदि रागकी ओरसे हरिनका मन फिर जाय तो प्रेमरूपी (स्वच्छ) वस्त्रमें दाग लग जाय॥ ३१४॥

१-एकांगी प्रेम उसे कहते हैं, जिसमें प्रेमी यह नहीं देखता कि प्रेमास्पद उसके बदलेमें प्रेम करता है या नहीं।

२-सँपेरा मन्त्र पढ़कर साँपकी बड़ी प्रशंसा करता है और पूँगी बजाता है। प्रशंसा सुनकर सर्प प्रसन्न होकर तुरंत दौड़कर उसके पास आ पहुँचता है और सँपेरेके द्वारा पकड़ा जाता है।

सर्पका उदाहरण

तुलसी मनि निज दुति फनिहि ब्याधहि देउ दिखाइ।
बिछुरत होइ न आँधरो ताते प्रेम न जाइ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि [मणिके लोभसे सर्पको मारनेके लिये आये हुए] ब्याधको मणि अपने प्रकाशसे भले ही सर्प दिखला दे, [और इस प्रकार उसकी मृत्युमें सहायक बनकर शत्रुका काम करे] परंतु [इससे क्या मणिके प्रति सर्पका अनुराग कम हो जाता है?] क्या मणिके वियोगमें सर्प अन्धा नहीं हो जाता* (अर्थात् वह अन्धा हो जाता है) और मणिसे उसका प्रेम नहीं हटता॥ ३१५॥

कमलका उदाहरण

जरत तुहिन लखि बनज बन रबि दै पीठि पराउ।
उदय बिकस अथवत सकुच मिटै न सहज सुभाउ॥

भावार्थ—कमलोंके वनको पालेसे जलते हुए देखकर भी सूर्य उनकी ओर पीठ देकर (उनकी अवहेलना करके) चाहे भाग जाय, परंतु सूर्यके उदय होनेपर खिल जाना और अस्त होनेपर सिकुड़ जाना—कमलोंका यह सहज स्वभाव (स्वाभाविक प्रेम) नहीं मिट सकता॥ ३१६॥

मछलीका उदाहरण

देउ आपनें हाथ जल मीनहि माहुर घोरि।
तुलसी जिऐ जो बारि बिनु तौ तु देहि कबि खोरि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जल चाहे स्वयं अपने हाथसे विष घोलकर मछलीको दे दे, पर यदि मछली बिना जलके (जलसे बाहर निकलनेपर) जीवित रह जाय तो तुम कवियोंको दोष

---

* कहा जाता है कि रातको मणिधर सर्प अपनी मणि निकालकर जमीनपर रख देता है और उसके प्रकाशसे ओस चाटा करता है और आहारकी खोज किया करता है। ब्याध आकर उस मणिपर गोबर डाल देता है, जिससे मणिका प्रकाश ढक जाता है और सर्प मणिको न पाकर अन्धा हो जाता है और सिर पटक-पटककर मर जाता है।

दे सकते हो (यह कह सकते हो कि यह सब कवियोंकी झूठी कल्पना है)। तात्पर्य यह कि जलके द्वारा चाहे जैसी नीचता होनेपर भी एकांगी प्रेमका पालन करनेवाली मछली जलके वियोगमें नहीं जी सकती॥ ३१७॥

मकर उरग दादुर कमठ जल जीवन जल गेह।
तुलसी एकै मीन को है साँचिलो सनेह॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि मगर, पानीके साँप, मेढक और कछुए आदि जलचर जीवोंका भी जल ही जीवन है और जल ही घर है, परंतु जलके साथ सच्चा प्रेम तो एक मछलीका ही है। (और सब जीव जलके बिना स्थलपर भी जीवित रह जाते हैं, परंतु मछली तो जलका वियोग होते ही प्राण त्याग कर देती है)॥ ३१८॥

मयूरशिखा बूटीका उदाहरण

तुलसी मिटे न मरि मिटेहुँ साँचो सहज सनेह।
मोरसिखा बिनु मूरिहूँ पलुहत गरजत मेह॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि सच्चा और स्वाभाविक प्रेम मर मिटनेपर भी नहीं मिटता। बादलोंके गरजते ही [मेघके प्रति प्रेम करनेवाली सूखी हुई] मयूरशिखा बूटी बिना जड़की होनेपर भी [तुरंत] पनप उठती है॥ ३१९॥

सुलभ प्रीति प्रीतम सबै कहत करत सब कोइ।
तुलसी मीन पुनीत ते त्रिभुवन बड़ो न कोइ॥

भावार्थ—सभी यह कहते हैं कि प्रेम और प्रियतम दोनों ही सुलभ (सस्ते) हैं और सब ऐसा करते भी हैं (किसीको प्रियतम बनाकर उससे प्रेम करते हैं), परंतु तुलसीदासजी कहते हैं कि [सच्चे प्रेमके नाते] मछलीसे बढ़कर पवित्र तीनों लोकोंमें दूसरा कोई नहीं है (मछली जलसे निष्काम प्रेम करती है और वियोग होते ही प्राण त्याग देती है; दूसरे ऐसा नहीं करते)॥ ३२०॥

अनन्यताकी महिमा

तुलसी जप तप नेम ब्रत सब सबहीं तें होइ।
लहै बड़ाई देवता इष्टदेव जब होइ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जप, तप, नेम तथा व्रत आदि सब साधन सभीसे बन सकते हैं, परंतु मनुष्य बड़ाई तब पाता है, जब वह देवता (भगवान्)-को अपना [एकमात्र] इष्टदेव-प्रेमका देवता बना लेता है॥ ३२१॥

गाढ़े दिनका मित्र ही मित्र है

कुदिन हितू सो हित सुदिन हित अनहित किन होइ।
ससि छबि हर रबि सदन तउ मित्र कहत सब कोइ॥

भावार्थ—सुखके दिनोंमें चाहे कोई मित्र या शत्रु कुछ भी क्यों न हो (कोई महत्त्वकी बात नहीं है), सच्चा मित्र तो वही है जो बुरे (विपत्तिके) दिनोंमें प्रेम करता है। सूर्य अपने घरमें (अमावस्याके* दिन) चन्द्रमाकी शोभाको हरण कर लेता है, फिर भी उसको सब 'मित्र' ही कहते हैं (क्योंकि वह विपत्तिमें चन्द्रमाका हित करता है, अपनी किरणोंसे सदा उसे प्रकाश देता रहता है*)॥ ३२२॥

बराबरीका स्नेह दुःखदायक होता है

कै लघुकै बड़ मीत भल सम सनेह दुख सोइ।
तुलसी ज्यों घृत मधु सरिस मिलें महाबिष होइ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि मित्र अपनेसे या तो छोटा हो या बड़ा हो, तभी कल्याण है; बराबरीका प्रेम तो दुःखदायक ही होता है। जैसे घी और मधु बराबर परिमाणमें मिल जानेसे भयंकर विष हो जाता है॥ ३२३॥

मित्रतामें छल बाधक है

मान्य मीत सों सुख चहैं सो न छुऐ छल छाहँ।
ससि त्रिसंकु कैकेइ गति लखि तुलसी मन माहँ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जो कोई अपने सम्मान्य

* अमावस्याके दिन सूर्य और चन्द्र एक साथ रहते हैं। 'मित्र' सूर्यका नाम भी है।

मित्रसे सुख चाहता हो तो उसे चाहिये कि वह चन्द्रमा[१], त्रिशंकु[२] और कैकेयीकी[३] गतिको मनमें विचारकर छलकी छायाको भी न छुवे (अर्थात् किसी भी प्रकारसे छल न करे)॥ ३२४॥

कहिअ कठिन कृत कोमलहुँ हित हठि होइ सहाइ।
पलक पानि पर ओड़िअत समुझि कुघाइ सुघाइ॥

भावार्थ—सच्चा हितैषी उसीको कहना चाहिये, जो नरम (साधारण) या कठिन—कैसा भी काम पड़नेपर (हलकी या भारी विपत्तिके समय) स्वयं (बिना किसी अनुरोधके) हठ करके सहायता करे। जैसे आँखोंपर कोमल चोट होते हुए देखकर उसे पलकोंपर ओड़ लिया (रोक लिया) जाता है और शरीरपर भारी चोट होते हुए देखकर उसे हाथोंपर ओड़ लिया जाता है (आँखोंपर जरा-सा भी कोई आघात होनेको होता है तो पलकें तुरंत स्वाभाविक ही बंद होकर आँखोंको ढक लेती हैं और आघात स्वयं सह लेती हैं और सिरपर आघात लगनेकी आशंका होते ही हाथ स्वयमेव उसे बचानेके लिये ऊपर उठ जाते हैं और स्वयं चोट सह लेते हैं)॥ ३२५॥

वैर और प्रेम अंधे होते हैं

तुलसी बैर सनेह दोउ रहित बिलोचन चारि।
सुरा सेवरा आदरहिं निंदहिं सुरसरि बारि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि वैर और प्रेम चारों आँखोंसे (अन्तर्दृष्टि एवं बाह्यदृष्टि दोनोंसे रहित) अंधे होते हैं। वैरी अपने द्वेषीके गुणोंको नहीं देखता और प्रेमी अपने प्रेमास्पदका दोष नहीं

१-चन्द्रमाने गुरुपत्नी-गमन किया, जिससे वह अबतक बदनाम है। चन्द्रको सभी कलंकी कहते हैं।

२-त्रिशंकुको गुरु वसिष्ठका अपमान करनेके कारण पहले चाण्डाल होना पड़ा और तत्पश्चात् विश्वामित्रजीके तपोबलसे सदेह स्वर्ग जाते हुए वापस उलटे मुँह गिरना और अध:लटकना पड़ा।

३-कैकेयीने अपने स्वामी दशरथसे छल करके तुरंत ही वैधव्य और सदाके लिये अपयश अपने सिर ले लिया।

देखता) और न इनको उचित-अनुचितका ज्ञान होता है। जैसे सेवड़ा (वाममार्गी साधक) शराबका [अत्यन्त निन्दनीय और त्याज्य होनेपर भी] आदर करते हैं और पवित्र गंगाजलकी निन्दा करते हैं॥ ३२६॥

दानी और याचकका स्वभाव

रुचै मागनेहि मागिबो तुलसी दानिहि दानु।
आलस अनख न आचरज प्रेम पिहानी जानु॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि भिखमंगेको माँगना और देनेवालेको दान देना ही अच्छा लगता है; अपने-अपने काममें (माँगने और देनेमें) न तो दोनोंको आलस्य आता है, न उद्वेग अथवा झुँझलाहट ही होती है और न आश्चर्य ही होता है; क्योंकि प्रेमको ही इन सब भावोंका ढक्कन समझो (माँगनेवालेको माँगनेसे तथा देनेवालेको दानसे स्वाभाविक प्रेम हो जाता है, जिससे ये सब बातें उनमें नहीं आ पातीं)॥ ३२७॥

प्रेम और वैर ही अनुकूलता और प्रतिकूलतामें हेतु हैं

अमिअ गारि गारेउ गरल गारि कीन्ह करतार।
प्रेम बैर की जननि जुग जानहिं बुध न गवाँर॥

भावार्थ—ब्रह्माजीने अमृत और विषको निचोड़कर (उनके साररूपमें) गालीको रचा है। इसलिये गाली, प्रेम और वैर दोनोंकी जननी (पैदा करनेवाली) है। इस बातको बुद्धिमान् पुरुष जानते हैं, गँवार नहीं (हँसी-मजाक या विवाहके समय दी जानेवाली गाली प्रेम उत्पन्न करती है और द्वेष, वैमनस्य या क्रोधसे दी हुई वैर पैदा करती है)॥ ३२८॥

स्मरण और प्रिय भाषण ही प्रेमकी निशानी है

सदा न जे सुमिरत रहहिं मिलि न कहहिं प्रिय बैन।
ते पै तिन्ह के जाहिं घर जिन्ह के हिएँ न नैन॥

भावार्थ—जो न तो सदा (कभी) याद करते हैं और न कभी मिलनेपर मीठे वचन ही बोलते हैं; उनके घर वे ही जाते हैं जिनके हियेकी आँखें फूटी होती हैं (अर्थात् जो महान् मूर्ख होते हैं)॥ ३२९॥

स्वार्थ ही अच्छाई-बुराईका मानदण्ड है

हित पुनीत सब स्वारथहिं अरि असुद्ध बिनु चाड़।
निज मुख मानिक सम दसन भूमि परे ते हाड़॥

भावार्थ—जबतक स्वार्थ है तबतक सभी वस्तुएँ पवित्र और हितकारी जान पड़ती हैं, बिना चाहकी वही चीजें (जो स्वार्थके समय पवित्र और हितकारी जान पड़ती थीं) अपवित्र और शत्रुके समान दिखायी देने लगती हैं। जैसे जबतक दाँत अपने मुँहमें रहते हैं, तबतक वे माणिकके समान मूल्यवान् होते हैं; परंतु वही टूटकर जब जमीनपर गिर पड़ते हैं, तब [अस्पृश्य] हाड़ कहलाते हैं॥ ३३०॥

संसारमें प्रेममार्गके अधिकारी बिरले ही हैं

माखी काक उलूक बक दादुर से भए लोग।
भले ते सुक पिक मोरसे कोउ न प्रेम पथ जोग॥

भावार्थ—संसारमें अधिकांश लोग तो मक्खी, कौए, उल्लू, बगुले और मेढकके सदृश (बिना ही कारण हानि करनेवाले, पर-निन्दारूपी मल भक्षण करनेवाले, भगवान्‌की ओरसे आँख मुँदे रखनेवाले, ऊपरसे सुन्दर वेष धारण कर अंदरसे छलनेकी इच्छा रखनेवाले और व्यर्थका बकवाद करनेवाले) हो गये हैं और जो कुछ भले लोग हैं, वे भी तोते, कोयल और मोरके सदृश (देखनेमें अच्छे, पर पलमें प्रेम तोड़कर भाग जानेवाले, बोलनेमें मधुर, परंतु स्वार्थी, शरीरसे सुन्दर परंतु कठोर-हृदय) हैं, प्रेमपथपर चलनेयोग्य तो कोई भी नहीं है॥ ३३१॥

कलियुगमें कपटकी प्रधानता

हृदयँ कपट बर बेष धरि बचन कहहिं गढ़ि छोलि।
अब के लोग मयूर ज्यों क्यों मिलिए मन खोलि॥

भावार्थ—आजकलके लोग तो मोरके समान हैं; वे सुन्दर वेश धारण करते हैं (ऊपरसे बहुत ही अच्छा, शिष्टतापूर्ण व्यवहार करते हैं) और अच्छी तरह बना-बनाकर बातें करते हैं; परंतु उनके हृदयमें

समान पीड़ा होती है) और धनवान् नीच मनुष्यसे वे मरनेपर भी (अत्यन्त विपत्तिमें भी) नहीं माँगेंगे (क्योंकि उससे माँगना उन्हें जलमें डूब जानेके समान प्राणघातक प्रतीत होता है। अतः वे अभावका कष्ट ही सहते रहते हैं)॥ ३३५॥

संग सरल कुटिलहि भएँ हरि हर करहिं निबाहु।
ग्रह गनती गनि चतुर बिधि कियो उदर बिनु राहु॥

भावार्थ—सरल (सज्जन) और कुटिल (दुष्ट)-का साथ हो जानेपर भगवान् विष्णु और शिव ही निर्वाह [रक्षा] करते हैं। राहुके ग्रहोंकी गणनामें गिने जानेपर चतुर ब्रह्माने उसको बिना पेटका बना दिया (यदि वह पेटहीन न होता तो उसका तथा अन्य ग्रहका संग मिलता ही नहीं; क्योंकि वह दुष्ट ग्रह होनेके कारण साथी सरल ग्रहोंको कभी खा डाले होता)॥ ३३६॥

स्वभावकी प्रधानता

नीच निचाई नहिं तजइ सज्जनहू कें संग।
तुलसी चंदन बिटप बसि बिनु बिष भए न भुअंग॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि सज्जनका संग होनेपर भी नीच मनुष्य अपनी नीचताको नहीं छोड़ता। चन्दनके वृक्षोंमें निवास करके भी साँप विषरहित नहीं हुए॥ ३३७॥

भलो भलाइहि पै लहइ लहइ निचाइहि नीचु।
सुधा सराहिअ अमरताँ गरल सराहिअ मीचु॥

भावार्थ—भला आदमी अपनी भलाईसे और नीच अपनी नीचतासे ही शोभा पाता है। अमृतकी प्रशंसा इसलिये की जाती है कि वह अमरत्व प्रदान करता है, और विष वही सराहनीय है जिससे [शीघ्र और सहज ही] मृत्यु हो जाय॥ ३३८॥

मिथ्या माहुर सज्जनहि खलहि गरल सम साँच।
तुलसी छुअत पराइ ज्यों पारद पावक आँच॥

भावार्थ—सज्जन पुरुषके लिये असत्य विष है और दुष्टके लिये सत्य विषके समान है। सज्जन असत्यको और दुष्ट सत्यको

छूते ही वैसे ही भाग जाते हैं जैसे अग्निकी आँच लगते ही पारा उड़ जाता है॥ ३३९॥

सत्संग और असत्संगका परिणामगत भेद

संत संग अपबर्ग कर कामी भव कर पंथ।
कहहिं संत कबि कोबिद श्रुति पुरान सदग्रंथ॥

भावार्थ—संतोंका संग मोक्ष (भवबन्धनसे छूटने)-का और विषयी पुरुषोंका संग संसारबन्धनमें पड़नेका मार्ग है। इस बातको संत, कवि, ज्ञानी और वेद-पुराणादि सद्ग्रन्थ सभी कहते हैं॥ ३४०॥

सुकृत न सुकृती परिहरइ कपट न कपटी नीच।
मरत सिखावन देइ चले गीधराज मारीच॥

भावार्थ—पुण्यात्मा पुरुष अपने पुण्यको और नीच, कपटी मनुष्य अपने कपटको मरते दमतक नहीं छोड़ते। जटायु और मारीच मरते-मरते इसी बातकी सीख दे गये हैं (जटायुने सीताके छुड़ानेके प्रयत्नमें परोपकारार्थ प्राण छोड़े और मारीचने मरते समय भी रामके-से स्वरमें 'हा लक्ष्मण' कहकर सीताजीको धोखा दिया)॥ ३४१॥

सज्जन और दुर्जनका भेद

सुजन सुतरु बन ऊख सम खल टंकिका रुखान।
परहित अनहित लागि सब साँसति सहत समान॥

भावार्थ—सज्जन पुरुष सुन्दर (लाभकारी) कपास और ऊखके पौधेके समान हैं और दुर्जन टाँकी और रुखानीके * समान। सज्जन और दुर्जन दोनों ही समानरूपसे कष्ट सहते हैं; परंतु सज्जन सहते हैं पराये हितके लिये और दुष्ट दूसरोंके अहितके लिये॥ ३४२॥

पिअहिं सुमन रस अलि बिटप काटि कोल फल खात।
तुलसी तरुजीवी जुगल सुमति कुमति की बात॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि [भ्रमर और भील दोनों ही वृक्षोंके सहारे जीते हैं, किंतु] भ्रमर फूलोंका रस ही पीते हैं (फूलोंको

* बढ़इयोंका लोहेका एक औजार।

भी नहीं चुनते) और कोल-भील वृक्षको काटकर उसका फल खाते हैं। यह सुबुद्धि और कुबुद्धिकी बात है॥ ३४३॥

अवसरकी प्रधानता

अवसर कौड़ी जो चुकै बहुरि दिएँ का लाख।
दुइज न चंदा देखिऐ उदौ कहा भरि पाख॥

भावार्थ—आवश्यकताके समय मनुष्य यदि कौड़ी देनेमें भी चूक जाय तो फिर [अनावश्यक बिना मौके] लाख रुपया देनेसे भी क्या होता है? द्वितीयाके चन्द्रमाको न देखा जाय तो फिर पक्षभर चन्द्रमा उदय होता रहे, उससे क्या होगा?॥ ३४४॥

भलाई करना बिरले ही जानते हैं

ग्यान अनभले को सबहि भले भलेहू काउ।
सींग सूँड़ रद लूम नख करत जीव जड़ घाउ॥

भावार्थ—बुराई करनेका ज्ञान तो सभीको है, परंतु भलाईका ज्ञान तो कभी किसी भलेको ही होता है। मूर्ख जानवर (गैंडा, हाथी, सिंह, चँवरी गाय, बंदर आदि) अपने सींग, सूँड़, दाँत, पूँछ तथा नख इत्यादिसे दूसरोंको चोट ही पहुँचाते हैं [उनसे भलाई करना नहीं जानते]॥ ३४५॥

संसारमें हित करनेवाले कम हैं

तुलसी जग जीवन अहित कतहुँ कोउ हित जानि।
सोषक भानु कृसानु महि पवन एक घन दानि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जगत्‌में जीवोंका अहित करनेवाले बहुत हैं, हित करनेवाला तो कहीं कोई एकाध ही जानो। सूर्य, अग्नि, पृथ्वी, पवन सभी जलको सुखानेवाले हैं, देनेवाला तो एक बादल ही है॥ ३४६॥

सुनिअ सुधा देखिअहिं गरल सब करतूति कराल।
जहँ तहँ काक उलूक बक मानस सकृत मराल॥

भावार्थ—अमृत तो केवल सुननेमें ही आता है; परंतु विष जहाँ-तहाँ प्रत्यक्ष देखे जाते हैं। विधाताके सभी कार्य विकराल हैं। कौए, उल्लू

कपट रहता है। ऐसे लोगोंसे दिल खोलकर कैसे मिला जाय? (तात्पर्य यह है कि आजकल लोग ऊपरसे चिकनी-चुपड़ी बातें बनाना और देखनेमें सभ्यताका व्यवहार करना तो सीख गये हैं, परंतु उनके हृदयमें सरल प्रेम नहीं है, वे उस मयूरके समान हैं, जिसका शरीर बड़ा ही मनोहर और वाणी अत्यन्त मधुर होती है; परंतु जो हृदयका इतना कठोर होता है कि बड़े-बड़े जहरीले साँपोंको निगल जाता है)॥ ३३२॥

कपट अन्ततक नहीं निभता

चरन चोंच लोचन रँगौ चलौ मराली चाल।
छीर नीर बिबरन समय बक उघरत तेहि काल॥

भावार्थ—बगुला चाहे अपने चरण, चोंच और आँखोंको हंसकी तरह रँग ले और हंसकी-सी चाल भी चलने लगे; परंतु जिस समय दूध और जलको अलग-अलग करनेका अवसर आता है, उस समय उसकी पोल खुल जाती है॥ ३३३॥

कुटिल मनुष्य अपनी कुटिलताको नहीं छोड़ सकता

मिलै जो सरलहि सरल ह्वै कुटिल न सहज बिहाइ।
सो सहेतु ज्यों बक्र गति ब्याल न बिलहिं समाइ॥

भावार्थ—कुटिल मनुष्य अपने स्वभावको नहीं छोड़ सकता। यदि वह किसी सरलहृदय पुरुषसे सरल होकर मिलता भी है तो समझ लेना चाहिये कि उसके ऐसा करनेमें कोई-न-कोई हेतु अवश्य है। जैसे साँप टेढ़ी चालसे बिलमें नहीं घुस सकता [इसलिये बिलमें घुसनेके लिये वह उस समय टेढ़ी चाल छोड़कर सीधा हो जाता है, परंतु वास्तवमें उसकी स्वाभाविक टेढ़ी चाल नहीं मिटती]॥ ३३४॥

कृसधन सखहि न देब दुख मुएहुँ न मागब नीच।
तुलसी सज्जन की रहनि पावक पानी बीच॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि सज्जनोंकी स्थिति ऐसी हो जाती है जैसे आग और पानीके बीचमें रहना। वे थोड़ी पूँजीवाले मित्रसे तो धन माँगकर उसे कष्ट नहीं देंगे (ऐसा करनेमें उन्हें अग्निमें जलनेके

तुलसी चातक देत सिख सुतहि बारहीं बार।
तात न तर्पन कीजिऐ बिना बारिधर धार॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि चातक अपने पुत्रको बारंबार यही सीख देता है कि हे तात! [मेरे मरनेपर] प्यारे मेघकी धाराको छोड़कर अन्य किसी जलसे मेरा तर्पण न करना॥ ३०४॥

सोरठा

जिअत न नाई नारि चातक घन तजि दूसरहि।
सुरसरिहू को बारि मरत न माँगेउ अरध जल॥

भावार्थ—जीते-जी तो चातकने [प्यारे] मेघको छोड़कर दूसरेके सामने गर्दन नहीं झुकायी (याचना नहीं की) और मरते समय भी गंगाजलमें* अर्धजलीतक न माँगी (मुक्तिका भी निरादर कर दिया) ॥ ३०५॥

सुनु रे तुलसीदास प्यास पपीहहि प्रेम की।
परिहरि चारिउ मास जो अँचवै जल स्वाति को॥

भावार्थ—रे तुलसीदास! सुन, पपीहेको तो केवल प्रेमकी ही प्यास है [जलकी नहीं]; इसीलिये वह बरसातके चारों महीनोंके जलको छोड़कर केवल स्वाति-नक्षत्रका ही जल पीता है॥ ३०६॥

जाचै बारह मास पिऐ पपीहा स्वाति जल।
जान्यो तुलसीदास जोगवत नेही नेह मन॥

भावार्थ—चातक बारहों महीने मेघसे [उसे देखते ही, 'पिउ' 'पिउ' की पुकार मचाकर] जल माँगा करता है, परंतु पीता है केवल स्वाति-नक्षत्रका ही जल। तुलसीदासजी कहते हैं कि मैंने इससे यह समझा है कि चातक ऐसा करके अपने स्नेही मेघका मन रखता है (जिससे मेघको यह कहनेका मौका न मिले कि तू तो स्वार्थी है, जब प्यास लगती है, तभी मुझे पुकारता है, फिर सालभर मेरा नाम भी नहीं लेता) ॥ ३०७॥

---

* मरते हुए आदमीको आधा गंगाजीमें और आधा बाहर रखते हैं, इसको 'अर्धजल' क्रिया कहते हैं। इस अवस्थामें जिसके प्राण छूटते हैं, उसकी सहज मुक्ति हो जाती है—ऐसा शास्त्रोंमें वर्णन आता है।

है और एक ही विश्वास है। एक रामरूपी श्यामघन (मेघ)-के लिये ही तुलसीदास चातक बना हुआ है॥ २७७॥

प्रेमकी अनन्यताके लिये चातकका उदाहरण

जौं घन बरषै समय सिर जौं भरि जनम उदास।
तुलसी या चित चातकहि तऊ तिहारी आस॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि हे रामरूपी मेघ! चाहे तुम ठीक समयपर बरसो (कृपाकी वृष्टि करो) चाहे जन्मभर उदासीन रहो—कभी न बरसो, परंतु इस चित्तरूपी चातकको तो तुम्हारी ही आशा है॥ २७८॥

चातक तुलसी के मतें स्वातिहुँ पिऐ न पानि।
प्रेम तृषा बाढ़ति भली घटें घटैगी आनि॥

भावार्थ—हे चातक! तुलसीदासके मतसे तो तू स्वाति नक्षत्रमें बरसा हुआ जल भी न पीना! क्योंकि प्रेमकी प्यासका बढ़ते रहना ही अच्छा है; घटनेसे तो प्रेमकी निष्ठा ही घट जायगी॥ २७९॥

रटत रटत रसना लटी तृषा सूखि गे अंग।
तुलसी चातक प्रेम को नित नूतन रुचि रंग॥

भावार्थ—अपने प्यारे मेघका नाम रटते-रटते चातककी जीभ लट गयी और प्यासके मारे सब अंग सूख गये। तुलसीदासजी कहते हैं कि तो भी चातकके प्रेमका रंग तो नित्य नया और सुन्दर ही होता जाता है॥ २८०॥

चढ़त न चातक चित कबहुँ प्रिय पयोद के दोष।
तुलसी प्रेम पयोधि की ताते नाप न जोख॥

भावार्थ—चातकके चित्तमें अपने प्रियतम मेघका दोष कभी आता ही नहीं। तुलसीदासजी कहते हैं कि इसीलिये प्रेमके अथाह समुद्रका कोई माप-तौल नहीं हो सकता (उसका थाह नहीं लगाया जा सकता)॥ २८१॥

बरषि परुष पाहन पयद पंख करौ टुक टूक।
तुलसी परी न चाहिऐ चतुर चातकहि चूक॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि मेघ (बादल) कठोर ओले बरसाकर भले ही चातककी पाँखोंके टुकड़े-टुकड़े कर दे, पर प्रेमके

काम-क्रोधादि एक-एक अनर्थकारक हैं फिर सबकी तो बात ही क्या है?

ग्रह ग्रहीत पुनि बात बस तेहि पुनि बीछी मार।
तेहि पिआइअ बारुनी कहहु काह उपचार॥

भावार्थ—जिसे कुग्रह लगे हों [अथवा जो पिशाचग्रस्त हो] फिर जो वायुरोगसे पीड़ित हो और उसीको फिर बिच्छू डंक मार दे, ऐसे तीन प्रकारसे पागल बने हुएको ऊपरसे शराब पिला दी जाय तो कहिये यह कैसा इलाज है?॥ २७१ ॥

किसके मनको शान्ति नहीं मिलती?

ताहि कि संपति सगुन सुभ सपनेहुँ मन बिश्राम।
भूत द्रोह रत मोहबस राम बिमुख रति काम॥

भावार्थ—जो मनुष्य मोहके वशीभूत होकर भूतप्राणियोंके द्रोहमें तत्पर है, श्रीरामसे विमुख है और भोगोंमें आसक्त हो रहा है; उसको क्या स्वप्नमें भी [दैवी] सम्पत्ति, शुभ शकुन या चित्तकी शान्ति प्राप्त हो सकती है?॥ २७२ ॥

ज्ञानमार्गकी कठिनता

कहत कठिन समुझत कठिन साधत कठिन बिबेक।
होइ घुनाच्छर न्याय जौं पुनि प्रत्यूह अनेक॥

भावार्थ—ज्ञान कहने (समझाने)-में कठिन है, समझनेमें कठिन है और साधन करनेमें भी कठिन है। यदि 'घुणाक्षर' न्यायसे* कहीं ज्ञान प्राप्त भी हो जाय तो फिर भी उस [के बचाये रखने]-में अनेकों विघ्न आते रहते हैं। (तात्पर्य यह है कि कहीं गुरुकृपासे परोक्ष ज्ञान हो ही जाता है, तो फिर भी अपरोक्षतक पहुँचनेमें बहुत-सी बाधाएँ आती हैं)॥ २७३ ॥

---

* काठमें जब घुन लग जाता है और उसे काटता है, तब उसमें कई तरहकी रेखाएँ बन जाती हैं। संयोगसे कोई रेखा अक्षर-जैसी बन जाय तो उसे 'घुणाक्षर' कहते हैं। इसी प्रकार बिना प्रयत्नके संयोगवश कोई घटना हो जाय तो उसे 'घुणाक्षर-न्याय' कहते हैं।

अभिमानका भारी बोझ सिरपर रखकर मूर्खलोग तोते, रेशमके कीड़े और बंदरकी तरह बलात् पराधीन हो जाते हैं* ॥ २४३ ॥

जीव और दर्पणके प्रतिबिम्बकी समानता

केहिं मग प्रबिसति जाति केहिं कहु दरपनमें छाहँ।
तुलसी ज्यों जग जीव गति करी जीव के नाहँ॥

भावार्थ—भला बतलाओ तो दर्पणमें छाया किस रास्तेसे घुसती है और किस रास्तेसे निकल जाती है? तुलसीदासजी कहते हैं कि जीवोंके नाथ परमात्माने संसारमें जीवोंकी भी ऐसी ही चाल बनायी है (कौन किस रास्तेसे कहाँसे आता है और किस मार्गसे कहाँ चला जाता है, इस बातको कोई नहीं बतला सकता) ॥ २४४ ॥

भगवन्मायाकी दुर्ज्ञेयता

सुखसागर सुख नींद बस सपने सब करतार।
माया मायानाथ की को जग जाननिहार॥

भावार्थ—सुखसागर परमात्मा ही जीवके रूपमें सुखकी नींद सो रहे हैं और स्वप्नवत् सब काम कर रहे हैं। मायाके स्वामीकी इस मायाको जाननेवाला जगत्में कौन है? ॥ २४५ ॥

जीवकी तीन दशाएँ

जीव सीव सम सुख सयन सपनें कछु करतूति।
जागत दीन मलीन सोइ बिकल बिषाद बिभूति॥

भावार्थ—जीव सुखसे सोनेके समय (सुषुप्तिमें) शिव (परमात्मा)-के समान है, स्वप्नमें कुछ कार्य करता है (अनेक प्रकारकी सृष्टि रचता है) और जागतेमें (जाग्रदवस्थामें) वही दीन-मलीन हो जाता है और

* तोता फिरनेवाली लकड़ीपर बैठकर लकड़ी घूमते ही उलट जाता है और पंजोंसे लकड़ीको पकड़े रखकर अपनेको बँधा मानता है और पकड़ा जाता है। रेशमका कीड़ा आप ही कोश बनाकर उसमें बँध जाता है और मारा जाता है। इसी प्रकार बंदर छोटे मुँहकी हँडियामें चनेके लोभसे हाथ डालकर चने मुट्ठीमें भरकर मुट्ठी बंद कर लेता है, चनोंके लालचसे मुट्ठी खोलता नहीं और फलस्वरूप पकड़ा जाता है।

और बगुले जहाँ-तहाँ (सर्वत्र) दिखायी देते हैं; परंतु हंस तो केवल एक मानसरोवरमें ही मिलते हैं [दूसरोंकी बुराई करनेवाले नीच सभी जगह मिलते हैं, परंतु परहितमें लगे हुए संत तो सत्संगमें ही मिलते हैं] ॥ ३४७ ॥

जलचर थलचर गगनचर देव दनुज नर नाग।
उत्तम मध्यम अधम खल दस गुन बढ़त बिभाग॥

भावार्थ—जलमें रहनेवाले, स्थलपर रहनेवाले और आकाशमें विचरनेवाले जीवों तथा देवता, राक्षस, मनुष्य और नाग—इन सब योनियोंमें उत्तमकी अपेक्षा मध्यम, मध्यमकी अपेक्षा अधम और अधमकी अपेक्षा नीच—दुष्ट प्राणियोंकी संख्या दसगुनी अधिक हो जाती है (उत्तमसे मध्यम दसगुने, मध्यमसे अधम दसगुने और अधमसे नीच दसगुने हैं, उत्तम बहुत ही थोड़े हैं) ॥ ३४८ ॥

बलि मिस देखे देवता कर मिस मानव देव।
मुए मार सुबिचार हत स्वारथ साधन एव॥

भावार्थ—बलिदानके बहाने देवताओंको और राज्य-कर (दण्ड)-के बहाने राजाओंको देख लिया। दोनों ही स्वार्थ साधनेवाले विचार-शून्य और मरेको ही मारनेवाले हैं॥ ३४९ ॥

सुजन कहत भल पोच पथ पापि न परखइ भेद।
करमनास सुरसरित मिस बिधि निषेध बद बेद॥

भावार्थ—कर्मनाशा और गंगाजीके बहाने जैसे वेद विधि और निषेध दोनों तरहके कर्मोंका वर्णन करते हैं (कर्मनाशामें नहानेका निषेध है और गंगास्नानकी विधि है) वैसे ही सत्पुरुष [ग्रहण और त्यागके लिये] भले-बुरे दोनों ही मार्ग बतलाते हैं, परंतु पापी मनुष्य इस भेदको नहीं समझते हैं॥ ३५० ॥

वस्तु ही प्रधान है, आधार नहीं

मनि भाजन मधु पारई पूरन अमी निहारि।
का छाँड़िअ का संग्रहिअ कहहु बिबेक बिचारि॥

भावार्थ—शराबसे भरे हुए मणिमय पात्र और अमृतसे पूर्ण मिट्टीके

बर्तनको देखकर जरा विवेकपूर्वक विचारकर कहो कि इन दोनोंमें किसका त्याग करना चाहिये और किसका ग्रहण? (तात्पर्य यह है कि उत्तम वस्तु सामान्य स्थानमें हो तो भी उसे लेना चाहिये, परंतु बुरी वस्तु उत्तम स्थानमें हो तो भी उसका त्याग ही करना चाहिये)॥ ३५१॥

प्रीति और वैरकी तीन श्रेणियाँ

उत्तम मध्यम नीच गति पाहन सिकता पानि।
प्रीति परिच्छा तिहुन की बैर बितिक्रम जानि॥

भावार्थ—प्रीतिकी परीक्षामें उत्तम, मध्यम और नीच—इन तीनोंकी स्थिति क्रमशः पत्थर, बालू और जलके समान है (अर्थात् उत्तम पुरुषकी प्रीति पत्थरकी लीकके समान अमिट है, मध्यम मनुष्यकी प्रीति बालूकी रेखाके समान—दूसरी हवा न लगनेतक ही है और नीचकी प्रीति तो जलकी लकीरके समान है। जैसे अँगुलीसे जलमें लकीर करते जाइये, साथ-ही-साथ वह मिटती चली जायगी, ऐसे ही नीचकी प्रीति तत्काल नष्ट हो जाती है); परंतु वैर इसके विपरीत (उत्तम पुरुषका जलकी लकीरके समान तत्काल नष्ट होनेवाला, मध्यमका बालूकी रेखाके समान कुछ समयतक रहनेवाला और नीचका पत्थरकी लकीरके सदृश चिरस्थायी होता है)॥ ३५२॥

जिसे सज्जन ग्रहण करते हैं, उसे दुर्जन त्याग देते हैं

पुन्य प्रीति पति प्रापतिउ परमारथ पथ पाँच।
लहहिं सुजन परिहरहिं खल सुनहु सिखावन साँच॥

भावार्थ—पुण्य, प्रेम, प्रतिष्ठा, प्राप्ति (लौकिक लाभ) और परमार्थका पथ—इन पाँचोंको सज्जनगण तो ग्रहण करते हैं और दुष्टलोग त्याग देते हैं। इस सच्ची सीखको सुनो॥ ३५३॥

प्रकृतिके अनुसार व्यवहारका भेद भी आवश्यक है

नीच निरादरहीं सुखद आदर सुखद बिसाल।
कदरी बदरी बिटप गति पेखहु पनस रसाल॥

भावार्थ—नीच लोग निरादर करनेसे और बड़े लोग आदर करनेसे सुखदायी होते हैं। इस बातको समझनेके लिये केले और बेर तथा

कटहल और आमके पेड़ोंकी दशा देखो (केला तथा बेर काटे जानेपर अधिक फल देते हैं, परंतु कटहल और आम सींचने और सेवा करनेपर ही फलते हैं)॥ ३५४॥

अपना आचरण सभीको अच्छा लगता है

तुलसी अपनो आचरन भलो न लागत कासु।
तेहि न बसात जो खात नित लहसुनहू को बासु॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि अपना आचरण किसको अच्छा नहीं लगता? जो नित्य लहसुन खाता है, उसको लहसुनकी दुर्गन्ध नहीं मालूम होती॥ ३५५॥

भाग्यवान् कौन है?

बुध सो बिबेकी बिमलमति जिन्ह कें रोष न राग।
सुहृद सराहत साधु जेहि तुलसी ताको भाग॥

भावार्थ—वे पुरुष निर्मल बुद्धिवाले, ज्ञानवान् और बुद्धिमान् हैं जिनका न किसीमें राग (आसक्ति) है, न किसीके प्रति क्रोध (द्वेष) है; किंतु साधुजन जिन्हें सुहृद् (सबका अकारण हितू) कहकर सराहना करते हैं, तुलसीदासजी कहते हैं वे बड़े ही भाग्यशाली हैं॥ ३५६॥

साधुजन किसकी सराहना करते हैं

आपु आपु कहँ सब भलो अपने कहँ कोइ कोइ।
तुलसी सब कहँ जो भलो सुजन सराहिअ सोइ॥

भावार्थ—स्वयं अपने लिये सभी भले हैं (सभी अपनी भलाई करना चाहते हैं), कोई-कोई अपनोंकी (मित्र-बान्धवोंकी) भी भलाई करनेवाले होते हैं। तुलसीदासजी कहते हैं कि जो सबकी भलाई करनेवाला (सुहृद्) है, साधुजनोंके द्वारा उसीकी सराहना होती है॥ ३५७॥

संगकी महिमा

तुलसी भलो सुसंग तें पोच कुसंगति सोइ।
नाउ किंनरी तीर अति लोह बिलोकहु लोइ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि अच्छी संगतिसे मनुष्य

अच्छा और बुरी संगतिसे बुरा हो जाता है। हे लोगो! देखो, जो लोहा नावमें लगनेसे सबको पार उतारनेवाला और सितारमें लगनेसे मधुर संगीत सुनाकर सुख देनेवाला बन जाता है, वही तलवार और तीरमें लगनेसे जीवोंका प्राणघातक हो जाता है॥ ३५८॥

गुरु संगति गुरु होइ सो लघु संगति लघु नाम।
चार पदारथ में गनैं नरक द्वारहू काम॥

भावार्थ—बड़ोंकी संगतिसे मनुष्य बड़ा (सम्मान्य) हो जाता है और छोटोंकी संगतिसे उसीका नाम छोटा हो जाता है। अर्थ, धर्म और मोक्षके साथ रहनेसे नरकके साक्षात् द्वार कामकी भी गिनती चार पदार्थोंमें होती है॥ ३५९॥

तुलसी गुरु लघुता लहत लघु संगति परिनाम।
देवी देव पुकारिअत नीच नारि नर नाम॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि नीच मनुष्योंकी संगतिका यह परिणाम होता है कि बड़े महत्त्ववाले पुरुष भी लघुताको प्राप्त हो जाते हैं। नीच स्त्री-पुरुषोंके नाम होनेसे देवी-देवता भी लघुतासे ही पुकारे जाते हैं॥ ३६०॥

तुलसी किएँ कुसंग थिति होहिं दाहिने बाम।
कहि सुनि सकुचिअ सूम खल गत हरि संकर नाम॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि कुसंगतिमें स्थित रहनेसे अच्छे भी बुरे हो जाते हैं। हरि, शंकर आदि भगवान्के नाम परम कल्याणकारी हैं, परंतु वही नाम कंजूस और दुष्ट पुरुषोंके रख दिये जाते हैं तो लोग उन नामोंको कहते-सुनते सकुचाते हैं॥ ३६१॥

बसि कुसंग चह सुजनता ताकी आस निरास।
तीरथहू को नाम भो गया मगह के पास॥

भावार्थ—कुसंगतिमें निवास करके जो सज्जनताकी आशा करता है, उसकी आशा निराशामात्र है। मगधके पास बसनेसे पवित्र विष्णुपद तीर्थका नाम भी 'गया' (गया-बीता) पड़ गया॥ ३६२॥

राम कृपाँ तुलसी सुलभ गंग सुसंग समान।
जो जल परै जो जन मिलै कीजै आपु समान॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि गंगाजी और सत्संगति दोनों समान हैं। गंगाजीमें कैसा भी जल पड़े और सत्संगतिमें कैसा भी दुर्जन मनुष्य जाय, उसको ये दोनों अपने ही समान पवित्र बना देती हैं। परंतु इनकी प्राप्ति श्रीरामकृपासे ही सुलभ है॥ ३६३॥

ग्रह भेषज जल पवन पट पाइ कुजोग सुजोग।
होहिं कुबस्तु सुबस्तु जग लखहिं सुलच्छन लोग॥

भावार्थ—ग्रह, ओषधि, जल, वायु और वस्त्र—ये सभी बुरा या अच्छा संग पाकर जगत्में बुरे या अच्छे पदार्थ बन जाते हैं। इस रहस्यको अच्छे लक्षणवाले बुद्धिमान् लोग ही जान पाते हैं॥ ३६४॥

जनम जोग में जानिअत जग बिचित्र गति देखि।
तुलसी आखर अंक रस रंग बिभेद बिसेषि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जैसे अक्षर (क, ख, ग आदि), अंक (१, २, ३ आदि), रस (मीठामें खट्टा आदि) और रंग (नीला, लाल, पीला आदि)-में [इनके परस्पर संयोगके भेदसे] विशेष भेद हो जाता है, ऐसे ही मनुष्यके जन्मकालमें भिन्न-भिन्न ग्रहोंका योग होता है; उसीको देखकर जगत्की विचित्र गति जानी जाती है॥ ३६५॥

आखर जोरि बिचार करु सुमति अंक लिखि लेखु।
जोग कुजोग सुजोग मय जग गति समुझि बिसेषु॥

भावार्थ—अक्षरोंको जोड़कर विचार करो और हे सुमति! अंकोंको लिखकर हिसाब लगाओ तो भलीभाँति समझ जाओगे कि जगत्की गति योगसे कुयोग और सुयोगमयी हो जाती है ('धर्म' के पहले 'अ' अक्षर जोड़ दो, अधर्म हो जायगा और अधर्मके आगे 'हीन' ये दो अक्षर जोड़ दो तो 'अधर्म' से रहित अर्थ हो जायगा; इसी प्रकार १ अंकके आगे ०० दो शून्य लगा दो तो १०० हो जायगा, वही शून्य पहले लगा दो तो उस

एकको भी कोई नहीं गिनेगा। इसी तरह कुसंगति-सुसंगतिसे जगत्‌में मनुष्य बुरा-भला हो जाता है)॥ ३६६॥

मार्ग-भेदसे फल-भेद

करु बिचार चलु सुपथ भल आदि मध्य परिनाम।
उलटि जपें 'जारा मरा' सूधें 'राजा राम'॥

भावार्थ—विचार करके सुमार्गपर चलो, ऐसा करनेसे आदि, मध्य और परिणाममें भला-ही-भला है। जैसे बिना विचारे उलटा जपनेसे जो शब्द 'जारा' और 'मरा' हो जाता है वही विचारपूर्वक सीधा जपनेसे 'राजा राम' हो जाता है (जो कल्याणमय है)॥ ३६७॥

भलेके भला ही हो, यह नियम नहीं है

होइ भले कें अनभलो होइ दानि कें सूम।
होइ कपूत सपूत कें ज्यों पावक में धूम॥

भावार्थ—जैसे पवित्र तेजोमय अग्निसे काला धुआँ निकलता है, वैसे ही भलेके बुरा, दानीके कंजूस और सुपूतके कुपूत उत्पन्न हो जाता है॥ ३६८॥

विवेककी आवश्यकता

जड़ चेतन गुन दोष मय बिस्व कीन्ह करतार।
संत हंस गुन गहहिं पय परिहरि बारि बिकार॥

भावार्थ—विधाताने इस जड़-चेतन विश्वको गुण-दोषमय रचा है; परंतु संतरूपी हंस दोषरूपी जलको त्यागकर गुणरूपी दूधको ग्रहण करते हैं॥ ३६९॥

सोरठा

पाट कीट तें होइ तेहि तें पाटंबर रुचिर।
कृमि पालइ सबु कोइ परम अपावन प्रान सम॥

भावार्थ—रेशम कीड़ेसे होता है, उससे सुन्दर रेशमी वस्त्र बनते हैं। इसीलिये अत्यन्त अपवित्र कीड़ोंको भी सब लोग प्राणोंके समान पालते हैं॥ ३७०॥

दोहा

जो जो जेहिं जेहिं रस मगन तहँ सो मुदित मन मानि।
रसगुन दोष बिचारिबो रसिक रीति पहिचानि॥

भावार्थ—जो-जो जिस-जिस रसमें मग्न होता है, वह उसीमें संतोष मानकर आनन्दित होता है। परंतु रसके गुण-दोषका विचार करना तो रसिकोंकी रीतिकी पहचान है (अर्थात् रसके गुण-दोषका विचार तो रसिकजन ही करते हैं)॥ ३७१॥

सम प्रकास तम पाख दुहुँ नाम भेद बिधि कीन्ह।
ससि सोषक पोषक समुझि जग जस अपजस दीन्ह॥

भावार्थ—यद्यपि शुक्ल और कृष्ण दोनों पक्षोंमें उजियाला और अँधेरा बराबर रहता है, तो भी विधाताने उनके नाममें भेद कर दिया है। शुक्लपक्षको चन्द्रमाका पोषक (कलाको बढ़ानेवाला) जानकर उसे जगत्में यश दिया अर्थात् यशरूप 'शुक्लपक्ष' नाम रखा और कृष्णपक्षको चन्द्रमाका शोषक (कलाओंको घटानेवाला) जानकर उसे अयश दिया अर्थात् कलंकरूप 'कृष्णपक्ष' नाम रखा॥ ३७२॥

कभी-कभी भलेको बुराई भी मिल जाती है

लोक बेदहू लौं दगो नाम भले को पोच।
धर्मराज जम गाज पबि कहत सकोच न सोच॥

भावार्थ—लोक और वेदतकमें भी भलेका बुरा नाम प्रसिद्ध है। धर्मराजको यम और बिजलीको वज्र कहनेमें किसीको सोच अथवा संकोच नहीं होता॥ ३७३॥

सज्जन और दुर्जनकी परीक्षाके भिन्न-भिन्न प्रकार

बिरुचि परखिए सुजन जन राखि परखिए मंद।
बड़वानल सोषत उदधि हरष बढ़ावत चंद॥

भावार्थ—संतोंकी परख तो हमारी रुचिके बिना ही हो जाती है (उनके सरल पवित्र स्वभावसे और उनकी कृपासे हमारे बिना ही

प्रयत्न उनका परिचय मिल जाता है), परंतु दुष्ट मनुष्यकी परीक्षा कुछ दिन पास रखकर करनी पड़ती है (सहज ही उसके कपटको पहचानना कठिन होता है)। बड़वानल समुद्रमें बहुत दिन रहनेके बाद समुद्रके जलको सोखता है, परंतु चन्द्रमा दर्शन देते ही समुद्रके हर्षको बढ़ाता है॥ ३७४॥

नीच पुरुषकी नीचता

प्रभु सनमुख भएँ नीच नर होत निपट बिकराल।
रबिरुख लखि दरपन फटिक उगिलत ज्वालाजाल॥

भावार्थ—मालिकके अनुकूल होनेपर नीच मनुष्य [अभिमानके मारे] एकदम भयंकर बन जाते हैं। जैसे दर्पण और स्फटिक सूर्यका रुख अपनी तरफ देखकर आगकी लपटें उगलने लगते हैं॥ ३७५॥

सज्जनकी सज्जनता

प्रभु समीप गत सुजन जन होत सुखद सुबिचार।
लवन जलधि जीवन जलद बरषत सुधा सुबारि॥

भावार्थ—मालिकके पास रहनेसे सज्जन पुरुष सबको सुख देनेवाले हो जाते हैं, इस बातको अच्छी तरह विचार लो। बादलका जीवन खारे समुद्रका जल है; परंतु वह दूसरोंके लिये [खारा जल न देकर] सुन्दर अमृतके समान जल बरसाता है॥ ३७६॥

नीच निरावहिं निरस तरु तुलसी सींचहिं ऊख।
पोषत पयद समान सब बिष पियूष के रूख॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि नीच मनुष्य रसहीन (सूखे) वृक्षोंको तो खेतसे उखाड़ फेंकते हैं और रसवाले ऊखको सींचते हैं; परंतु बादल (जल बरसाकर) विष और अमृत दोनों प्रकारके वृक्षोंका समानरूपसे पोषण करता है॥ ३७७॥

बरषि बिस्व हरषित करत हरत ताप अघ प्यास।
तुलसी दोष न जलद को जो जल जरै जवास॥

भावार्थ—बादल तो बरसकर समस्त विश्वको प्रसन्न करता है

और सबके ताप (गर्मी), दुःख और प्यासको हरण करता है। तुलसीदासजी कहते हैं कि यदि उसके जलसे जवासा जल जाय तो इसमें बादलका कोई दोष नहीं है॥ ३७८॥

अमर दानि जाचक मरहिं मरि मरि फिरि फिरि लेहिं।
तुलसी जाचक पातकी दातहि दूषन देहिं॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि दाता अमर रहते हैं (उनकी कीर्ति संसारमें बनी रहती है) और याचक मरते हैं (माँगना मरनेके तुल्य ही है), बार-बार मरते हैं और बार-बार दान लेते हैं। फिर भी वे पापी याचक दाताको सदा दोष ही देते रहते हैं॥ ३७९॥

नीच-निन्दा

लखि गयंद लै चलत भजि स्वान सुखानो हाड़।
गज गुन मोल अहार बल महिमा जान कि राड़॥

भावार्थ—हाथीको देखकर कुत्ता सूखे हाड़को लेकर दौड़ जाता है (समझता है, कहीं हाथी इस हाड़को छीन न ले)। वह मूर्ख हाथीके गुण, मूल्य, आहार और बलकी महिमाको क्या जाने?॥ ३८०॥

सज्जनमहिमा

कै निदरहुँ कै आदरहुँ सिंघहि स्वान सिआर।
हरष बिषाद न केसरिहि कुंजर गंजनिहार॥

भावार्थ—कुत्ते और सियार सिंहका निरादर करें, चाहे आदर करें, हाथीको पछाड़नेवाले सिंहको इसमें कोई हर्ष या शोक नहीं होता (वह कुत्ते-सियारोंकी ओर ताकता ही नहीं)॥ ३८१॥

दुर्जनोंका स्वभाव

ठाढ़ो द्वार न दै सकैं तुलसी जे नर नीच।
निंदहिं बलि हरिचंद को का कियो करन दधीच॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जो मनुष्य नीच प्रकृतिके हैं, वे स्वयं तो द्वारपर खड़े हुए भिक्षुकको कुछ भी नहीं दे सकते,

परंतु बलि और हरिश्चन्द्रकी निन्दा करते हैं और कहते हैं कि कर्ण और दधीचिने कौन बड़ा काम किया था?॥ ३८२॥

नीचकी निन्दासे उत्तम पुरुषोंका कुछ नहीं घटता

ईस सीस बिलसत बिमल तुलसी तरल तरंग।
स्वान सरावग के कहें लघुता लहै न गंग॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जिन श्रीगंगाजीकी निर्मल और तरल तरंगें भगवान् श्रीशंकरके मस्तकपर शोभा पाती हैं, उन श्रीगंगाजीकी महिमामें कुत्ते और सरावगियोंके कहनेसे कुछ कमी नहीं हो जाती॥ ३८३॥

तुलसी देवल देव को लागे लाख करोरि।
काक अभागें हगि भर्‍यो महिमा भई कि थोरि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि—जिस देवमन्दिरके बनवानेमें लाखों-करोड़ों रुपये लगे हों, उसमें यदि अभागे कौएने बीट कर दी तो इससे उस मन्दिरकी महिमा थोड़े ही घट गयी। वह तो ज्यों-की-त्यों बनी रहती है॥ ३८४॥

गुणोंका ही मूल्य है, दूसरोंके आदर-अनादरका नहीं

निज गुन घटत न नाग नग परखि परिहरत कोल।
तुलसी प्रभु भूषन किए गुंजा बढ़े न मोल॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जंगली कोल लोग गजमुक्ताको परखकर फेंक देते हैं, इससे उसका गुण घट नहीं जाता। इसके विपरीत भगवान् श्रीकृष्णने गुंजा (घुँघची)-के गहने बनाकर पहने, परंतु इससे उनकी कीमत बढ़ नहीं गयी॥ ३८५॥

श्रेष्ठ पुरुषोंकी महिमाको कोई नहीं पा सकता

राकापति षोड़स उअहिं तारा गन समुदाइ।
सकल गिरिन्ह दव लाइअ बिनु रबि राति न जाइ॥

भावार्थ—चाहे चन्द्रमा समस्त तारागणको साथ लेकर और

सोलह कलाओंसे पूर्ण होकर उदय हो जाय और साथ ही सभी पहाड़ोंमें आग भी लगा दी जाय, तो भी सूर्यके उदय हुए बिना रात्रि नहीं जा सकती॥ ३८६॥

दुष्ट पुरुषोंद्वारा की हुई निन्दा-स्तुतिका कोई मूल्य नहीं है

भलो कहहिं बिनु जानेहूँ बिनु जानें अपबाद।
ते नर गादुर जानि जियँ करिय न हरष बिषाद॥

भावार्थ—जो लोग बिना ही जाने-सुने किसीको भला बताने लगते हैं और बिना ही जाने किसीकी निन्दा करने लगते हैं, उन मनुष्योंको [उसी मुखसे खाने और उसीसे मलत्याग करनेवाले] चमगादड़ समझकर उनके कहनेसे अपने मनमें हर्ष-विषाद नहीं करना चाहिये॥ ३८७॥

डाह करनेवालोंका कभी कल्याण नहीं होता

पर सुख संपति देखि सुनि जरहिं जे जड़ बिनु आगि।
तुलसी तिन के भागते चलै भलाई भागि॥

भावार्थ—दूसरेकी सुख-सम्पत्तिको देख-सुनकर जो मूर्ख मनुष्य बिना ही आगके जलने लगते हैं, तुलसीदासजी कहते हैं कि उनके भाग्यसे भलाई भागकर चली जाती है (उनका कभी भला नहीं होता)॥ ३८८॥

दूसरोंकी निन्दा करनेवालोंका मुँह काला होता है

तुलसी जे कीरति चहहिं पर की कीरति खोइ।
तिनके मुँह मसि लागिहैं मिटिहि न मरिहै धोइ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जो दूसरोंकी कीर्तिको मिटाकर अपनी कीर्ति चाहते हैं, उनके मुखपर ऐसी कालिख लगेगी, जो चाहे वे उसे धो-धोकर मर जायँ, कभी नहीं छूटेगी॥ ३८९॥

मिथ्या अभिमानका दुष्परिणाम

तनु गुन धन महिमा धरम तेहि बिनु जेहि अभिमान।
तुलसी जिअत बिडंबना परिनामहु गत जान॥

भावार्थ—सुन्दर शरीर, सद्‌गुण, पर्याप्त धन, बड़ाई और धर्ममें निष्ठा—इनके न होनेपर भी जिसको मिथ्या अभिमान है—तुलसीदासजी कहते हैं—उनका जीवन विडम्बनामात्र है (जीवनकालमें उसकी बदनामी ही होती है) और उसका परिणाम भी गया-बीता (बुरा) ही समझना चाहिये (मरनेपर भी उसे सद्‌गति नहीं मिलती)॥ ३९०॥

नीचा बनकर रहना ही श्रेष्ठ है

सासु ससुर गुरु मातु पितु प्रभु भयो चहै सब कोइ।
होनी दूजी ओर को सुजन सराहिअ सोइ॥

भावार्थ—सास, ससुर, गुरु, माता-पिता और मालिक इत्यादि होना (बड़े बनकर हुक्म चलाना और सेवा कराना) तो सभी चाहते हैं; परंतु जो लोग इनके दूसरी तरफके अर्थात् बहू, दामाद, शिष्य, कन्या, पुत्र और सेवक बनना (नीचे पदमें रहकर आज्ञा मानना और सेवा करना) चाहते हैं, वही सज्जन सराहनेयोग्य हैं॥ ३९१॥

सज्जन स्वाभाविक ही पूजनीय होते हैं

सठ सहि साँसति पति लहत सुजन कलेस न कायँ।
गढ़ि गुढ़ि पाहन पूजिए गंडकि सिला सुभायँ॥

भावार्थ—दुष्टलोग बड़े-बड़े कष्ट सहकर तब कहीं प्रतिष्ठा प्राप्त करते हैं; परंतु सज्जनोंको (प्रतिष्ठाप्राप्तिमें) कुछ भी शारीरिक क्लेश नहीं होता। जैसे साधारण पत्थर जब गढ़-छुलकर मूर्तिके रूपमें आते हैं तब पूजे जाते हैं; परंतु गण्डकी नदीके पत्थर (शालग्रामशिला) स्वाभाविक ही पूजनीय होते हैं॥ ३९२॥

भूप-दरबारकी निन्दा

बड़े बिबुध दरबार तें भूमि भूप दरबार।
जापक पूजत पेखिअत सहत निरादर भार॥

भावार्थ—देवताओंके दरबारसे भी पृथ्वीके राजाओंके दरबार बड़े हैं; क्योंकि इनमें (राजाओंके दरबारमें) भगवान्‌के नामका जप करनेवाले और भगवान्‌की पूजा करनेवाले भी बड़ा भारी अपमान सहते देखे जाते हैं (जो देवताओंके दरबारमें असम्भव है)॥ ३९३॥

छल-कपट सर्वत्र वर्जित है

बिनु प्रपंच छल भीख भलि लहिअ न दिएँ कलेस।
बावन बलि सों छल कियो दियो उचित उपदेस॥

भावार्थ—बिना छल-कपटके मिलनेवाली भीख ही उत्तम है, किसीको क्लेश पहुँचाकर भीख नहीं लेनी चाहिये। भगवान्‌ने वामनरूप धरकर बलिसे छल किया और इसी बहाने सबको उपदेश दिया (कि छल करना बहुत बुरा है, छल करनेके कारण ही मुझे पातालमें बलिका द्वारपाल बनना पड़ा है)॥ ३९४॥

भलो भले सों छल किएँ जनम कनौड़ो होइ।
श्रीपति सिर तुलसी लसति बलि बावन गति सोइ॥

भावार्थ—भला आदमी यदि किसी भले आदमीसे छल कर बैठता है तो उसे फिर जन्मभर उससे दबकर रहना पड़ता है। भगवान् लक्ष्मीपतिने वृन्दासे छल किया था, इससे वह तुलसीके रूपमें भगवान्‌के सिरपर विराजमान रहती है; और भगवान् वामनजीने राजा बलिसे छल किया, तो उनकी भी वही गति हुई (उन्हें उसका द्वारपाल बनकर रहना पड़ा)॥ ३९५॥

बिबुध काज बावन बलिहि छलो भलो जिय जानि।
प्रभुता तजि बस भे तदपि मन की गइ न गलानि॥

भावार्थ—भगवान् वामनजीने अपने मनमें अच्छा समझकर ही देवताओंके कार्यके लिये बलिको छला, फिर अपना स्वामित्व छोड़कर

उसके वशमें भी हो गये अर्थात् उसके द्वारपालतक बन गये तो भी [छल करनेके कारण] उनके मनकी ग्लानि नहीं मिटी॥ ३९६॥

जगत्में सब सीधोंको तंग करते हैं

सरल बक्र गति पंच ग्रह चपरि न चितवत काहु।
तुलसी सूधे सूर ससि समय बिडंबित राहु॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि सीधी-टेढ़ी (दोनों प्रकारकी) चाल चलनेवाले (मंगल, बुध, गुरु, शुक्र और शनि—इन) पाँच ग्रहोंमेंसे तो किसीको राहु जल्दी आँख उठाकर देखता भी नहीं, परंतु सीधी चालवाले सूर्य और चन्द्रमाको समयपर वही राहु त्रास देता है (भाव यह कि टेढ़ोंसे सभी डरते हैं और सीधोंको सभी खानेको तैयार रहते हैं)॥ ३९७॥

दुष्ट-निन्दा

खल उपकार बिकार फल तुलसी जान जहान।
मेढुक मर्कट बनिक बक कथा सत्य उपखान॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि इस बातको तमाम दुनिया जानती है कि दुष्टोंके साथ उपकार करनेका फल बुरा होता है। सत्योपाख्यान नामक ग्रन्थमें लिखी हुई मेढक, बंदर, वणिक् और बगुलेकी कथाएँ इसके उदाहरण हैं॥ ३९८॥

१-एक मेढकने अपने विरोधी कुटुम्बियोंका नाश करानेके लिये एक साँपको बुलाया। उसने सोचा कि साँपको पेटभर भोजन मिलेगा तो वह मेरा उपकार मानेगा और विरोधियोंका नाश हो जायगा। साँपने आकर उसके सब कुटुम्बियोंको खा डाला और फिर उस मेढकको भी खानेके लिये तैयार हो गया। उसने किसी तरह अपनी जान बचायी।

२-एक बंदरकी किसी मगरसे दोस्ती थी। बंदर अपने दोस्त मगरको जंगलसे ला-लाकर मीठे फल खिलाया करता था। एक दिन मगर अपनी स्त्रीके कहनेसे बंदरको पीठपर चढ़ाकर छलसे

पानीमें ले आया और उसका कलेजा निकालना चाहा। बुद्धिमान् बंदरने उसके कपटको जानकर मगरसे कहा कि 'भाई! मैं तो कलेजा घर छोड़ आया।' मूर्ख मगरने उससे कहा—'अच्छा जाओ, उसे ले आओ।' मगर उसे पीठपर चढ़ाकर किनारे ले गया। बंदरने पानीसे बाहर कूदकर अपनी जान बचायी।

३-एक वणिक्की राजासे मित्रता थी। राजाको किसी मन्त्रसिद्धिके लिये एक स्त्रीकी पूजा करनी थी। राजाने इसके लिये वणिक्से उसकी स्त्रीको माँगा। वणिक्ने विश्वास करके स्त्रीको राजाके महलमें भेज दिया। राजाके मनमें पाप आ गया और उसने स्त्रीपर बलात्कार किया। वणिक्को इससे बड़ा ही दुःख पहुँचा।

४-एक बगुलेने किसी आदमीको धनका खजाना बतलाया। परंतु उसने उपकार न मानकर उलटे उसीको मार डाला।

तुलसी खल बानी मधुर सुनि समुझिअ हियँ हेरि।
राम राज बाधक भई मूढ़ मंथरा चेरि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि दुष्टकी (कपटभरी) मीठी वाणी सुनकर अपने हृदयमें अच्छी तरह विचारकर उसका मतलब समझना चाहिये (सहसा उसपर विश्वास नहीं कर लेना चाहिये)। मूढ़ दासी मंथरा छलभरी मीठी वाणीसे ही [कैकेयीको निमित्त बनाकर] रामजीके राज्याभिषेकमें बाधक हुई थी॥ ३९९॥

जोंक सूधि मन कुटिल गति खल बिपरीत बिचारु।
अनहित सोनित सोष सो सो हित सोषनहारु॥

भावार्थ—जोंककी चाल टेढ़ी होती है, परंतु वह मनसे सीधी होती है; क्योंकि वह हानिकारक रक्तको ही चूसती है। परंतु दुष्टोंको इससे विपरीत समझना चाहिये (वे बाहरी चाल-ढालसे तो बड़े ही सीधे दीखते हैं, परंतु मनके अत्यन्त कपटी होते हैं)। क्योंकि वे तो दूसरोंके हितका ही शोषण (नाश) करनेवाले होते हैं॥ ४००॥

नीच गुड़ी ज्यों जानिबो सुनि लखि तुलसीदास।
ढीलि दिएँ गिरि परत महि खैंचत चढ़त अकास॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि नीच आदमियोंको अच्छी तरह जान-सुनकर गुड्डीके समान समझना चाहिये। जैसे गुड्डी ढील देनेसे पृथ्वीपर गिर पड़ती है और खींचनेसे आकाशमें चढ़ जाती है [इसी प्रकार दुरदुरा देनेसे नीच आदमी सीधे हो जाते हैं; पर अपनानेसे उलटे सिर चढ़ते हैं]॥ ४०१॥

भरदर बरसत कोस सत बचैं जे बूँद बराइ।
तुलसी तेउ खल बचन सर हए गए न पराइ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जो सौ कोसतक बरसती हुई घनी वर्षामें भी जलकी बूँदोंसे बिना भीगें बच निकलते हैं, वे भी दुष्टोंके वचन-बाणोंसे मारे जाते हैं, भाग नहीं सकते। (घनी वर्षामें बिना भीगे निकला जा सकता है, परंतु दुष्टोंकी निन्दासे कोई नहीं बच सकता)॥ ४०२॥

पेरत कोल्हू मेलि तिल तिली सनेही जानि।
देखि प्रीति की रीति यह अब देखिबी रिसानि॥

भावार्थ—तेली तिलोंको स्नेही (इनमें तेल है यह) जानकर भी उन्हें कोल्हूमें डालकर पेरता है। यह तो प्रेम (स्नेह)-की रीति देखी, अब क्रोधकी रीति देखनी है (अर्थात् जब प्रेममें भी कोल्हूमें पेरता है, तब क्रोधमें तो जाने क्या करेगा?)॥ ४०३॥

सहबासी काचो गिलहिं पुरजन पाक प्रबीन।
कालछेप केहि मिलि करहिं तुलसी खग मृग मीन॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि बेचारे पक्षी, हिरन और मछली किसके साथ मिल-जुलकर अपना जीवन बितायें? एक स्थानमें रहनेवाले—एक ही आकाशमें उड़नेवाले बाज, एक ही वनमें रहनेवाले सिंह और एक ही जलमें रहनेवाली बड़ी मछलियाँ या ग्राह आदि तो इन्हें कच्चे ही निगल जाते हैं और पुरजन (गाँवों तथा नगरोंके

निवासी) पाकविद्यामें निपुण होनेके कारण इन्हें पकाकर खा जाते हैं (तात्पर्य यह कि दुर्बलोंके लिये कहीं ठौर नहीं है)॥ ४०४॥

जासु भरोसें सोइऐ राखि गोद में सीस।
तुलसी तासु कुचाल तें रखवारो जगदीस॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि विश्वास करके जिसकी गोदमें सिर रखकर सोया जाय, वही [विश्वासघात करके] कुचाल करे तो फिर उस कुचालसे भगवान् ही रक्षा कर सकते हैं॥ ४०५॥

मार खोज लै सौंह करि करि मत लाज न त्रास।
मुए नीच ते मीच बिनु जे इन कें बिस्वास॥

भावार्थ—जो शपथें खा-खाकर मित्र बन जाते हैं और फिर घरका भेद जानकर एकमत करके (आपसमें साजिश करके) मित्रको मार डालते हैं, जिन्हें अपने ऐसे कुकर्मोंसे न तो लज्जा आती है और न जिन्हें ईश्वर या धर्मका डर ही लगता है—ऐसे नीचोंका जो विश्वास करते हैं, वे नीच (मन्दबुद्धि) बिना मौत मारे जाते हैं॥ ४०६॥

परद्रोही परदार रत परधन पर अपबाद।
ते नर पावँर पापमय देह धरें मनुजाद॥

भावार्थ—जो मनुष्य दूसरोंसे वैर रखते हैं तथा जिनकी परायी स्त्रीमें, पराये धनमें और परनिन्दामें आसक्ति है, वे पामर पापमय मनुष्य नर-देह धारण किये हुए राक्षस ही हैं॥ ४०७॥

कपटीको पहचानना बड़ा कठिन है

बचन बेष क्यों जानिए मन मलीन नर नारि।
सूपनखा मृग पूतना दसमुख प्रमुख बिचारि॥

भावार्थ—किसी भी पुरुष या स्त्रीके बाहरी वेष और वचनसे कैसे पता लग सकता है कि इसका मन मलिन है? शूर्पणखा, मारीच, पूतना और रावण आदिके उदाहरणोंपर विचार करो (इनके हृदयमें कपट भरा था; परंतु ऊपरसे बड़े ही सुन्दर वेषधारी और मीठी वाणी बोलनेवाले

थे, इसलिये ये पहचाने नहीं जा सके। इस प्रकार संसारमें दम्भी लोगोंको उनके वेष-भूषा और बातचीतसे पहचानना कठिन है) ॥ ४०८ ॥

कपटीसे सदा डरना चाहिये

हँसनि मिलनि बोलनि मधुर कटु करतब मन माँह।
छुवत जो सकुचइ सुमति सो तुलसी तिन्ह की छाँह ॥

भावार्थ—जिसका हँसना, मिलना और बोलना बड़ा ही मधुर है, परंतु जिनके मनमें कड़ुए कारनामें (कपटभरे कर्म) भरे हुए हैं—तुलसीदासजी कहते हैं—उन नीचोंकी छायाको छूनेमें भी जो सकुचाता है, वही बुद्धिमान् है (अर्थात् मनके कपटी और ऊपरसे सज्जन बने हुए लोगोंसे सर्वथा अलग रहनेमें ही बुद्धिमानी है) ॥ ४०९ ॥

कपट ही दुष्टताका स्वरूप है

कपट सार सूची सहस बाँधि बचन परबास।
कियो दुराउ चहौ चातुरीं सो सठ तुलसीदास ॥

भावार्थ—जो कपटरूपी लोहेकी हजारों सूइयोंको वचनरूपी ऊपरके कपड़े (बेठन)-में चतुराईसे बाँधकर छिपाना चाहता है, तुलसीदासजी कहते हैं कि वह दुष्ट है ॥ ४१० ॥

कपटी कभी सुख नहीं पाता

बचन बिचार अचार तन मन करतब छल छूति।
तुलसी क्यों सुख पाइऐ अंतरजामिहि धूति ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जिसके वचनोंमें, विचारमें, आचरणमें, शरीरमें, मनमें और कर्मोंमें छूत लगी हुई है, (अर्थात् जो सब प्रकारसे कपटी है) वह इस प्रकार अन्तर्यामी परमात्माको ठगकर कैसे सुख पा सकता है? ॥ ४११ ॥

सारदूल को स्वाँग करि कूकर की करतूति।
तुलसी तापर चाहिऐ कीरति बिजय बिभूति ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि लोग सिंहका-सा स्वाँग

रचकर कुत्तोंके-से काम करते हैं तथा इसपर भी कीर्ति, विजय और ऐश्वर्य चाहते हैं!॥ ४१२॥

पाप ही दुःखका मूल है

बड़े पाप बाढ़े किए छोटे किए लजात।
तुलसी ता पर सुख चहत बिधि सों बहुत रिसात॥

भावार्थ—बड़े-बड़े पाप तो बढ़-बढ़कर किये और छोटे पाप करनेमें लजाता है (सूईकी चोरीको पाप समझकर नहीं करता, परंतु दूसरेका धन व्यापारके नामपर हरनेमें जिसे आपत्ति नहीं है; अथवा जो नहाये बिना खानेमें तो पाप मानता है; परंतु दिन-रात कपट-छल, चोरी-हिंसा, वेश्यागमन आदिमें रचा-पचा रहता है)—तुलसीदासजी कहते हैं कि इसपर भी मनुष्य [अपनेको धर्मात्मा मानकर] सुख चाहता है और [न मिलनेपर] विधातापर क्रोध करता है॥ ४१३॥

अविवेक ही दुःखका मूल है

देस काल करता करम बचन बिचार बिहीन।
ते सुरतरु तर दारिदी सुरसरि तीर मलीन॥

भावार्थ—जिनको देश, काल, कर्ता, कर्म और वचनका विचार नहीं है, वे कल्पवृक्षके नीचे रहनेपर भी दरिद्री और देवनदी श्रीगंगाजीके तीरपर बसकर भी पापी बने रहते हैं (अर्थात् जो इस बातका विचार नहीं करते कि किस स्थानमें किस समय किसको कैसा कर्म करना चाहिये और कैसे वचन बोलने चाहिये, वे सदा दरिद्री और पापी ही बने रहते हैं)॥ ४१४॥

साहस हीं कै कोप बस किएँ कठिन परिपाक।
सठ संकट भाजन भए हठि कुजाति कपि काक॥

भावार्थ—दुःसाहस या क्रोधके वश होकर कर्म करनेसे उसका फल बहुत ही कठोर होता है। नीच और दुष्ट बालि और जयन्त इसी प्रकार हठपूर्वक कर्म करके संकटके पात्र हुए॥ ४१५॥

राज करत बिनु काजहीं करहिं कुचालि कुसाजि।
तुलसी ते दसकंध ज्यों जइहैं सहित समाज॥

भावार्थ—जो राजा राज्य करते हुए बिना ही कारण बुरी चाल चलते हैं तथा बुरे काम करने लगते हैं, तुलसीदासजी कहते हैं कि वे रावणकी तरह अपने समाजसहित नष्ट हो जायँगे॥ ४१६॥

राज करत बिनु काजहीं ठटहिं जे कूर कुठाट।
तुलसी ते कुरुराज ज्यों जइहैं बारह बाट*॥

भावार्थ—जो क्रूर राजा राज्य करते हुए बिना ही कारण बुरे काम करने लगते हैं, तुलसीदासजी कहते हैं कि वे दुर्योधनकी तरह बारह बाट (सब प्रकारसे नष्ट) हो जायँगे॥ ४१७॥

विपरीत बुद्धि विनाशका लक्षण है

सभा सुयोधन की सकुनि सुमति सराहन जोग।
द्रोन बिदुर भीषम हरिहि कहहिं प्रपंची लोग॥

भावार्थ—दुर्योधनकी सभामें [अत्यन्त नीच स्वभाववाला] शकुनि ही श्रेष्ठ, बुद्धिमान् और सराहनीय माना जाता था। गुरु द्रोणाचार्य, महात्मा विदुर, पितामह भीष्म और भगवान् श्रीकृष्णको तो (उस सभाके) लोग प्रपंची कहते थे॥ ४१८॥

पांडु सुअन की सदसि ते नीको रिपु हित जानि।
हरि हर सम सब मानिअत मोह ग्यान की बानि॥

भावार्थ—और पाण्डवोंकी सभामें सब लोग उन्हीं द्रोण और भीष्मको, यह भलीभाँति जानते हुए भी कि ये हमारे शत्रु कौरवोंके मित्र हैं, भगवान् विष्णु और शिवके समान मानते थे। अज्ञान और ज्ञानकी बानिका यही भेद है। (भगवान् श्रीकृष्ण प्रत्यक्ष ही पाण्डवोंके सहायक और पूज्य थे, महात्मा विदुरजी युद्धसे अलग थे ही। द्रोण और भीष्म कौरवोंकी ओरसे सेनानायक थे, तथापि यथार्थ ज्ञानके अभ्यासी पाण्डवोंकी सभामें सब लोग उन्हें यथार्थमें ही पूज्य समझते थे)॥ ४१९॥

---

* मोह, दीनता, भय, ह्रास, हानि, ग्लानि, क्षुधा, तृषा, क्षोभ, व्यथा, मृत्यु और अपकीर्ति—ये बारह बाट हैं।

हित पर बढ़इ बिरोध जब अनहित पर अनुराग।
राम बिमुख बिधि बाम गति सगुन अघाइ अभाग॥

भावार्थ—जब अपने हित करनेवालेके प्रति शत्रुता और हितका नाश करनेवालेपर प्रेम बढ़ जाता है, तब समझना चाहिये कि भगवान् श्रीरामजी उसके विमुख हैं, विधाताकी गति उसके प्रतिकूल है और यह उसके पूर्णरूपसे अभागी होनेका शकुन (चिह्न) है॥ ४२०॥

सहज सुहृद गुर स्वामि सिख जो न करइ सिर मानि।
सो पछिताइ अघाइ उर अवसि होइ हित हानि॥

भावार्थ—स्वभावसे ही हित करनेवाले मित्र, गुरु और स्वामीकी सीखको जो सिर चढ़ाकर उसके अनुसार कार्य नहीं करता, वह हृदयमें भरपेट पछताता है और उसके हितकी अवश्य ही हानि होती है॥ ४२१॥

जोशमें आकर अनधिकार कार्य करनेवाला पछताता है

भरुहाए नट भाँट के चपरि चढ़े संग्राम।
कै वै भाजे आइहैं कै बाँधे परिनाम॥

भावार्थ—भाटोंके भड़कानेमें जोशमें आकर यदि नट (नाचनेवाले) लोग सहसा लड़ाईमें चले जायँ तो उसका यही परिणाम होगा कि या तो वे रणसे भाग आवेंगे या कैद कर लिये जायँगे॥ ४२२॥

समयपर कष्ट सह लेना हितकर होता है

लोक रीति फूटी सहहिं आँजी सहइ न कोइ।
तुलसी जो आँजी सहइ सो आँधरो न होइ॥

भावार्थ—लोगोंकी यह रीति है कि वे आँखोंके फूटनेका कष्ट तो सह लेते हैं; परंतु अंजन (सुरमा) लगानेका कष्ट नहीं सहते। तुलसीदासजी कहते हैं—जो अंजन लगानेका कष्ट सह लेता है, वह अंधा नहीं होता॥ ४२३॥

भगवान् सबके रक्षक हैं

भागें भल ओड़ेहुँ भलो भलो न घालें घाउ।
तुलसी सब के सीस पर रखवारो रघुराउ॥

भावार्थ—यदि कोई तुमपर वार करे तो भाग जानेमें ही तुम्हारी भलाई है अथवा आत्मरक्षाके लिये डटकर उस वारको रोकना भी अच्छा है; परंतु बदलेमें उसपर चोट करना अच्छा नहीं है; क्योंकि रक्षा करनेवाले श्रीरघुनाथजी तो सबके सिरपर मौजूद ही हैं॥ ४२४॥

लड़ना सर्वथा त्याज्य है

सुमति बिचारहिं परिहरहिं दल सुमनहुँ संग्राम।
सकुल गए तनु बिनु भए साखी जादौ काम॥

भावार्थ—पत्तों और फूलोंके द्वारा भी लड़ाई करना बुरा है, यह विचारकर बुद्धिमान्‌लोग उसे बिलकुल त्याग देते हैं। इस बातके साक्षी यादव और कामदेव हैं। पत्तों (तिनकों)-के द्वारा परस्पर लड़कर यादवोंका सारा कुल नष्ट हो गया और पुष्प-बाणोंसे शिवजीपर प्रहार करनेवाला कामदेव शरीरहीन (अनंग) हो गया॥ ४२५॥

कलह न जानब छोट करि कलह कठिन परिनाम।
लगति अगिनि लघु नीच गृह जरत धनिक धन धाम॥

भावार्थ—कलहको छोटी बात नहीं जानना चाहिये; कलहका परिणाम बहुत भयंकर होता है। गरीबकी छोटी-सी झोंपड़ीमें आग लगती है, परंतु परिणाममें उससे बड़े-बड़े धनियोंके धन-धाम जल जाते हैं॥ ४२६॥

क्षमाका महत्त्व

छमा रोष के दोष गुन सुनि मनु मानहि सीख।
अबिचल श्रीपति हरि भए भूसुर लहै न भीख॥

भावार्थ—हे मन! क्षमा और क्रोधके गुण-दोषोंको सुनकर उनसे शिक्षा ग्रहण करो। [भृगुमुनि (ब्राह्मण)-की क्रोधसे मारी हुई लातको

छातीपर सहकर भगवान् विष्णुने उन्हें क्षमा कर दिया था। क्षमाके कारण] श्रीहरि तो अविचल लक्ष्मीजीके स्वामी हुए, परंतु [एक ब्राह्मणके क्रोधके परिणामस्वरूप] ब्राह्मणोंको भीख भी माँगे नहीं मिलती॥ ४२७॥

कौरव पांडव जानिऐ क्रोध छमा के सीम।
पाँचहि मारि न सौ सके सयौ सँघारे भीम॥

भावार्थ—कौरवोंको क्रोधकी और पाण्डवोंको क्षमाकी सीमा समझना चाहिये; परंतु क्रोधके कारण सौ कौरव पाँच पाण्डवोंको नहीं मार सके। इधर अकेले भीमने सौ-के-सौ कौरवोंका संहार कर दिया॥ ४२८॥

क्रोधकी अपेक्षा प्रेमके द्वारा वशमें करना ही जीत है

बोल न मोटे मारिऐ मोटी रोटी मारु।
जीति सहस सम हारिबो जीतें हारि निहारु॥

भावार्थ—किसीको मोटे बोल न मारो (हृदयको छेद डालनेवाले तीखे वचन न कहो), परंतु रोटीकी मोटी मार मारो (उसकी खूब पेट भरकर सेवा और सहायता करके उसे वशमें करो)। इस तरहकी अपनी हारको हजारों जीतके समान समझो और उस तरहके वाक्य-बाणोंके प्रहारसे—गाली-गलौजसे जीत जानेपर भी हार ही समझो॥ ४२९॥

जो परि पायँ मनाइए तासों रूठि बिचारि।
तुलसी तहाँ न जीतिऐ जहँ जीतेहूँ हारि॥

भावार्थ—जिन (माता-पिता, आचार्य आदि गुरुजनों)-को उनके पैरोंपर पड़कर मनाना कर्तव्य है, उनसे बहुत ही सोच-विचारकर रूठना चाहिये। तुलसीदासजी कहते हैं कि जहाँ जीतनेमें भी हार ही होती है, वहाँ जीतना नहीं चाहिये॥ ४३०॥

जूझे ते भल बूझिबो भली जीति तें हार।
डहकें तें डहकाइबो भलो जो करिअ बिचार॥

भावार्थ—यदि विचार किया जाय तो यही प्रतीत होता है कि

लड़नेकी अपेक्षा आपसमें समझौता कर लेना अच्छा है, जीतसे हार अच्छी है और किसीको ठगनेकी अपेक्षा ठगाना अच्छा है॥ ४३१॥

जा रिपु सों हारेहुँ हँसी जिते पाप परितापु।
तासों रारि निवारिऐ समयँ सँभारिअ आपु॥

भावार्थ—जिस शत्रुसे हारनेमें हँसी हो तथा जीतनेमें पाप और दुःख हो, उससे मौका पड़नेपर स्वयं ही सँभलकर झगड़ा मिटा लेना चाहिये॥ ४३२॥

जो मधु मरै न मारिऐ माहुर देइ सो काउ।
जग जिति हारे परसुधर हारि जिते रघुराउ॥

भावार्थ—जो शहदसे ही मर जाय उसे जहर देकर कभी नहीं मारना चाहिये। परशुरामजी सारे जगत्‌को जीतकर भी श्रीरामचन्द्रजीकी मधुमयी वाणीसे हार गये और श्रीरघुनाथजी परशुरामजीके सामने अपनी हार मानकर भी जीत गये॥ ४३३॥

बैर मूल हर हित बचन प्रेम मूल उपकार।
दो हा सुभ संदोह सो तुलसी किएँ बिचार॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि हितके वचन वैरकी जड़को काटनेवाले हैं और हित करना तो प्रेमकी जड़ ही है। एवं विचार करनेपर जान पड़ता है कि हाहा खाना (विनती करना) यह तो शुभका समूह ही है॥ ४३४॥

रोष न रसना खोलिऐ बरु खोलिअ तरवारि।
सुनत मधुर परिनाम हित बोलिअ बचन बिचारि॥

भावार्थ—क्रोधमें आकर जबान नहीं खोलनी चाहिये, इससे तो तलवार खींचना बल्कि अच्छा है। [कहावत है, 'तलवारका घाव मिट जाता है, पर जबानका कभी नहीं मिटता।'] विचार-विचारकर ऐसे वचन बोलने चाहिये, जो सुननेमें मीठे हों और परिणाममें हितकारी हों॥ ४३५॥

मधुर बचन कटु बोलिबो बिनु श्रम भाग अभाग।
कुहू कुहू कलकंठ रव का का कररत काग॥

भावार्थ—मधुर बोलना और कड़वा बोलना बिना ही श्रमके भाग्य और अभाग्यको बुलाना (निमन्त्रण देना) है। कोयल 'कुहू', 'कुहू' की ध्वनि करती है। [तो सब उसका आदर करते हैं] और कौवा 'काँव', 'काँव' कर्राता है [तो लोग उसे पत्थर मारकर उड़ा देते हैं]॥ ४३६॥

पेट न फूलत बिनु कहें कहत न लागइ ढेर।
सुमति बिचारें बोलिए समुझि कुफेर सुफेर॥

भावार्थ—किसी बातके न कहनेसे तो पेट नहीं फूल जाता और कहनेसे सामने बातोंका ढेर नहीं लग जाता। अतएव समय-असमयको समझकर और पवित्र बुद्धिके द्वारा विचार करके ही यथायोग्य वचन बोलने चाहिये॥ ४३७॥

वीतराग पुरुषोंकी शरण ही जगत्‌के जंजालसे बचनेका उपाय है

छिद्यो न तरुनि कटाच्छ सर करेउ न कठिन सनेहु।
तुलसी तिन की देह को जगत कवच करि लेहु॥

भावार्थ—जिनका हृदय न तो युवतियोंके कटाक्ष-बाणोंसे घायल हुआ और न जिन्होंने विषयोंमें कठिन आसक्ति ही की—तुलसीदासजी कहते हैं—उनके शरीरको जगत्‌में अपनी रक्षाके लिये कवच बना लेना चाहिये (अर्थात् ऐसे महापुरुषोंके चरणोंमें रहनेवाले मनुष्य भी विषयोंपर विजय प्राप्त कर लेते हैं)॥ ४३८॥

शूरवीर करनी करते हैं, कहते नहीं

सूर समर करनी करहिं कहि न जनावहिं आपु।
बिद्यमान रन पाइ रिपु कायर कथहिं प्रतापु॥

भावार्थ—शूरवीर तो युद्धमें करनी (शूरवीरताका कार्य) करते हैं, कहकर अपनेको नहीं जनाते। शत्रुको युद्धमें उपस्थित पाकर कायर लोग ही अपने प्रतापकी डींग मारा करते हैं॥ ४३९॥

अभिमानके वचन कहना अच्छा नहीं

बचन कहे अभिमान के पारथ पेखत सेतु।
प्रभु तिय लूटत नीच भर जय न मीचु तेहिं हेतु॥

भावार्थ—एक समय [श्रीरामचन्द्रजीकृत रामेश्वरके पत्थरके] सेतुबन्धको देखकर अर्जुनने अभिमानके वचन कहे [कि श्रीरामजीने इतना प्रयास क्यों किया? मैं उस समय होता तो सारा पुल बाणोंसे ही बाँध देता। इस अभिमानका फल यह हुआ कि] भगवान् श्रीकृष्णके परिवारकी स्त्रियोंको [हस्तिनापुर ले जाते समय] नीच भरोंने [उनको] लूट लिया, अर्जुन उनको जीत नहीं सके और इस अपमानसे उनका मरण हो गया [अतएव अभिमानके वचन किसीसे नहीं कहने चाहिये]॥ ४४०॥

दीनोंकी रक्षा करनेवाला सदा विजयी होता है

राम लखन बिजई भए बनहुँ गरीब निवाज।
मुखर बालि रावन गए घरहीं सहित समाज॥

भावार्थ—गरीबोंपर कृपा करनेवाले श्रीराम-लक्ष्मण वनमें रहते हुए भी विजयी हुए, परंतु बकवादी बालि और रावण अपने घरमें ही सारे समाजसहित नष्ट हो गये॥ ४४१॥

नीतिका पालन करनेवालेके सभी सहायक बन जाते हैं

खग मृग मीत पुनीत किय बनहुँ राम नयपाल।
कुमति बालि दसकंठ घर सुहृद बंधु कियो काल॥

भावार्थ—नीतिके पालनेवाले श्रीरामचन्द्रजीने वनमें भी पक्षियों (जटायु आदि) और पशुओं (वानर-भालुओं)-को अपना पवित्र (सच्चा) मित्र बना लिया; परंतु बालि और रावणने घरमें ही अपने हितैषी भाइयोंको (सुग्रीव और विभीषणको) अपना काल बना लिया॥ ४४२॥

सराहनेयोग्य कौन है

लखइ अघानो भूख ज्यों लखइ जीतिमें हारि।
तुलसी सुमति सराहिऐ मग पग धरइ बिचारि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जो भूखमें (अभावमें) भी

अपनेको तृप्तके समान समझता है और जीतमें भी अपनी हार मानता है—इस प्रकार जो खूब विचार-विचारकर मार्गपर पैर रखता है, वह बुद्धिमान् ही सराहनेयोग्य है। (अभावका अनुभव करनेसे ही कामना होती है और कामना ही पापकी जड़ है; अतएव जो सदा अपनेको तृप्त, पूर्णकाम मानता है, उसके द्वारा पाप नहीं होते। इसी प्रकार अपनी विजय माननेसे अभिमान बढ़ता है, जो पतनका हेतु होता है। अतएव जो पुरुष प्रत्येक क्रियामें और फलमें अभिमानका त्यागकर विचारपूर्वक दोषोंसे बचता रहता है, वही बुद्धिमान् है और वही प्रशंसनीय है) ॥ ४४३ ॥

अवसर चूक जानेसे बड़ी हानि होती है

लाभ समय को पालिबो हानि समय की चूक।
सदा बिचारहिं चारुमति सुदिन कुदिन दिन दूक॥

भावार्थ—अनुकूल समय आनेपर काम बना लेना ही लाभ है और समयपर चूक जाना ही हानि है। इसीलिये सुन्दर बुद्धिवाले लोग इस बातका सदा विचार किया करते हैं, क्योंकि अच्छा और बुरा समय दो ही दिनका होता है। [अतएव समयपर चूक जाना बुद्धिमानी नहीं है तात्पर्य यह है कि मनुष्य-जीवनका यह अवसर भगवद्भजनके लिये ही मिला है। इस समय जो चूक जायगा—भगवान्‌को नहीं भजेगा, उसे मनुष्य-जीवनके परम लाभसे वंचित होकर बड़ी हानि सहनी पड़ेगी] ॥ ४४४ ॥

समयका महत्त्व

सिंधु तरन कपि गिरि हरन काज साइँ हित दोउ।
तुलसी समयहिं सब बड़ो बूझत कहुँ कोउ कोउ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं—समयपर काम करनेसे ही सब बड़े होते हैं, इस रहस्यको कहीं कोई-कोई ही जानते हैं। श्रीहनुमान्‌जी [सीताका संदेश लानेके लिये] समुद्रको लाँघना और [श्रीलक्ष्मणजीकी मूर्च्छा दूर करनेके लिये] द्रोण-पर्वतको लाना—ये दोनों काम अपने स्वामीके हितके लिये ठीक समयपर ही किये थे। (समुद्र लाँघना और पहाड़ उठाना हनुमान्‌जीके लिये साधारण बात थी, परंतु ठीक समयपर होनेसे ही इनकी इतनी महिमा हुई) ॥ ४४५ ॥

होनहारकी प्रबलता

तुलसी जसि भवतब्यता तैसी मिलइ सहाइ।
आपुनु आवइ ताहि पै ताहि तहाँ लै जाइ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जैसी होनहार होती है, वैसी ही सहायता मिल जाती है। या तो वह स्वयं उसके पास आती है या उसे वहाँ ले जाती है॥ ४५०॥

परमार्थप्राप्तिके चार उपाय

कै जूझिबो कै बूझिबो दान कि काय कलेस।
चारि चारु परलोक पथ जथा जोग उपदेस॥

भावार्थ—परलोकके लिये सुन्दर चार मार्ग हैं और [अधिकार-भेदसे] इनका यथायोग्य उपदेश किया गया है—[वेदाध्ययनादिके द्वारा] ज्ञान-अर्जन करना (ब्राह्मणके लिये), [सम्मुख समरमें] युद्ध करना (क्षत्रियके लिये), [व्यापारमें धन कमाकर] दान देना (वैश्यके लिये) और शरीरसे कष्ट सहकर सेवा करना (शूद्रके लिये)॥ ४५१॥

विवेककी आवश्यकता

पात पात को सींचिबो न करु सरग तरु हेत।
कुटिल कटुक फर फरैगो तुलसी करत अचेत॥

भावार्थ—कल्पवृक्ष [-से फल] पानेके लिये, पत्ते-पत्तेको (हर किसी पेड़को) मत सींचा करो, ऐसा करोगे तो ऐसा टेढ़ा और कड़ुआ फल फलेगा जो तुमको अचेत कर देगा (अर्थात् परम सुखरूप मनोरथकी पूर्तिके लिये बिना समझे-सोचे जैसे-तैसे कर्म मत किया करो; ऐसा करनेसे सुख तो मिलेगा ही नहीं, उलटे बुरे कर्मोंके फलस्वरूप महान् दुःखोंकी प्राप्ति होगी, जिससे रहा-सहा विवेक भी नष्ट हो जायगा)॥ ४५२॥

विश्वासकी महिमा

गठिबँध ते परतीति बड़ि जेहिं सबको सब काज।
कहब थोर समुझब बहुत गाड़े बढ़त अनाज॥

भावार्थ—गठबन्धनसे भी विश्वास बड़ा है, जिससे सब लोगोंके

सब काम होते हैं। कहनेमें सब बात छोटी-सी है, परंतु समझनेमें बहुत बड़ी है। जिस प्रकार अनाजके थोड़े-से दाने मिट्टीमें गाड़ दिये जाते हैं, परंतु वही अनाज पैदा होनेपर बहुत बढ़ जाता है॥ ४५३॥

अपनो ऐपन निज हथा तिय पूजहिं निज भीति।
फरइ सकल मन कामना तुलसी प्रीति प्रतीति॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि स्त्रियाँ अपने घरकी दीवारपर अपने ऐपनके (चावल और हल्दीको एक साथ पीसकर बनाये हुए रंगके) अपने ही हाथे छापकर उनको पूजती हैं और उसीसे उनकी सारी मनःकामनाएँ पूरी हो जाती हैं। यह प्रेम और विश्वासका ही फल है॥ ४५४॥

बरषत करषत आपु जल हरषत अरघनि भानु।
तुलसी चाहत साधु सुर सब सनेह सनमानु॥

भावार्थ—सूर्य स्वयं [पृथ्वीपर अपार] जल बरसाता है और सोखता है; परंतु लोगोंके दिये हुए अर्घ्य (थोड़े-से-जल)-से बड़ा प्रसन्न होता है। तुलसीदासजी कहते हैं कि साधु और देवता सब स्नेह और सम्मान ही चाहते हैं॥ ४५५॥

बारह नक्षत्र व्यापारके लिये अच्छे हैं

श्रुति गुन कर गुन पु जुग मृग हय रेवती सखाउ।
देहि लेहि धन धरनि धरु गएहुँ न जाइहि काउ॥

भावार्थ— श्रवण नक्षत्रसे तीन नक्षत्र (श्रवण, धनिष्ठा, शतभिष), हस्त नक्षत्रसे तीन नक्षत्र (हस्त, चित्रा, स्वाती), 'पु' से आरम्भ होनेवाले दो नक्षत्र (पुष्य, पुनर्वसु) और मृगशिरा, अश्विनी, रेवती तथा अनुराधा—इन बारह नक्षत्रोंमें धन, जमीन और धरोहरका लेन-देन करो; ऐसा करनेसे धन जाता हुआ प्रतीत होनेपर भी नहीं जायगा॥ ४५६॥

चौदह नक्षत्रोंमें हाथसे गया हुआ धन वापस नहीं मिलता

ऊगुन पूगुन बि अज कृ म आ भ अ मू गुनु साथ।
हरो धरो गाड़ो दियो धन फिरि चढ़इ न हाथ॥

भावार्थ—'उ' से आरम्भ होनेवाले तीन नक्षत्र (उत्तराफाल्गुनी,

उत्तराषाढ़ा, उत्तराभाद्रपद), 'पू' से आरम्भ होनेवाले तीन नक्षत्र (पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाषाढ़ा, पूर्वाभाद्रपद), वि (विशाखा), अज (रोहिणी), कृ (कृत्तिका), म (मघा), आ (आर्द्रा), भ (भरणी), अ (अश्लेषा) और मू (मूल)-को भी इन्हींके साथ समझ लो—इन चौदह नक्षत्रोंमें हरा हुआ (चोरी गया हुआ), धरोहर रखा हुआ, गाड़ा हुआ तथा उधार दिया हुआ धन फिर लौटकर हाथ नहीं आता॥ ४५७॥

कौन-सी तिथियाँ कब हानिकारक होती हैं?

रबि हर दिसि गुन रस नयन मुनि[1] प्रथमादिक बार।
तिथि सब काज नसावनी होइ कुजोग बिचार॥

भावार्थ—द्वादशी, एकादशी, दशमी, तृतीया, षष्ठी, द्वितीया, सप्तमी—ये सातों तिथियाँ यदि क्रमसे रवि, सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र और शनिवारको पड़ें तो ये सब कामोंको बिगाड़नेवाली होती हैं और यह कुयोग समझा जाता है॥ ४५८॥

कौन-सा चन्द्रमा घातक समझना चाहिये?

ससि सर नव दुइ छ दस गुन मुनि फल बसु हर भानु[2]।
मेषादिक क्रम तें गनहि घात चंद्र जियँ जानु॥

भावार्थ—मेषके प्रथम, वृषके पाँचवें, मिथुनके नवें, कर्कके दूसरे, सिंहके छठे, कन्याके दसवें, तुलाके तीसरे, वृश्चिकके सातवें, धनके चौथे, मकरके आठवें, कुम्भके ग्यारहवें और मीन राशिके बारहवें चन्द्रमा पड़ जायँ तो उसे घातक समझो॥ ४५९॥

किन-किन वस्तुओंका दर्शन शुभ है?

नकुल सुदरसन दरसनी छेमकरी चक चाष।
दस दिसि देखत सगुन सुभ पूजहिं मन अभिलाष॥

भावार्थ—नेवला, मछली, दर्पण, क्षेमकरी चिड़िया (सफेद

१-रवि बारह, हर (रुद्र) ग्यारह, दिशाएँ दस, गुण तीन, रस छः, नेत्र दो और ऋषि-मुनि सात हैं। इन्हींसे तिथियोंका वर्णन है।

२-शशि—चन्द्रमा एक, सर—बाण पाँच, फल चार, वसु आठ होते हैं।

मुँहवाली चील्ह), चकवा तथा नीलकंठ—इन्हें दसों दिशाओंमेंसे किसी ओर भी देखना शुभ शकुन है और इससे मनकी अभिलाषाएँ पूर्ण होती हैं॥ ४६०॥

सात वस्तुएँ सदा मंगलकारी हैं

सुधा साधु सुरतरु सुमन सुफल सुहावनि बात।
तुलसी सीतापति भगति सगुन सुमंगल सात॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि अमृत, साधु, कल्पवृक्ष, पुष्प, सुन्दर फल, सुहावनी वात और श्रीजानकीनाथजीकी भक्ति—ये सात सुन्दर मंगलकारी शकुन हैं॥ ४६१॥

श्रीरघुनाथजीका स्मरण सारे मंगलोंकी जड़ है

भरत सत्रुसूदन लखन सहित सुमिरि रघुनाथ।
करहु काज सुभ साज सब मिलिहि सुमंगल साथ॥

भावार्थ—भरत, शत्रुघ्न और लक्ष्मणसहित श्रीरघुनाथजीका स्मरण करके सव शुभ साधनोंके द्वारा कार्य करो तो साथ-ही-साथ सुन्दर मंगल भी मिलता जायगा (अर्थात् मनोरथ सफल होते जायँगे)॥ ४६२॥

यात्राके समयका शुभ स्मरण

राम लखन कौसिक सहित सुमिरहु करहु पयान।
लच्छि लाभ लै जगत जसु मंगल सगुन प्रमान॥

भावार्थ—श्रीविश्वामित्रजीसहित श्रीराम-लक्ष्मणका स्मरण करके यात्रा करो और लक्ष्मीका लाभ लेकर जगत्‌में यश लो। यह शकुन सच्चा मंगलमय है॥ ४६३॥

वेदकी अपार महिमा

अतुलित महिमा बेद की तुलसी किएँ बिचार।
जो निंदत निंदित भयो बिदित बुद्ध अवतार॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि विचार करनेपर यहाँ सिद्ध होता है कि वेदकी महिमा अतुलनीय है, जिसकी निन्दा करनेसे स्वयं भगवान्‌का बुद्धावतार भी निन्दित हो गया, यह सबको विदित है॥ ४६४॥

तुलसी मीठी अमी तें मागी मिलै जो मीच।
सुधा सुधाकर समय बिनु कालकूट तें नीच॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि यदि समयपर (जिस समय मनुष्य दुःखसे संतप्त होकर घबड़ा उठता है) माँगनेसे मौत भी मिल जाय तो वह अमृतसे अधिक मीठी मालूम होती है। परंतु बिना अवसरके अमृत या चन्द्रमा भी मिलें तो वे कालकूट जहरसे भी अधिक बुरे लगते हैं॥ ४४६ ॥

विपत्तिकालके मित्र कौन हैं?

तुलसी असमय के सखा धीरज धरम बिबेक।
साहित साहस सत्यब्रत राम भरोसो एक॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि धीरज, धर्म, विवेक, सत्साहित्य, साहस और सत्यका व्रत अथवा एकमात्र श्रीरामका भरोसा—बुरे समयके (विपत्तिकालके) यही मित्र हैं॥ ४४७ ॥

समरथ कोउ न राम सों तीय हरन अपराधु।
समयहिं साधे काज सब समय सराहहिं साधु॥

भावार्थ—भगवान् श्रीरामचन्द्रजीके समान तो कोई सामर्थ्यवान् नहीं (जो होनी-अनहोनी सब कुछ कर सकते हैं) और सीताहरणके समान भयंकर अपराध कोई क्या करेगा? इसपर भी श्रीरामजीने उस समय रावणको न मारकर उचित समयपर ही सब काम किये। इसीलिये साधुलोग समयकी सराहना करते हैं॥ ४४८ ॥

तुलसी तीरहु के चलें समय पाइबी थाह।
धाइ न जाइ थहाइबी सर सरिता अवगाह॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि नदी या सरोवरके किनारे-किनारे चलनेसे ही समयपर उनकी थाह मिल जायगी; अगाध तालाब या नदियोंकी थाह लेनेके लिये दौड़कर उनके अंदर घुस नहीं जाना चाहिये (समयकी प्रतीक्षा करनी चाहिये)॥ ४४९ ॥

बुध किसान सर बेद निज मतें खेत सब सींच।
तुलसी कृषि लखि जानिबो उत्तम मध्यम नीच॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि पण्डितगण किसान हैं और वेद सरोवर है, इसीसे जल ले-लेकर सब अपने-अपने मतरूपी खेतको सींचते हैं, इनमें कौन-सा खेत [मत] उत्तम है और कौन-सा मध्यम या नीच है इसका पता खेती [उत्तम, मध्यम और नीच फल और विस्तार] देखकर लगाना चाहिये॥ ४६५॥

धर्मका परित्याग किसी भी हालतमें नहीं करना चाहिये

सहि कुबोल साँसति सकल अँगइ अनट अपमान।
तुलसी धरम न परिहरिअ कहि करि गए सुजान॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि बुरे वचनोंको और सब प्रकारके कष्टोंको सह लो तथा मिथ्या अपमानको भी अंगीकार कर लो, परंतु धर्मको मत छोड़ो। श्रेष्ठ बुद्धिमान् पुरुष ऐसा ही उपदेश और आचरण कर गये हैं॥ ४६६॥

दूसरेका हित ही करना चाहिये, अहित नहीं

अनहित भय परहित किएँ पर अनहित हित हानि।
तुलसी चारु बिचारु भल करिअ काज सुनि जानि॥

भावार्थ—दूसरेका हित करनेमें तो अपने अहितका केवल भय ही रहता है; परंतु दूसरेका अहित करनेमें अपने हितका नाश होता ही है। इसलिये तुलसीदासजी कहते हैं कि यहाँ यही विचार सुन्दर और मंगलकारक है कि जान-सुनकर (सोच-समझकर) काम करना चाहिये (पराये हितका ही काम करना चाहिये, अहितका नहीं)॥ ४६७॥

प्रत्येक कार्यकी सिद्धिमें तीन सहायक होते हैं

पुरुषारथ पूरब करम परमेस्वर परधान।
तुलसी पैरत सरित ज्यों सबहिं काज अनुमान॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि पुरुषार्थ, पूर्वकर्म (प्रारब्ध) और प्रधानतया परमात्माकी कृपा—इन्हीं तीनोंके अवलम्बनसे जैसे

नदीको तैरकर पार किया जाता है, वैसे ही सभी कामोंमें अनुमान कर लेना चाहिये॥ ४६८॥

नीतिका अवलम्बन और श्रीरामजीके चरणोंमें प्रेम ही श्रेष्ठ है

चलब नीति मग राम पग नेह निबाहब नीक।
तुलसी पहिरिअ सो बसन जो न पखारें फीक॥

भावार्थ—नीतिपर चलना और श्रीरामजीके चरणोंमें प्रेमका निबाहना (अटूट प्रेम करना) ही उत्तम है। तुलसीदासजी कहते हैं कि वस्त्र वही पहनना चाहिये, जिसका रंग धोनेपर भी फीका न पड़े॥ ४६९॥

दोहा चारु बिचारु चलु परिहरि बाद बिबाद।
सुकृत सीवँ स्वारथ अवधि परमारथ मरजाद॥

भावार्थ—उपर्युक्त दोहेको अच्छी तरह विचार लो (अर्थात् नीतिका अवलम्बन और श्रीरामजीके चरणोंका प्रेम कभी न छोड़ो) [अथवा वाद-विवाद छोड़कर दो 'हा' अर्थात् हाहा खाना—सबसे विनीत रहना ही सुन्दर विचार है] और वाद-विवाद छोड़कर चलो, [चाहे कोई कुछ भी कहे]। बस, यही पुण्यकी सीमा है, यही स्वार्थकी अवधि है और यही परमार्थकी—भगवत्प्राप्तिकी मर्यादा है॥ ४७०॥

विवेकपूर्वक व्यवहार ही उत्तम है

तुलसी सो समरथ सुमति सुकृती साधु सयान।
जो बिचारि ब्यवहरइ जग खरच लाभ अनुमान॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि वही पुरुष सामर्थ्यवान्, बुद्धिमान्, पुण्यात्मा, साधु और चतुर है जो आयके अनुमानसे ही व्यय करता है और जगत्‌में विचारपूर्वक व्यवहार करता है॥ ४७१॥

जाय जोग जग छेम बिनु तुलसी के हित राखि।
बिनुऽपराध भृगुपति नहुष बेनु बृकासुर साखि॥

भावार्थ—जगत्‌में योगकी (अर्थात् प्राप्त हुए धन, ऐश्वर्य, शक्ति या अधिकारकी) रक्षा किये बिना अर्थात् उसका सदुपयोग न

करके दुरुपयोग करनेसे वह नष्ट हो जाता है। [जिनके प्रति दुरुपयोग होता है उनका तो कुछ नहीं बिगड़ता, क्योंकि] तुलसीदासके हितैषी श्रीरामजी निरपराधोंकी रक्षा करते ही हैं। इसमें परशुराम, नहुष, वेन और वृकासुर (भस्मासुर) साक्षी हैं। (परशुरामजीने अपने बलका क्षत्रियोंके नाशमें दुरुपयोग किया; परंतु अन्तमें क्षत्रियवंश बच गया और परशुरामजीका बल क्षत्रियशरीरधारी भगवान् श्रीरामजीद्वारा हरा गया। राजा नहुषको पुण्यबलसे जब इन्द्रका सिंहासन प्राप्त हुआ, तब इन्द्रपत्नी शचीके साथ सम्भोगकी इच्छा करके नहुषने अधिकारका दुरुपयोग किया, जिसके फलस्वरूप सप्तर्षियोंके शापसे उनको स्वर्गसे नीचे गिरना पड़ा और निरपराध शचीके सतीत्वकी रक्षा हो गयी। वेनने अपने अधिकारका दुरुपयोग करके धर्मका नाश करना आरम्भ किया; परंतु धर्म तो नष्ट नहीं हुआ; ऋषियोंके शापसे स्वयं वेनको ही मरना पड़ा। वृकासुर (भस्मासुर) शिवजीसे वरदान पाकर ऐसा बौराया कि उसने अपने वरदाता शिवजीको ही जला देना चाहा। अन्तमें भगवान् विष्णुकी चतुराईसे वह स्वयं जल गया।)॥ ४७२॥

नेमसे प्रेम बड़ा है

बड़ि प्रतीति गठिबंध तें बड़ो जोग तें छेम।
बड़ो सुसेवक साइँ तें बड़ो नेम तें प्रेम॥

भावार्थ—बाहरी ग्रन्थि-बन्धनकी अपेक्षा विश्वास बड़ा है। योगसे क्षेम बड़ा है। स्वामीकी अपेक्षा श्रेष्ठ सेवक बड़ा है और नियमोंसे प्रेम बड़ा है॥ ४७३॥

किस-किसका परित्याग कर देना चाहिये

सिष्य सखा सेवक सचिव सुतिय सिखावन साँच।
सुनि समुझिअ पुनि परिहरिअ पर मन रंजन पाँच॥

भावार्थ—यदि सब बात सुननेमें आवे कि अपना शिष्य, मित्र, नौकर, मन्त्री और सुन्दरी स्त्री—ये पाँचों मुझको छोड़कर दूसरेके मनको प्रसन्न करने लगे हैं तो पहले तो इसकी जाँच करनी चाहिये

और [जाँच करनेपर यदि बात सत्य निकले तो] फिर इन्हें छोड़ देना चाहिये ॥ ४७४ ॥

सात वस्तुओंको रस बिगड़नेसे पहले ही छोड़ देना चाहिये

नगर नारि भोजन सचिव सेवक सखा अगार।
सरस परिहरें रंग रस निरस बिषाद बिकार॥

भावार्थ—नगर, स्त्री, भोजन, मन्त्री, सेवक, मित्र और घर—इनकी सरसता नष्ट होनेसे पहले ही इन्हें छोड़ देनेमें शोभा और आनन्द है। नीरस होनेपर इनका त्याग करनेमें तो शोक और अशान्ति ही होती है ॥ ४७५ ॥

मनके चार कण्टक हैं

तूठहिं निज रुचि काज करि रूठहिं काज बिगारि।
तीय तनय सेवक सखा मन के कंटक चारि॥

भावार्थ—स्त्री, पुत्र, सेवक और मित्र जब अपनी रुचिके अनुसार कार्य करनेमें संतुष्ट होते हैं (अपनी रुचिके प्रतिकूल किसीकी बात नहीं सुनते) और मनमानी करके आप ही काम बिगाड़ लेते हैं तथा फिर रूठ भी जाते हैं, तब ये चारों मनको काँटेके समान चुभने लगते हैं ॥ ४७६ ॥

कौन निरादर पाते हैं?

दीरघ रोगी दारिदी कटुबच लोलुप लोग।
तुलसी प्रान समान तउ होहिं निरादर जोग॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि प्राणके समान प्यारे होनेपर भी बहुत दिनोंके रोगी, दरिद्र, कटु वचन बोलनेवाले और लालची—ये चारों निरादरके योग्य ही हो जाते हैं ॥ ४७७ ॥

पाँच दुःखदायी होते हैं

पाही खेती लगन बट रिन कुब्याज मग खेत।
बैर बड़े सों आपने किए पाँच दुख हेत॥

भावार्थ—पाही खेती (जिस गाँवमें रहते हों उससे दूर जाकर दूसरे

गाँवमें खेती करना), राह चलते मनुष्यमें आसक्ति, बुरे (बहुत अधिक) ब्याजकी कर्जदारी, रास्तेपरका खेत और अपनी अपेक्षा बड़ेसे वैर—ये पाँचों काम करनेसे (अवश्य ही) दुःखके कारण होते हैं॥ ४७८॥

समर्थ पापीसे वैर करना उचित नहीं

धाइ लगै लोहा ललकि खैंचि लेइ नइ नीचु।
समरथ पापी सों बयर जानि बिसाही मीचु॥

भावार्थ—जिस तरह लोहा चावसे दौड़कर चुम्बकके लग जाता है, उसी तरह नीच मनुष्य [कपटभरी] नम्रता प्रदर्शित कर खींच लेता है। इसी प्रकार समर्थ पापीसे वैर करनेको खरीदी हुई मौत समझो॥ ४७९॥

शोचनीय कौन है

सोचिअ गृही जो मोह बस करइ करम पथ त्याग।
सोचिअ जती प्रपंच रत बिगत बिबेक बिराग॥

भावार्थ—वह गृहस्थ शोचनीय है, जो मोहवश शास्त्रोक्त कर्ममार्गका त्याग कर देता है और वह संन्यासी शोचनीय है, जो संसारमें आसक्त और ज्ञान-वैराग्यसे हीन है॥ ४८०॥

परमार्थसे विमुख ही अंधा है

तुलसी स्वारथ सामुहो परमारथ तन पीठि।
अंध कहें दुख पाइहै डिठिआरो केहि डीठि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जो मनुष्य स्वार्थके तो (सम्मुख) शरण हो रहा है और परमार्थकी ओर जिसने पीठ कर रखी है (अर्थात् भगवान्‌से विमुख होकर जो केवल विषयोंमें रत है), वह अन्धा कहनेपर तो मनमें दुःख पायेगा, परंतु किस आँखको लेकर उसे आँखवाला कहा जाय? (अर्थात् आँख हुए बिना उसे आँखवाला कहें भी कैसे? हृदयमें विवेकरूपी असली आँख होती तो वह भगवान्‌के सम्मुख होनेमें ही अपना कल्याण देखता और भयंकर विषयोंका मोह छोड़ देता)॥ ४८१॥

मनुष्य आँख होते हुए भी मृत्युको नहीं देखते

बिन आँखिन की पानहीं पहिचानत लखि पाय।
चारि नयन के नारि नर सूझत मीचु न माय॥

भावार्थ—बिना आँखवाली जूती पैरको देखकर पहचान लेती है; किंतु इन नर-नारियोंके चार-चार आँखें (दो बाहरकी और मन-बुद्धिरूप दो भीतरकी) होनेपर भी इन्हें मौत और माया नहीं सूझती॥ ४८२॥

मूढ़ उपदेश नहीं सुनते

जौ पै मूढ़ उपदेस के होते जोग जहान।
क्यों न सुजोधन बोध कै आए स्याम सुजान॥

भावार्थ—यदि मूर्ख मनुष्य संसारमें उपदेशके योग्य होते तो परम चतुर भगवान् श्रीकृष्ण दुर्योधनको क्यों न समझा सके?॥ ४८३॥

सोरठा

फूलइ फरइ न बेत जदपि सुधा बरषहिं जलद।
मूरुख हृदयँ न चेत जौं गुर मिलहिं बिरंचि सम॥

भावार्थ—यद्यपि बादल अमृत-सा जल बरसाते हैं तो भी बेंत फूलता-फलता नहीं। इसी प्रकार यदि ब्रह्माके समान भी [ज्ञानी] गुरु मिल जायँ तो भी मूर्खके हृदयमें ज्ञान नहीं होता॥ ४८४॥

दोहा

रीझि आपनी बूझि पर खीझि बिचार बिहीन।
ते उपदेस न मानहीं मोह महोदधि मीन॥

भावार्थ—अपनी ही समझ (बुद्धि)-पर जिनकी प्रीति है (अपनी ही समझको सबसे उत्तम मानते हैं) और जिनका रोष नासमझीको लिये हुए होता है; वे मोहके महान् समुद्रमें मछली बने हुए लोग किसीका उपदेश नहीं मानते॥ ४८५॥

बार-बार सोचनेकी आवश्यकता

अनसमुझें अनुसोचनो अवसि समुझिऐ आपु।
तुलसी आपु न समुझिऐ पल पल पर परितापु॥

भावार्थ—किसी बातको न समझनेपर उसे बार-बार सोचना चाहिये, ऐसा करनेसे वह बात अपने-आप समझमें आ जायगी। तुलसीदासजी कहते हैं कि वह स्वयं समझमें नहीं आयी तो [उसके अनुसार आचरण करनेसे] क्षण-क्षणमें दुःख होगा॥ ४८६॥

मूर्खशिरोमणि कौन हैं?

कूप खनत मंदिर जरत आएँ धारि बबूर।
बवहिं नवहिं निज काज सिर कुमति सिरोमनि कूर॥

भावार्थ—जो लोग घर जलनेपर कुँआ खोदते हैं, शत्रुके चढ़ आनेपर [किलेकी रक्षाके लिये चारों ओर] बबूलके वृक्ष रोपना शुरू करते हैं और स्वार्थसाधनके लिये [भगवान्‌को छोड़कर जहाँ-तहाँ] सिर नवाते फिरते हैं, वे मूर्खोंके शिरोमणि और निकम्मे (दीर्घसूत्री और प्रमादी) हैं॥ ४८७॥

ईश्वरविमुखकी दुर्गति ही होती है

निडर ईस तें बीस कै बीस बाहु सो होइ।
गयो गयो कहैं सुमति सब भयो कुमति कह कोइ॥

भावार्थ—ईश्वरका डर छोड़कर चाहे कोई बीसों बिस्वे (निश्चय ही) रावणके समान [प्रभावशाली] क्यों न हो जाय, बुद्धिमान्‌लोग तो उस ईश्वरविमुखको गया-गया ही (नष्ट ही हुआ) कहेंगे; कोई कुबुद्धिवाला ही उसे उन्नतिको प्राप्त हुआ बतलावेगा॥ ४८८॥

जान-बूझकर अनीति करनेवालेको उपदेश देना व्यर्थ है

जो सुनि समुझि अनीति रत जागत रहै जु सोइ।
उपदेसिबो जगाइबो तुलसी उचित न होइ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जो [सब बात] सुन-समझकर भी (जान-बूझकर) अनीतिमें लगा रहता है और जागते हुए

भी सो रहता है, उसको उपदेश देना या जगाना उचित नहीं है अर्थात् व्यर्थ है॥ ४८९ ॥

बहु सुत बहु रुचि बहु बचन बहु अचार ब्यवहार।
इनको भलो मनाइबो यह अग्यान अपार॥

भावार्थ—जिनके बहुत पुत्र हों, जिनकी [भाँति-भाँतिकी] अनेकों इच्छाएँ हों, जो तरह-तरहकी बातें बनाते हों, जिनके आचरण और व्यवहार अनेकों प्रकारके हों, उनकी भलाई चाहना महान् मूर्खता है (अर्थात् उनका कल्याण होना बहुत ही कठिन है)॥ ४९० ॥

जगत्के लोगोंको रिझानेवाला मूर्ख है

लोगनि भलो मनाव जो भलो होन की आस।
करत गगन को गेंडुआ सो सठ तुलसीदास॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जो आदमी [दूसरेके द्वारा] अपना भला होनेकी आशासे [भगवान्को छोड़कर जगत्के] लोगोंको रिझाता रहता है, वह मूर्ख आकाशका तकिया बनाना चाहता है॥ ४९१ ॥

अपजस जोग कि जानकी मनि चोरी की कान्ह।
तुलसी लोग रिझाइबो करषि कातिबो नान्ह॥

भावार्थ—क्या श्रीजानकीजी अपयशके योग्य थीं और क्या श्रीकृष्णने मणिकी चोरी की थी? कदापि नहीं! अतएव तुलसीदासजी कहते हैं कि सब लोगोंको प्रसन्न करना उतना ही कठिन है, जितना जोरसे खींचकर बारीक सूत कातना!॥ ४९२ ॥

तुलसी जु पै गुमान को होतो कछू उपाउ।
तौ कि जानकिहि जानि जियँ परिहरते रघुराउ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि यदि लोगोंके संदेहको दूर करनेका कोई उपाय होता तो क्या श्रीरघुनाथजी श्रीजानकीजीको अपने मनमें [सर्वथा निष्कलंक] जानते हुए भी उनका त्याग करते?॥ ४९३ ॥

प्रतिष्ठा दुःखका मूल है

मागि मधुकरी खात ते सोवत गोड़ पसारि।
पाप प्रतिष्ठा बढ़ि परी ताते बाढ़ी रारि॥

भावार्थ—जबतक मधुकरी माँगकर खाते थे, तबतक पैर पसारकर (निश्चिन्त रूपसे) सोते थे। परंतु इधर यह पापमयी प्रतिष्ठा बढ़ गयी, इसीसे झगड़ा (झंझट) भी बढ़ गया॥ ४९४॥

तुलसी भेड़ी की धँसनि जड़ जनता सनमान।
उपजत ही अभिमान भो खोवत मूढ़ अपान॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि मूर्ख जनताका सम्मान भेड़ियाधँसानके समान है (जहाँ एकने बड़ाई की, वहीं सब करने लगते हैं), परंतु इस सम्मानका मिलना शुरू होते ही अभिमान उत्पन्न हो जाता है, जिससे मूर्खलोग अपनी स्थिति खो बैठते हैं (अभिमानके वश होकर गिर जाते हैं)॥ ४९५॥

भेड़ियाधँसानका उदाहरण

लही आँखि कब आँधरे बाँझ पूत कब ल्याइ।
कब कोढ़ी काया लही जग बहराइच जाइ॥

भावार्थ—दुनिया बहराइचको दौड़ी जाती है, परंतु कोई इस बातका पता नहीं लगाता कि वहाँ जाकर कब किस अंधेने आँख पायी, कौन बाँझ कब लड़का लेकर आयी और कब किस कोढ़ीने कंचन-सी काया प्राप्त की?

नोट—बहराइचमें सैयद सालारजंग मसऊद गाजी (गाजीमियाँ)-की दरगाह है। वहाँ जेठके महीनेमें हर साल मेला होता है। वहाँ लोग अन्धविश्वासके कारण तरह-तरहकी कामनाओंको लेकर जाते हैं। कहते हैं कि यह गाजीमियाँ महमूद गजनीका भानजा था। यह गाजी होनेकी इच्छासे अवधकी ओर बढ़ आया था और श्रावस्तीके राजा सुहृददेवके हाथों मारा गया था॥ ४९६॥

ऐश्वर्य पाकर मनुष्य अपनेको निडर मान बैठते हैं

तुलसी निरभय होत नर सुनिअत सुरपुर जाइ।
सो गति लखि ब्रत अछत तनु सुख संपति गति पाइ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि सुना जाता है, स्वर्गमें जाकर जीव निर्भय हो जाता है (समझता है कि मैं बुढ़ापे और बीमारीसे रहित होकर सदा ही भोग भोगता रहूँगा; क्योंकि स्वर्गमें बुढ़ापा और बीमारी नहीं है)। परंतु ऐसी दशा तो यहाँ इस शरीरके रहते भी सुख-सम्पत्ति और ऊँची पदवी पानेपर देखी जाती है (क्योंकि सुख-सम्पत्ति और ऊँचे पदको प्राप्त मनुष्य भी अभिमानवश अपनेको निर्भय ही मानता है) [परंतु वास्तवमें ऐसी बात नहीं है।]॥ ४९७॥

तुलसी तोरत तीर तरु बक हित हंस बिडारि।
बिगत नलिन अलि मलिन जल सुरसरिहू बढ़िआरि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि गंगाजी भी बढ़ जानेपर अपने किनारेके (आश्रित) वृक्षोंको तोड़ डालती हैं, बगुलों (दम्भियों)-के लिये हंसोंको (सच्चे ज्ञानियोंको) भगा देती हैं, कमल और भौंरोंसे (सद्‌गुणोंसे) रहित और मलिन जलवाली (मलिनहृदया) हो जाती हैं। (अर्थात् पार्थिव ऐश्वर्य बढ़ जानेपर सज्जनोंमें भी दोष आ जाते हैं। वे अभिमानमें भरकर पड़ोसी आश्रितोंको मिटा देते हैं, मूर्खतावश सच्चे पुरुषोंको अपने पाससे हटाकर दम्भियोंको आश्रय देते हैं और कुसंगतिके कारण सद्‌गुणोंसे रहित और पापजीवी हो जाते हैं।)॥ ४९८॥

अधिकारी बस औसरा भलेउ जानिबे मंद।
सुधा सदन बसु बारहें चउथें चउथिउ चंद॥

भावार्थ—बुरा समय आनेपर भले अधिकारियोंको भी बुरा ही समझिये। चन्द्रमा अमृतका भण्डार होनेपर भी आठवें, बारहवें और चौथे स्थानमें पड़नेपर एवं भादों सुदी चौथके दिन देखनेपर हानिकारक हो जाता है॥ ४९९॥

नौकर स्वामीकी अपेक्षा अधिक अत्याचारी होते हैं

त्रिबिध एक बिधि प्रभु अनुग अवसर करहिं कुठाट।
सूधे टेढ़े सम बिषम सब महँ बारहबाट॥

भावार्थ—अवसर पड़नेपर मालिक यदि एक प्रकारसे बुराई करता है तो उसके अनुगामी सेवक तीन प्रकारसे करते हैं। वे सीधे सज्जनोंसे भी टेढ़ा बर्ताव करते हैं, समतामें भी विषमता करते हैं और सब कामोंको नष्ट-भ्रष्ट कर देते हैं॥ ५०० ॥

प्रभु तें प्रभु गन दुखद लखि प्रजहिं सँभारै राउ।
कर तें होत कृपानको कठिन घोर घन घाउ॥

भावार्थ—मालिककी अपेक्षा मालिकके परिचारकवर्ग विशेष दुःखदायी होते हैं; इस बातको विचारकर राजाको चाहिये कि वह स्वयं अपनी प्रजाकी सँभाल करे। क्योंकि हाथकी चोटकी अपेक्षा हाथमें पकड़ी हुई तलवारकी चोट बहुत ही कठिन और भयंकर होती है॥ ५०१ ॥

ब्यालहु तें बिकराल बड़ ब्यालफेन जियँ जानु।
वहि के खाए मरत है वहि खाए बिनु प्रानु॥

भावार्थ—अपने हृदयमें अहिफेन (अफीम)-को साँप (अहि)-से भी अधिक भयंकर समझो। साँपके काटनेसे तो आदमी मरता ही है, परंतु अफीमको खाकर वह [जीता हुआ भी] प्राणहीन (मुर्देकी भाँति) हो जाता है॥ ५०२ ॥

कारन तें कारजु कठिन होइ दोसु नहिं मोर।
कुलिस अस्थि तें उपल तें लोह कराल कठोर॥

भावार्थ—[श्रीभरतजी महाराज अपनी कठोरताका विवेचन करते हुए कहते हैं कि मैं जो इतना कठोर हूँ, इसमें] मेरा दोष नहीं है; क्योंकि कार्य कारणसे कठोर होता ही है, जैसे [दधीचिकी] हड्डीसे बना हुआ वज्र हड्डीसे अधिक कठोर और पत्थरसे उत्पन्न लोहा पत्थरसे भी भयानक और कठोर होता है॥ ५०३ ॥

काल बिलोकत ईस रुख भानु काल अनुहारि।
रबिहि राउ राजहि प्रजा बुध ब्यवहरहिं बिचारि॥

भावार्थ—काल (समय) ईश्वरका रुख देखता है (ईश्वरके इच्छानुसार बदलता रहता है); सूर्य कालका अनुगमन करता है (यथासमय कार्य करता है), राजा सूर्यका अनुसरण करता है (सूर्यके यथायोग्य समयपर जल खींचने और बरसानेकी भाँति राजा प्रजासे कररूपमें धन लेकर उसीके हितमें लगा देता है), प्रजा राजाका अनुकरण करती है (जैसा राजा वैसी प्रजा) और बुद्धिमान् पुरुष सब व्यवहार विचारकर करते हैं (वे अपनी बुद्धिका ही अनुसरण करते हैं)॥ ५०४॥

जथा अमल पावन पवन पाइ कुसंग सुसंग।
कहिअ कुबास सुबास तिमि काल महीस प्रसंग॥

भावार्थ—जैसे निर्मल और पवित्र वायु बुरी (दुर्गन्धयुक्त) और अच्छी (सुगन्धयुक्त) वस्तुओंके संसर्गसे दुर्गन्धित और सुगन्धित कही जाती है, वैसे ही अच्छे या बुरे राजाके संसर्गसे काल भी अच्छा या बुरा कहा जाता है॥ ५०५॥

भलेहु चलत पथ पोच भय नृप नियोग नय नेम।
सुतिय सुभूपति भूषिअत लोह सँवारित हेम॥

भावार्थ—जिस प्रकार [सर्वोत्तम धातु] सोना लोहे [-के हथौड़े]-से पीट-पीटकर सँवारा जानेपर ही [गहना बनकर] सुन्दर स्त्री और सुन्दर राजाको भी भूषित करता है, उसी प्रकार राजाकी [निष्पक्ष] आज्ञा, [स्वार्थरहित] नीति तथा [कड़ाईसे बर्ते जानेवाले न्यायपूर्ण] कानूनके कारण ही भले लोगोंको भी बुरे मार्गमें चलनेमें डर लगता है॥ ५०६॥

राजाको कैसा होना चाहिये?

माली भानु किसान सम नीति निपुन नरपाल।
प्रजा भाग बस होहिंगे कबहुँ कबहुँ कलिकाल॥

भावार्थ—माली, सूर्य और किसानके समान नीतिमें निपुण राजा इस कलियुगमें प्रजाके सौभाग्यसे कभी-कभी होंगे [सदा नहीं]।

१-माली मुरझाये हुए पौधोंको सींचता है, बढ़े हुए जबरदस्तोंको काट-छाँटकर अलग कर देता है, झुके हुए (कमजोर) पौधोंको लकड़ीका टेका देकर गिरनेसे बचा लेता है और फिर फल-फूलोंका संग्रह करता है।

२-सूर्य किसीको भी प्रत्यक्षमें दुःख न देकर समुद्र और नदीसे जल खींच लेता है, उसीको अमृत-सा बनाकर यथायोग्य बरसा देता है।

३-किसान खेत तैयार करता है, खाद देता है, बीज बोता है, सींचता है, रक्षा करता है फिर फसल पकनेपर काटता है॥ ५०७॥

बरषत हरषत लोग सब करषत लखै न कोइ।
तुलसी प्रजा सुभाग ते भूप भानु सो होइ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि सूर्य जब जलको खींचता है, तब किसीको भी पता नहीं लगता, परंतु जब बरसाता है, तब सब लोग प्रसन्न हो जाते हैं। इसी प्रकार [प्रजाको बिना सताये—यहाँतक कि कर देनेमें प्रजाको कुछ भी कष्ट न हो; इतना-सा कर उगाहकर—समयपर उसी धनसे व्यवस्थितरूपसे प्रजाका हित करनेवाला] सूर्य-सरीखा [कोई] राजा प्रजाके सौभाग्यसे ही होता है॥ ५०८॥

राजनीति

सुधा सुनाज कुनाज फल आम असन सम जानि।
सुप्रभु प्रजा हित लेहिं कर सामादिक अनुमानि॥

भावार्थ—सुन्दर दूध, घी आदि अमृत, उत्तम अन्न, कुत्सित अन्न, लताओंके फल, आम आदि पेड़ोंके फल—इन सबको खाद्यरूपमें समान जानकर अच्छे राजा साम, दान आदि नीतियोंके अनुसार प्रजाके हितकी इच्छासे प्रजासे 'कर' के रूपमें ग्रहण कर लेते हैं॥ ५०९॥

पाके पकए बिटप दल उत्तम मध्यम नीच।
फल नर लहैं नरेस त्यों करि बिचारि मन बीच॥

भावार्थ—उत्तम वह है जो वृक्षोंके पके फल लेता है, मध्यम वह है जो [पकनेतककी बाट न देखकर] अधपके फल ही तोड़कर घरमें पकाता है और नीच वह है जो अधीर होकर पत्तोंको ही नोच डालता है।

इसी प्रकार उत्तम राजाको भी मनमें विचारकर तभी कर वसूल करना चाहिये, जब फसल पक जाय, जिससे कि किसान आसानीसे दे सके; जो बिना ही फसल पके कर उगाहता है, वह मध्यम है और अकाल पड़नेपर भी पीड़ा पहुँचाकर किसानसे कर उगाहनेवाला स्वार्थी राजा नीच है॥ ५१०॥

रीझि खीझि गुरु देत सिख सखा सुसाहिब साधु।
तोरि खाइ फल होइ भल तरु काटें अपराधु॥

भावार्थ—गुरु, मित्र, अच्छे मालिक और साधुजन प्रसन्न होकर या [न माननेपर हमारे हितके लिये] क्रुद्ध होकर यही उपदेश देते हैं कि पका फल ही पेड़से तोड़कर खाना अच्छा है, पेड़को काट डालना अपराध है [राजाको कर उगाहनेके समय यह उपदेश ध्यानमें रखना चाहिये]॥ ५११॥

धरनि धेनु चारितु चरत प्रजा सुबच्छ पेन्हाइ।
हाथ कछू नहिं लागिहै किएँ गोड़ की गाइ॥

भावार्थ—पृथ्वीरूपी गौ जब राजाके प्रजावत्सलता तथा धर्मयुक्त उत्तम चरित्ररूपी चारेको चरकर दुग्धवती होती है और जब प्रजारूपी सुन्दर बछड़ेके द्वारा चोखे जानेपर पेन्हाती है [तभी उत्तम और अधिक दूध मिलता है], सिर्फ पैर बाँधकर दुहनेसे कुछ भी दूध हाथ नहीं लगता॥ ५१२॥

चढ़े बघूरें चंग ज्यों ग्यान ज्यों सोक समाज।
करम धरम सुख संपदा त्यों जानिबे कुराज॥

भावार्थ—जो दशा बवंडरमें पड़ी हुई पतंगकी और शोकोंके समूहमें पड़े हुए विवेककी होती है (अर्थात् वे नष्ट हो जाते हैं) वही दशा बुरे राज्यमें [सत्] कर्म, [सनातन] धर्म और सुख-सम्पत्तिकी भी समझनी चाहिये॥ ५१३॥

कंटक करि करि परत गिरि साखा सहस खजूरि।
मरहिं कुनृप करि करि कुनय सों कुचालि भव भूरि॥

भावार्थ—जैसे खजूरकी हजारों शाखाएँ वृक्षमें बहुतेरे काँटे बना-

बनाकर (स्वयं टूट-टूटकर) गिर पड़ती हैं, इसी प्रकार दुष्ट राजा भी अपनी दुष्ट नीतिसे कुचाल कर-करके संसारमें बार-बार जन्मते-मरते हैं॥ ५१४॥

काल तोपची तुपक महि दारू अनय कराल।
पाप पलीता कठिन गुरु गोला पुहुमी पाल॥

भावार्थ—काल (समय) ही गोलंदाज है, पृथ्वी ही तोप है, विकराल अनीति ही बारूद है, पाप ही पलीता है और राजा ही कठोर तथा भारी गोला है (अर्थात् बुरा समय ही दुष्ट राजाके द्वारा प्रजाका नाश कराता है)॥ ५१५॥

किसका राज्य अचल हो जाता है?

भूमि रुचिर रावन सभा अंगद पद महिपाल।
धरम राम नय सीय बल अचल होत सुभ काल॥

भावार्थ—पृथ्वी ही रावणकी सुन्दर सभा है, इसमें राजा ही अंगदका पैर है, धर्मरूपी राम और नीतिरूपी सीताके बलसे ही वह राजारूपी अंगदका पैर शुभ समयमें अचल हो जाता है॥ ५१६॥

प्रीति राम पद नीति रति धरम प्रतीति सुभायँ।
प्रभुहि न प्रभुता परिहरै कबहुँ बचन मन कायँ॥

भावार्थ—भगवान् श्रीरामचन्द्रजीके चरणोंमें जिसकी प्रीति है, [प्रजाहितकी] नीतिमें जो सदा रत है और धर्ममें जिसका स्वाभाविक ही विश्वास है, उस राजाको प्रभुता मन, वचन और शरीरसे कभी नहीं छोड़ती (अर्थात् उसका राज्य सदा बना रहता है)॥ ५१७॥

कर के कर मन के मनहिं बचन बचन गुन जानि।
भूपहि भूलि न परिहरै बिजय बिभूति सयानि॥

भावार्थ—जिस राजाके हाथमें हाथके गुण (रक्षा करना, दान देना आदि) हों, मनमें मनके गुण (प्रजावत्सलता, उदारता आदि) हों और वचनमें वचनके गुण (मधुरता, सत्यता, हितवादिता आदि) हों उस राजाको विजय, ऐश्वर्य और बुद्धिमत्ता भूलकर भी नहीं छोड़ते॥ ५१८॥

गोली बान सुमंत्र सर समुझि उलटि मन देखु।
उत्तम मध्यम नीच प्रभु बचन बिचारि बिसेषु॥

भावार्थ—गोली, साधारण बाण और सुमन्त्रित बाण [-के गुणों]-को मनमें समझकर और फिर इनके क्रमको उलटकर देखो और विचार करो कि उत्तम, मध्यम और नीच राजाके वचन क्रमशः ऐसे ही होते हैं, (अर्थात् उत्तम राजाके वचन सुमन्त्रित बाणके समान अमोघ हैं, जो कभी व्यर्थ नहीं जाते; मध्यम राजाके वचन साधारण बाणके समान हैं, जो व्यर्थ भी जा सकते हैं और नीच राजाके वचन गोलीके समान होते हैं—उनका शब्द तो बहुत विकराल होता है, परंतु निशाना चूक गया तो काम कुछ भी नहीं होता)॥५१९॥

सत्रु सयानो सलिल ज्यों राख सीस रिपु नाव।
बूड़त लखि पग डगत लखि चपरि चहूँ दिसि धाव॥

भावार्थ—चतुर शत्रु पानीके समान शत्रुरूपी नावको सिरपर रखता है (शत्रुका ऊपरसे बड़ा सत्कार करता है,) परंतु उसको डूबते हुए देखकर या पैर डगमगाते हुए देखकर तुरंत ही चारों ओरसे उसपर धावा कर देता है॥५२०॥

रैअत राज समाज घर तन धन धरम सुबाहु।
सांत सुसचिवन सौंपि सुख बिलसइ नित नरनाहु॥

भावार्थ—प्रजा, राजसमाज, घर, अपना शरीर, धन, धर्म और सेना आदिको शान्त और सुयोग्य मन्त्रियोंके हाथोंमें सौंप कर ही राजा नित्य सुखसे रह सकता है (अर्थात् जहाँ मन्त्री शान्त और योग्य नहीं होते, वहाँ राजा सुखसे नहीं रह सकता)॥५२१॥

मुखिआ मुखु सो चाहिऐ खान पान कहुँ एक।
पालइ पोषइ सकल अँग तुलसी सहित बिबेक॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि प्रधान (राजा)-को मुखके समान होना चाहिये, जो खाने-पीनेके लिये तो एक ही है; परंतु विवेकके साथ समस्त अंगोंका पालन-पोषण करता है॥५२२॥

सेवक कर पद नयन से मुख सो साहिबु होइ।
तुलसी प्रीति कि रीति सुनि सुकबि सराहहिं सोइ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि सेवक हाथ, पैर और नेत्रोंके समान होने चाहिये और मालिक मुखके समान होना चाहिये। सेवक-स्वामीकी प्रीतिकी रीतिको सुनकर सुकवि उसकी सराहना करते हैं। (अर्थात् जैसे हाथ, पैर, आँख आदि खाद्य सामग्रियोंके संग्रहमें और विपत्ति पड़नेपर रक्षा करनेमें सहायता करते हैं, उसी प्रकार सेवककी मालिकको सहायता करनी चाहिये। और जैसे मुख सब पदार्थोंको खाता है, परंतु खाकर सब अंगोंको यथायोग्य रस पहुँचाता है और उन्हें पुष्ट करता है, उसी प्रकार मालिकको सबका पेट भरकर उन्हें शक्तिमान् बनाना चाहिये)॥ ५२३॥

सचिव बैद गुर तीनि जौं प्रिय बोलहिं भय आस।
राज धर्म तन तीनि कर होइ बेगिहीं नास॥

भावार्थ—यदि मन्त्री, वैद्य और गुरु [अप्रसन्नताके] भयसे या [स्वार्थसाधनकी] आशासे [हितकी बात न कहकर] 'हाँ' में 'हाँ' मिलाने लगते हैं तो राज्य, धर्म और शरीर—इन तीनोंका शीघ्र ही नाश हो जाता है॥ ५२४॥

रसना मन्त्री दसन जन तोष पोष निज काज।
प्रभु कर सेन पदादिका बालक राज समाज॥

भावार्थ—राजा पेट है, मन्त्री जीभ है और अन्य कर्मचारी दाँत हैं। जैसे दाँत भोजनको कुचलकर और जीभ उसका स्वाद लेकर तथा अपनी लार साथ लेकर उसे पेटमें पहुँचा देती है और पेट रस बनाकर सारे अंगोंको पुष्ट और संतुष्ट करता है, उसी प्रकार मन्त्री और अन्य राजकर्मचारी राजाके लिये सब अपना-अपना काम ठीक करते हैं और बदलेमें राजा उन सबका पोषण करता है और उन्हें संतुष्ट करता है। सेना और पदातिजन राजाके हाथ और पैर हैं। जैसे हाथ-पैर पेटकी रक्षा करते हैं और पेट हाथ-पैरको

पालता-पोषता है, उसी प्रकार सेना-पदाति राजाकी रक्षा करते हैं और राजा उनका पालन-पोषण करता है। फिर राजा माता-पिताके समान है और सारा राज-समाज राजाका बालक है। जैसे माता-पिता बालकका पालन-पोषण करते हैं, वैसे ही राजा सारे राजसमाजको पालता-पोषता है॥ ५२५॥

लकड़ी डौआ करछुली सरस काज अनुहारि।
सुप्रभु संग्रहहिं परिहरहिं सेवक सखा बिचारि॥

भावार्थ—जिस तरह कामकी सरसताके अनुसार लकड़ीके चम्मच या धातुकी करछुलका यथायोग्य संग्रह और त्याग किया जाता है (कहीं लकड़ीके चम्मचसे काम लिया जाता है तो कहीं उसका त्याग करके धातुकी करछुलीकी ही जरूरत पड़ती है) उसी प्रकार अच्छे स्वामी भी विचार करके सब प्रकारके सेवकों तथा सखाओंका यथायोग्य संग्रह और त्याग करते हैं॥ ५२६॥

प्रभु समीप छोटे बड़े रहत निबल बलवान।
तुलसी प्रगट बिलोकिऐ कर अँगुली अनुमान॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि मालिकके निकट छोटे, बड़े, निर्बल और बलवान्—सभी प्रकारके लोग रहते हैं। हाथकी अँगुलियोंसे अनुमान करके इस बातको प्रत्यक्ष देख लेना चाहिये (पाँचों अँगुलियाँ एक ही हाथमें हैं, परंतु बराबरकी नहीं हैं)॥ ५२७॥

आज्ञाकारी सेवक स्वामीसे बड़ा होता है

साहब तें सेवक बड़ो जो निज धरम सुजान।
राम बाँधि उतरे उदधि लाँघि गए हनुमान॥

भावार्थ—वह सेवक स्वामीसे बड़ा है, जो अपने धर्मपालनमें निपुण है। भगवान् श्रीरामचन्द्रजी तो पुल बाँधकर समुद्रके पार उतरे, परंतु हनुमान्जी उसी समुद्रको लाँघकर चले गये॥ ५२८॥

मूलके अनुसार बढ़नेवाला और बिना अभिमान किये सबको सुख देनेवाला पुरुष ही श्रेष्ठ है

तुलसी भल बरतरु बढ़त निज मूलहि अनुकूल।
सबहि भाँति सब कहँ सुखद दलनि फलनि बिनु फूल॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि बड़का वृक्ष उत्तम है, जो अपनी जड़ (बुनियाद)- के अनुसार ही बढ़ता है और बिना ही फूले (घमंड किये बिना ही) अपने पत्तों और फलोंद्वारा सबको सब प्रकारसे सुख देता है॥ ५२९॥

त्रिभुवनके दीप कौन हैं?

सधन सगुन सधरम सगन सबल सुसाइँ महीप।
तुलसी जे अभिमान बिनु ते तिभुवन के दीप॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि जो पुरुष धनवान्, गुणवान्, धर्मात्मा सेवकोंसे युक्त, बलवान् और सुयोग्य स्वामी तथा राजा होते हुए भी अभिमानरहित होते हैं, वे ही तीनों लोकोंके उजागर होते हैं॥ ५३०॥

कीर्ति करतूतिसे ही होती है

तुलसी निज करतूति बिनु मुकुत जात जब कोइ।
गयो अजामिल लोक हरि नाम सक्यो नहिं धोइ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि यदि कोई जीव अपने पुरुषार्थके बिना ही मुक्त हो जाता है [तो उसकी कीर्ति नहीं होती] अजामिल श्रीहरिके लोकको चला गया, परंतु वह अपनी बदनामीको नहीं धो सका (अब भी उसकी उपमा लोग पापियोंसे ही देते हैं)॥ ५३१॥

बड़ोंका आश्रय भी मनुष्यको बड़ा बना देता है

बड़ो गहे ते होत बड़ ज्यों बावन कर दंड।
श्रीप्रभु के सँग सों बढ़ो गयो अखिल ब्रह्मंड॥

भावार्थ—बड़ेके अपनानेसे भी मनुष्य बड़ा हो जाता है, जैसे वामनभगवान्‌के हाथका दण्ड उनके साथ ही बढ़कर अखिल ब्रह्माण्डतक पहुँच गया॥ ५३२॥

कपटी दानीकी दुर्गति

तुलसी दान जो देत हैं जल में हाथ उठाइ।
प्रतिग्राही जीवै नहीं दाता नरकै जाइ॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं—जो लोग हाथ उठाकर [मछलियोंको फाँसनेके लिये] जलमें दान देते हैं (चारा डालते हैं) उस दानको ग्रहण करनेवाली मछली तो जीती नहीं और वह दाता भी नरकमें जाता है॥ ५३३॥

अपने लोगोंके छोड़ देनेपर सभी वैरी हो जाते हैं

आपन छोड़ो साथ जब ता दिन हितू न कोइ।
तुलसी अंबुज अंबु बिनु तरनि तासु रिपु होइ*॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं—जिस दिन अपने ही लोग अपना साथ छोड़ देते हैं, उस दिन कोई भी हित करनेवाला नहीं रह जाता [सूर्य कमलका मित्र है, परंतु] जब जल कमलका साथ छोड़ देता है, तब वही सूर्य कमलका वैरी बनकर उसे जला डालता है॥ ५३४॥

साधनसे मनुष्य ऊपर उठता है और साधन बिना गिर जाता है

उरबी परि कलहीन होइ ऊपर कलाप्रधान।
तुलसी देखु कलाप गति साधन घन पहिचान॥

भावार्थ—मोरकी पाँख जब जमीनकी ओर नीचे पड़ी रहती है, तो वह कलाहीन हो जाती है और वही जब ऊपरकी ओर होती है तो कलाप्रधान हो जाती है (जगमगा उठती है)। तुलसीदासजी कहते हैं कि मोरकी पाँखकी गति देखो और समझो कि मेघ ही इसमें प्रधान साधन है (तात्पर्य यह कि मोर-पंखकी गतिको समझकर तुम भी प्रेमघन घनश्याम श्रीरामजीके प्रेमको पहचानकर नाच उठो)॥ ५३५॥

---

* श्रीरामचरितमानसमें भी इसी भावकी एक अर्धाली मिलती है—
भानु कमल कुल पोषनिहारा। बिनु जल जारि करइ तेहि छारा॥

सज्जनको दुष्टोंका संग भी मंगलदायक होता है

तुलसी संगति पोच की सुजनहि होति म-दानि।
ज्यों हरि रूप सुताहि तें कीनि गोहारी आनि॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि सज्जनके लिये नीचकी संगति भी मंगलदायिनी होती है। जैसे विष्णुरूप बने हुए बढ़ईसे विवाह करनेवाली राजकन्याकी पुकार सुनकर साक्षात् भगवान् विष्णुने आकर सहायता की।

[एक राजकन्याने भगवान् विष्णुके साथ विवाह करनेकी प्रतिज्ञा की थी। एक चालाक बढ़ईने काठके दो हाथ जोड़कर विष्णुका रूप बनाया और उस राजकन्यासे विवाह कर लिया। एक बार राजकन्याके पितापर कुछ विपत्ति आयी, तब पिताके कहनेसे कन्याने भगवान् विष्णुसे प्रार्थना की और कहा कि मैं तो आपको ही वरना चाहती थी, बढ़ईने तो धोखेसे मुझको विवाह लिया; अतएव इस समय आप ही मेरे पिताकी रक्षा कीजिये। भगवान् विष्णुने कन्याकी सरल और सत्य प्रार्थनाको स्वीकार करके उसके पिताको विपत्तिसे मुक्त किया।] ॥ ५३६ ॥

कलियुगमें कुटिलताकी वृद्धि

कलि कुचालि सुभ मति हरनि सरलै दंडै चक्र।
तुलसी यह निहचय भई बाढ़ि लेति नव बक्र॥

भावार्थ—कलियुगकी कुचाल शुभ बुद्धिको हरनेवाली है, इसीलिये राजचक्र भी सरलस्वभावके साधुओंको ही दण्ड देता है। तुलसीदासजी कहते हैं कि यह निश्चय हो गया कि कलियुगमें कुटिलता नित नयी-नयी बढ़ रही है॥ ५३७॥

आपसमें मेल रखना उत्तम है

गो खग खे खग बारि खग तीनों माहिं बिसेक।
तुलसी पीवैं फिरि चलैं रहैं फिरैं सँग एक॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि पृथ्वी, आकाश और जलमें रहनेवाले तीनों प्रकारके पक्षियोंमें यह विशेषता है कि वे सब अपने-

अपने दल बनाकर एक ही साथ पानी पीते हैं, चलते-फिरते हैं और रहते हैं (मनुष्योंको इनसे शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये)॥ ५३८॥

सब समय समतामें स्थित रहनेवाले पुरुष ही श्रेष्ठ हैं

साधन समय सुसिद्धि लहि उभय मूल अनुकूल।
तुलसी तीनिउ समय सम ते महि मंगल मूल॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि वे ही लोग इस पृथ्वीपर मंगल-मूल होते हैं, जो [मनोरथ-सिद्धिके] अनुकूल साधन और अनुकूल समय तथा इन दोनोंके मूल उद्देश्यरूप सुन्दर सिद्धिको प्राप्त करके तीनों कालमें एकरस—समतायुक्त रहते हैं॥ ५३९॥

जीवन किनका सफल है?

मातु पिता गुरु स्वामि सिख सिर धरि करहिं सुभायँ।
लहेउ लाभु तिन्ह जनम कर नतरु जनमु जग जायँ॥

भावार्थ—जो लोग माता, पिता, गुरु और स्वामीकी शिक्षाको स्वभावसे ही सिर चढ़ाकर उसका पालन करते हैं, उन्हींने जन्म लेनेका लाभ पाया है, नहीं तो जगत्‌में जन्म लेना व्यर्थ ही है॥ ५४०॥

पिताकी आज्ञाका पालन सुखका मूल है

अनुचित उचित बिचारु तजि जे पालहिं पितु बैन।
ते भाजन सुख सुजस के बसहिं अमरपति ऐन॥

भावार्थ—जो पुरुष अनुचित-उचितका विचार छोड़कर (श्रद्धापूर्वक) पिताके वचनोंका पालन करते हैं, वे [यहाँ] सुख और सुकीर्तिके पात्र होकर [शरीर छोड़नेके पश्चात्] इन्द्रपुरीमें निवास करते हैं॥ ५४१॥

स्त्रीके लिये पतिसेवा ही कल्याणदायिनी है

सोरठा

सहज अपावनि नारि पति सेवत सुभ गति लहइ।
जसु गावत श्रुति चारि अजहुँ तुलसिका हरिहि प्रिय॥

भावार्थ—स्त्री जन्मसे ही अपवित्र है, किंतु पतिसेवा करनेसे वह [अनायास ही] शुभ गतिको प्राप्त होती है। पतिव्रता स्त्री वृन्दाका यश

चारों वेद गाते हैं और आज भी वह तुलसीके रूपमें श्रीहरिकी प्रिया बनी हुई है॥ ५४२॥

शरणागतका त्याग पापका मूल है

दोहा

सरनागत कहुँ जे तजहिं निज अनहित अनुमानि।
ते नर पावँर पापमय तिन्हहि बिलोकत हानि॥

भावार्थ—जो शरणागतकी रक्षा करनेमें अपना अहित सोचकर उसका त्याग कर देते हैं, वे मनुष्य पामर (क्षुद्र) और पापमय हैं और उनका मुख देखनेसे भी हानि होती है॥ ५४३॥

तुलसी तृन जलकूल को निरबल निपट निकाज।
कै राखै कै सँग चलै बाँह गहे की लाज॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि नदीतटका तृण अत्यन्त ही निर्बल और निकम्मा होता है, परंतु [कोई डूबनेवाला आदमी उसे पकड़ लेता है तो] वह भी अपनी बाँह पकड़नेकी लाजके कारण या तो उस शरणागतको बचा लेता है; अथवा [उसके बचानेकी चेष्टामें] स्वयं ही उखड़कर उसके साथ बह जाता है॥ ५४४॥

कलियुगका वर्णन

रामायन अनुहरत सिख जग भयो भारत रीति।
तुलसी सठ की को सुनै कलि कुचालि पर प्रीति॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि कलिकालमें लोगोंकी प्रीति कुचालपर ही रहती है; मुझ-जैसे मूर्खकी कौन सुनता है। लोगोंको सीख तो यही दी जाती है कि रामायणके अनुसार चलो (अर्थात् स्वार्थत्यागपूर्वक भाई-भाईमें प्रेम रखो), परंतु संसारमें लोग अनुकरण करते हैं महाभारतका (अर्थात् स्वार्थवश परस्पर कलहमें ही लगे रहते हैं)॥ ५४५॥

पात पात कै सींचिबो बरी बरी कै लोन।
तुलसी खोटें चतुरपन कलि डहके कहु को न॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि कलियुगमें लोग पेड़के

एक-एक पत्तेको अलग-अलग सींचना और एक-एक बरीमें अलग-अलग नमक मिलाना चाहते हैं (जिससे न तो पेड़की जड़में जल पहुँचता है और न सब बरियोंमें समान नमक पड़ता है) ऐसी हालतमें कहिये अपनी इस खोटी चतुराईसे कलियुगमें कौन नहीं ठगे गये (अपनी ही करनीसे आप ही दुःख पाते हैं)॥ ५४६॥

प्रीति सगाई सकल बिधि बनिज उपायँ अनेक।
कल बल छल कलि मल मलिन डहकत एकहि एक॥

भावार्थ—कलियुगके पापोंसे मलिन-मन हुए लोग प्रीति करके नाता जोड़कर वाणिज्य आदि अनेक उपायोंसे सब प्रकार कल-बल-छल करके परस्पर एक-दूसरेको ठगा करते हैं॥ ५४७॥

दंभ सहित कलि धरम सब छल समेत ब्यवहार।
स्वारथ सहित सनेह सब रुचि अनुहरत अचार॥

भावार्थ—कलिके धर्म सब दम्भयुक्त हैं, व्यवहार कपटयुक्त हैं, प्रेम स्वार्थयुक्त हैं और आचरण मनमाना है (अर्थात् सच्चा धर्म, निष्कपट व्यवहार, निःस्वार्थ प्रेम और शास्त्रोक्त आचरण नहीं है)॥ ५४८॥

चोर चतुर बटमार नट प्रभु प्रिय भँडुआ भंड।
सब भच्छक परमारथी कलि सुपंथ पाषंड॥

भावार्थ—कलियुगमें चोर ही चतुर माने जाते हैं (अर्थात् जो सफाईसे दूसरोंका स्वत्व हरण कर लेते हैं, उन्हींको लोग चतुर कहते हैं), लुटेरे ही खिलाड़ी (कलावन्त) गिने जाते हैं (जो मार-पीटकर धन छीन लेते हैं, उनको खिलाड़ी कहा जाता है); भाँड़ और भड़ुए ही राजाओं या मालिकोंको प्रिय होते हैं (जो खुशामद करके या तरह-तरहकी भाव-भंगियोंसे मूर्ख मालिकोंको रिझाते रहते हैं, वे ही उन्हें प्रिय होते हैं; सत्यवादी-सदाचारी नहीं); खान-पानका विचार त्यागकर सब कुछ खानेवाले ही महात्मा माने जाते हैं और पाखण्ड ही सन्मार्ग समझा जाता है अर्थात् सभी विपरीत हो रहा है॥ ५४९॥

असुभ बेष भूषन धरें भच्छाभच्छ जे खाहिं।
तेइ जोगी तेइ सिद्ध नर पूज्य ते कलिजुग माहिं॥

भावार्थ—जो लोग अशुभ वेष बनाये रहते हैं—अशुभ अलंकार धारण करते हैं तथा खानेयोग्य और न खानेयोग्य सब कुछ खा जाते हैं—इस कलियुगमें वे ही मनुष्य योगी हैं, वे ही सिद्ध हैं और वे ही पूज्य हैं॥ ५५०॥

सोरठा

जे अपकारी चार तिन्ह कर गौरव मान्य तेइ।
मन क्रम बचन लबार ते बकता कलिकाल महुँ॥

भावार्थ—जो अपने आचरणसे दूसरोंका बुरा करनेवाले हैं, कलियुगमें उन्हींका गौरव है और वे ही मानके योग्य हैं एवं जो मन, वचन तथा कर्मसे झूठे होते हैं, वे ही वक्ता माने जाते हैं॥ ५५१॥

दोहा

ब्रह्मग्यान बिनु नारि नर कहहिं न दूसरि बात।
कौड़ी लागि लोभ बस करहिं बिप्र गुर घात॥

भावार्थ—इस कलियुगमें स्त्री-पुरुष ब्रह्मज्ञानको छोड़कर दूसरी चर्चा ही नहीं करते, किंतु वे ही [मिथ्या ब्रह्मज्ञानी] लोभवश एक कौड़ीके लिये ब्राह्मण और गुरुजनोंका घात कर डालते हैं [और कहते हैं कि कौन मरता है, कौन मारता है]॥ ५५२॥

बादहिं सूद्र द्विजन्ह सन हम तुम्ह ते कछु घाटि।
जानइ ब्रह्म सो बिप्रबर आँखि देखावहिं डाटि॥

भावार्थ—कलियुगमें शूद्रलोग ब्राह्मणोंसे वाद-विवाद करते हैं और आँख दिखाकर डाँटते हुए कहते हैं कि 'क्या हम तुमसे कुछ कम हैं? जो ब्रह्मको जानता है वही श्रेष्ठ ब्राह्मण है'॥ ५५३॥

साखी सबदी दोहरा कहि कहनी उपखान।
भगति निरूपहिं भगत कलि निंदहिं बेद पुरान॥

भावार्थ—कलियुगमें (कलियुगी) भक्तलोग मनमानी साखी,

गोंड़ गवाँर नृपाल महि जमन महा महिपाल।
साम न दान न भेद कलि केवल दंड कराल॥

भावार्थ—कलियुगमें गोंड़ (जंगली लोग) और गँवार तो पृथ्वीके राजा हो रहे हैं और यवन-म्लेच्छादि बादशाह। इनकी राजनीतिमें साम, दान, भेदका प्रयोग न होकर केवल कठोर दण्डका ही प्रयोग होता है॥ ५५९॥

फोरहिं सिल लोढ़ा सदन लागें अढ़ुक पहार।
कायर कूर कुपूत कलि घर घर सहस डहार॥

भावार्थ—जैसे पहाड़की ठोकर लगनेपर [उसपर कुछ भी वश न चलनेसे] मूर्ख लोग [पहाड़के बदले] घरके सिल-लोढ़ेको फोड़ डालते हैं। इस प्रकार अपने ही घरवालोंको तंग करनेवाले कायर, क्रूर और कुपूत कलियुगमें सहस्रोंकी संख्यामें घर-घर होंगे॥ ५६०॥

प्रगट चारि पद धर्म के कलि महुँ एक प्रधान।
जेन केन बिधि दीन्हें दान करइ कल्यान॥

भावार्थ—सत्य, अहिंसा, शौच और दान—धर्मके ये चार चरण प्रसिद्ध हैं, जिनमेंसे कलियुगमें एक (दान) ही प्रधान रह गया है, जिस-किसी भी प्रकारसे दिये जानेपर दान कल्याण ही करता है॥ ५६१॥

कलिजुग सम जुग आन नहिं जौं नर कर बिस्वास।
गाइ राम गुन गन बिमल भव तर बिनहिं प्रयास॥

भावार्थ—यदि मनुष्य विश्वास करे तो कलियुगके समान और कोई भी युग नहीं है; क्योंकि इसमें केवल श्रीरामचन्द्रजीके निर्मल गुणसमूहोंका गान करके ही मनुष्य बिना ही किसी परिश्रमके भवसागरसे तर जाता है॥ ५६२॥

और चाहे जो भी घट जाय, भगवान्‌में प्रेम नहीं घटना चाहिये

श्रवन घटहुँ पुनि दृग घटहुँ घटउ सकल बल देह।
इते घटें घटिहै कहा जौं न घटै हरिनेह॥

भावार्थ—कानोंसे चाहे कम सुनायी पड़े, आँखोंकी रोशनी भी

चाहे घट जाय, सारे शरीरका बल भी चाहे क्षीण हो जाय; किंतु यदि श्रीहरिमें प्रेम नहीं घटे तो इनके घटनेसे हमारा क्या घट जायगा? ॥ ५६३ ॥

कुसमयका प्रभाव

तुलसी पावस के समय धरी कोकिलन मौन।
अब तो दादुर बोलिहैं हमें पूछिहै कौन॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि वरसातकी मौसममें कोयल यह समझकर मौन हो जाती है कि अव तो मेढक टर्रायेंगे, हमें कौन पूछेगा? (वुरा समय आनेपर दुर्जनोंकी ही चलती है, इस समय सज्जन चुप हो रहते हैं) ॥ ५६४ ॥

श्रीरामजीके गुणोंकी महिमा

कुपथ कुतरक कुचालि कलि कपट दंभ पाषंड।
दहन राम गुन ग्राम जिमि ईंधन अनल प्रचंड॥

भावार्थ—कलियुगके कुमार्ग, कुतर्क, कुचाल, कपट, दम्भ और पाखण्डको जलानेके लिये श्रीरामचन्द्रजीके गुणसमुदाय वैसे ही हैं, जैसे ईंधनको जलानेके लिये प्रचण्ड अग्नि ॥ ५६५ ॥

कलियुगमें दो ही आधार हैं

सोरठा

कलि पाषंड प्रचार प्रबल पाप पावँर पतित।
तुलसी उभय अधार राम नाम सुरसरि सलिल॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि कलियुगमें केवल पाखण्डका प्रचार है; संसारमें पाप वहुत प्रवल हो गया है, सब ओर पामर और पतित ही नजर आते हैं। ऐसी स्थितिमें दो ही आधार हैं—एक श्रीरामनाम और दूसरा देवनदी श्रीगंगाजीका पवित्र जल ॥ ५६६ ॥

भगवत्प्रेम ही सब मंगलोंकी खान है

दोहा

रामचंद्र मुख चंद्रमा चित चकोर जब होइ।
राम राज सब काज सुभ समय सुहावन सोइ॥

भावार्थ—जिस समय भगवान् श्रीरामचन्द्रजीके मुखचन्द्रको

का भाषा का संसकृत प्रेम चाहिए साँच।
काम जु आवै कामरी का लै करिअ कुमाच॥

भावार्थ—क्या भाषा, क्या संस्कृत, [श्रीभगवान्के गुण गानेके लिये तो] सच्चा प्रेम चाहिये। जहाँ कम्बलसे ही काम चल जाता हो, वहाँ बढ़िया दुशाला लेकर क्या करना है?॥ ५७२॥

रामकी दीनबन्धुता

मनि मानिक महँगे किए सहँगे तृन जल नाज।
तुलसी एते जानिऐ राम गरीब नेवाज॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि बस, इतना जान रखना चाहिये कि श्रीरामचन्द्रजी गरीबनिवाज—दीनबन्धु हैं। इसीसे उन्होंने मणि-माणिक्य आदि (जिनके बिना आनन्दसे हमारा काम चल सकता है) महँगे किये हैं और तृण, जल तथा अन्न (जिनके बिना पशु-पक्षी और मनुष्यादि प्राणियोंका काम ही नहीं चल सकता) आदि वस्तुओंको सस्ता कर दिया है॥ ५७३॥

❑ ❑

॥ श्रीहरि: ॥

परम श्रद्धेय श्रीहनुमानप्रसादजी पोद्दार (भाईजी)-के अनमोल प्रकाशन

कोड	पुस्तक
820	भगवच्चर्चा (ग्रन्थाकार)
050	पदरत्नाकर
049	श्रीराधा-माधव-चिन्तन
058	अमृत-कण
332	ईश्वरकी सत्ता और महत्ता
333	सुख-शान्तिका मार्ग
343	मधुर
056	मानव-जीवनका लक्ष्य
331	सुखी बननेके उपाय
334	व्यवहार और परमार्थ
514	दु:खमें भगवत्कृपा
386	सत्संग-सुधा
342	संतवाणी—ढाई हजार अनमोल बोल
347	तुलसीदल
339	सत्संगके बिखरे मोती
349	भगवत्प्राप्ति एवं हिन्दू-संस्कृति
350	साधकोंका सहारा
351	भगवच्चर्चा
352	पूर्ण समर्पण
353	लोक-परलोक-सुधार
354	आनन्दका स्वरूप

कोड	पुस्तक
355	महत्त्वपूर्ण प्रश्नोत्तर
356	शान्ति कैसे मिले ?
357	दु:ख क्यों होते हैं ?
348	नैवेद्य
337	दाम्पत्य-जीवनका आदर्श
336	नारीशिक्षा
340	श्रीरामचिन्तन
338	श्रीभगवन्नाम-चिन्तन
345	भवरोगकी रामबाण दवा
346	सुखी बनो
341	प्रेमदर्शन
358	कल्याण-कुंज
359	भगवान्‌की पूजाके पुष्प
360	भगवान् सदा तुम्हारे साथ हैं
361	मानव-कल्याणके साधन
362	दिव्य सुखकी सरिता
363	सफलताके शिखरकी सीढ़ियाँ
364	परमार्थकी मन्दाकिनी
366	मानव-धर्म
526	महाभाव-कल्लोलिनी
367	दैनिक कल्याण-सूत्र
369	गोपीप्रेम

कोड	पुस्तक	कोड	पुस्तक
369	प्रार्थना—प्रार्थना-पीयूष	381	दीन-दुःखियोंके प्रति कर्तव्य
370	श्रीभगवन्नाम	379	गोवध भारतका कलंक एवं गायका माहात्म्य
373	कल्याणकारी आचरण	382	सिनेमा मनोरंजन या विनाशका साधन
374	साधन-पथ—सचित्र	344	उपनिषदोंके चौदह रत्न
375	वर्तमान शिक्षा	371	राधा-माधव-रससुधा-(षोडशगीत) सटीक
376	स्त्री-धर्म-प्रश्नोत्तरी	384	विवाहमें दहेज—
377	मनको वश करनेके कुछ उपाय	809	दिव्य संदेश...........
378	आनन्दकी लहरें		
380	ब्रह्मचर्य		

गीताप्रेस, गोरखपुरसे प्रकाशित कुछ साधन-भजनकी पुस्तकें

कोड	पुस्तक	कोड	पुस्तक
052	स्तोत्ररत्नावली—सानुवाद	1214	मानस-स्तुति-संग्रह
819	श्रीविष्णुसहस्रनाम—शांकरभाष्य	1344	सचित्र-आरती-संग्रह
207	रामस्तवराज—(सटीक)	1591	आरती-संग्रह—मोटा टाइप
211	आदित्यहृदयस्तोत्रम्	208	सीतारामभजन
224	श्रीगोविन्ददामोदरस्तोत्र	221	हरेरामभजन—दो माला (गुटका)
231	रामरक्षास्तोत्रम्	576	विनय-पत्रिकाके पैंतीस पद
1594	सहस्रनामस्तोत्रसंग्रह	225	गजेन्द्रमोक्ष
715	महामन्त्रराजस्तोत्रम्	1505	भीष्मस्तवराज
054	भजन-संग्रह	699	गंगालहरी
140	श्रीरामकृष्णलीला-भजनावली	1094	हनुमानचालीसा—भावार्थसहित
142	चेतावनी-पद-संग्रह	228	शिवचालीसा
144	भजनामृत—६७ भजनोंका संग्रह	232	श्रीरामगीता
1355	सचित्र-स्तुति-संग्रह	851	दुर्गाचालीसा
		236	साधकदैनन्दिनी

निरखनेके लिये चित्त चकोर बन जाता है, वही समय रामराज्यकी भाँति सुहावना होता है और तभी सब काम शुभ होते हैं॥ ५६७॥

बीज राम गुन गन नयन जल अंकुर पुलकालि।
सुकृती सुतन सुखेत बर बिलसत तुलसी सालि॥

भावार्थ—जब परम पुण्यात्मा पुरुषके [पापरहित] निर्मल तनुरूपी सुन्दर और श्रेष्ठ खेतमें श्रीरामचन्द्रजीके गुणसमूहरूपी बीज बोये जायँ और प्रेमाश्रुओंके [पवित्र] जलसे उन्हें सींचा जाय, तुलसीदासजी कहते हैं कि तब उनमेंसे (आनन्दातिरेकके कारण) पुलकावलिरूपी [शुभ] अंकुर उत्पन्न होते हैं और तभी उसमें [भगवत्प्रेमरूपी] धानकी खेती लहराती है॥ ५६८॥

तुलसी सहित सनेह नित सुमिरहु सीता राम।
सगुन सुमंगल सुभ सदा आदि मध्य परिनाम॥

भावार्थ—तुलसीदासजी कहते हैं कि नित्य-निरन्तर भगवान् श्रीसीतारामजीके सुन्दर सगुण स्वरूपका प्रेमसहित स्मरण-ध्यान करते रहो; इससे आदि, मध्य और अन्तमें सदा ही अच्छे शकुन, परम मंगल और कल्याण होगा॥ ५६९॥

पुरुषारथ स्वारथ सकल परमारथ परिनाम।
सुलभ सिद्धि सब साहिबी सुमिरत सीता राम॥

भावार्थ—श्रीसीतारामजीका स्मरण करते ही मनुष्यके लिये सभी सिद्धियाँ और सबपर स्वामित्व सुलभ हो जाते हैं तथा सभी तरहके स्वार्थ (लौकिक कार्य), पुरुषार्थ (आध्यात्मिक कार्य) सफल होते हैं और अन्तमें परमार्थ (श्रीभगवान्)-की प्राप्ति होती है॥ ५७०॥

दोहावलीके दोहोंकी महिमा

मनिमय दोहा दीप जहँ उर घर प्रगट प्रकास।
तहँ न मोह तम भय तमी कलि कज्जली बिलास॥

भावार्थ—जिसके हृदयरूपी घरमें इन दोहोंरूपी मणिमय दीपकका प्रकाश प्रकट होगा, वहाँ मोहरूपी अन्धकार, भयरूपी रात्रि और कलिकालरूपी कालिमाका विलास नहीं हो सकता॥ ५७१॥

सबद, दोहा, कहानी और उपाख्यान कह-कहकर भक्तिका निरूपण करते हैं और प्रामाणिक वेद-पुराणोंकी निन्दा करते हैं॥ ५५४॥

श्रुति संमत हरिभगति पथ संजुत बिरति बिबेक।
तेहि परिहरहिं बिमोह बस कल्पहिं पंथ अनेक॥

भावार्थ—वैराग्य और ज्ञानसे युक्त वेदोक्त हरिभक्तिके मार्गको तो लोग विशेषरूपसे मोहके वशमें होकर छोड़ देते हैं और नये-नये (ज्ञान-वैराग्यहीन) मनमाने मार्गोंकी कल्पना करते हैं॥ ५५५॥

सकल धरम बिपरीत कलि कल्पित कोटि कुपंथ।
पुन्य पराय पहार बन दुरे पुरान सुग्रन्थ॥

भावार्थ—कलियुगमें सभी कुछ धर्मके प्रतिकूल हो गया, नये-नये करोड़ों कुमार्ग कल्पित हो गये (वास्तवमें वे मार्ग नहीं हैं, मनमानी कल्पनामात्र हैं) इससे पुण्य तो पहाड़ोंमें भाग गया और पुराणादि सद्ग्रन्थ वनोंमें जाकर छिप गये (अर्थात् वनोंमें और पर्वतोंकी गुहाओंमें एकान्तवास करनेवाले कुछ महात्माओंमें ही पुण्य और सद्ग्रन्थोंका पठन-पाठन रह गया है)॥ ५५६॥

धातुबाद निरुपाधि बर सदगुरु लाभ सुमीत।
देव दरस कलिकाल में पोथिन दुरे सभीत॥

भावार्थ—कलियुगमें रसायनविद्या, उपाधिरहित (अबाधित) वरदान, सद्गुरुकी प्राप्ति, सच्चे मित्र और देवताके प्रत्यक्ष दर्शन—ये पाँचों बातें डरके मारे पुस्तकोंमें छिप गयी हैं (अर्थात् पुस्तकोंमें ही इनके वर्णन मिलते हैं, प्रत्यक्षमें ये दिखलायी नहीं देते)॥ ५५७॥

सुर सदननि तीरथ पुरिन निपट कुचालि कुसाज।
मनहुँ मवा से मारि कलि राजत सहित समाज॥

भावार्थ—देवालय (मन्दिर), तीर्थ और पवित्र पुरियोंमें सर्वत्र ही अत्यन्त भ्रष्टाचार और भ्रष्ट वातावरण फैल गया है। मानो उन स्थानोंमें कलियुग अपने सारे समाजके (काम, क्रोध, दम्भ, लोभ, कपट, दुराग्रह, असत्य, हिंसा, स्तेय, व्यभिचार आदि दोषों एवं दुर्गुणोंके) साथ किलेबंदी करके विराजमान रहता है॥ ५५८॥